राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 297 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# वायनाड की जनता के नाम प्रियंका का पत्र

● भूस्खलन त्रासदी का भी किया जिक्र, प्रियंका गांधी वायनाड से चुनावी राजनीति में एंट्री करने जा रही

**भावुक पत्र**

▶▶ पत्र में उन्होंने लोगों के साहस की प्रशंसा करते हुए उनके साथ बिताए हुए पलों का अनुभव साझा किया है



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वायनाड लोकसभा उपचुनाव से चुनावी राजनीति में कदम रखने के लिए तैयार हैं। कांग्रेस ने उन्हें यहां से अपना उम्मीदवार बनाया है। हाल ही में उन्होंने अपना नामांकन भी दाखिल कर दिया है। अब चुनाव से पहले उन्होंने वायनाड की जनता के नाम भावुक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने लोगों के साहस की प्रशंसा करते हुए उनके साथ बिताए हुए पलों का अनुभव साझा किया है।

अपने पत्र की शुरूआत में प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी के साथ चूरामाला और मुंडक्कई की यात्रा का जिक्र किया, जहां उन्होंने भूस्खलन से हुई भारी तबाही के बाद के हालात देखे थे। वायनाड के लोगों द्वारा दिखाए गए साहस की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा, 'कुछ महीने पहले, मैं अपने भाई के साथ चूरामाला और मुंडक्कई गई थी। मैंने भूस्खलन से हुई तबाही और आपको हुए नुकसान की गहराई देखी।'

**हिम्मत और धैर्य ने मुझे प्रभावित किया: प्रियंका**
उन्होंने कहा, 'मैं उन बच्चों से मिली, जिन्होंने अपने सभी प्रियजनों को खो दिया था। माताएं जो अपने बच्चों के लिए शोक मना रही थीं और ऐसे परिवार जिनका पूरा जीवन प्रकृति के प्रकोप में बह गया था। फिर भी, आप पर आई त्रासदी के अंधेरे के बीच, एक समुदाय के रूप में आपकी असीम हिम्मत और धैर्य ने मुझे प्रभावित किया।' वायनाड के लोगों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा, 'एक भारी त्रासदी की असहायता में भी, आप सहयोग कर रहे थे। एक-दूसरे को सांत्वना दे रहे थे और मानवता के उच्चतम मानकों तक बढ़ रहे थे।

## प्रियंका के चुनावी हलफनामे पर भाजपा ने लगाए आरोप



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी ने वायनाड लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रियंका गांधी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। शनिवार को भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रियंका गांधी के हलफनामे को भ्रष्टाचार का नमूना बताया। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी ने लोगों से अपनी संपत्ति का विवरण छुपाया है। गौरव भाटिया ने कहा कि संविधान और कानून सभी पर समान रूप से लागू होता है। प्रियंका और राहुल गांधी ने जनता के साथ फरेब किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति हलफनामा में अपनी संपत्ति और क्राइम रिकॉर्ड की जानकारी देगें। यह जानना जनता का अधिकार है। इसके बावजूद हलफनामे में नेशनल हेराल्ड केस की जानकारी नहीं दी गई है। राहुल गांधी ने 2 लाख 462 शेयर एक ट्रस्ट के माध्यम से रखे हैं। यह यंग इंडिया का शेयर है। प्रियंका गांधी भी इसका शेयर रखती हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा के पति ने तीन कम्पनी में पार्टनर होने की बात कही है जबकि वे पांच कंपनियों में पार्टनर हैं।

# कमजोर आबादी के आर्थिक उद्धार पर हुआ चिंतन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: केंद्रीय** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने आज विश्व बैंक के सहयोग से दिल्ली में 'कमजोर आबादी के लिए आर्थिक समावेशन' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया। यह सेमिनार परामर्शों की चल रही श्रृंखला का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सफल अंतर्राष्ट्रीय प्रथाओं से प्राप्त अंतर्दृष्टि को एकीकृत करके भारत की सामाजिक सुरक्षा वितरण प्रणालियों को उपयुक्त बनाना है।

**सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभाव को बढ़ाने पर जोर**
गैर-उधार तकनीकी सहायता ढांचे के तहत, विश्व बैंक के साथ मिलकर मंत्रालय समाज के कमजोर वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित अभ्यास को बढ़ावा देना चाहता है। इसका प्राथमिक उद्देश्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभाव को बढ़ाना है, यह सुनिश्चित करना है कि सबसे अधिक हाशिए पर रहने वाले समुदायों को समय पर और मजबूत सहायता मिले।

## कमियों को दूर करने पर जोर

**ग्रामीण** विकास मंत्रालय के सचिव शैलेश कुमार सिंह और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने अपने भाषण में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आर्थिक कमजोरियों को दूर करने के लिए एक समावेशी सामाजिक सुरक्षा ढांचे के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। आर्थिक सलाहकार (डीओएसजेई) अजय श्रीवास्तव ने इस क्षेत्र में विभाग के कुछ कामों का अवलोकन प्रस्तुत किया।

**लोगों की भलाई के लिए कर रहे काम: अमित यादव**
कार्यक्रम की शुरूआत डीओएसजेई के सचिव अमित यादव के भाषण से हुई। अपने संबोधन में यादव ने कहा कि हमारा विभाग अपनी विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से अपने कर्तव्यों को पूरा करता है।

## जगन रेड्डी और बहन के बीच संपत्ति विवाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**अमरावती:** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी और उनकी बहन वाईएस शर्मिला के बीच संपत्ति विवाद गहराता जा रहा है। रिपोर्ट के जवाब में शर्मिला ने वाईएसआर के प्रशंसकों को एक खुला पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि जगन मोहन रेड्डी पारिवारिक संपत्ति के इकलौते उत्तराधिकारी नहीं है। पिता वाईएस राजशेखर रेड्डी (वाईएसआर) के सामने और उनके निधन के बाद कोई संपत्ति का हस्तातंरण नहीं किया गया है।

**पिता की इच्छा- पोते-पोतियों में बंटे संपत्ति**
शर्मिला ने कहा, "मेरे पास अभी भी एक भी ऐसी संपत्ति नहीं है। जगन मोहन रेड्डी पारिवारिक संपत्तियों के अकेले उत्तराधिकारी नहीं हैं। पिता की इच्छा थी कि सभी पारिवारिक व्यवसाय को चार पोते-पोतियों में समान रूप से बांटा जाए। वे (वाईएसआर) केवल जगन मोहन रेड्डी के नहीं थे। जगन मोहन रेड्डी केवल अभिभावक हैं। इन संपत्तियों को चार पोते-पोतियों के बीच समान रूप से बांटने की उनकी जिम्मेदारी है।

## वक्फ बोर्ड ने किसान की पुश्तैनी जमीन पर किया दावा




**टीम एक्शन इंडिया**
**बेंगलुरुः उत्तरी** कर्नाटक के विजयपुर जिले में स्थित गांव होनवाड़ा में किसानों की पुश्तैनी जमीन पर वक्फ की संपत्ति होने के दावे पर विवाद गहरा गया है। बेंगलुरु दक्षिण से सांसद तेजस्वी सूर्या ने दावा किया कि कर्नाटक वक्फ बोर्ड ने 1,500 एकड़ जमीन पर दावा जताया है। उन्होंने कहा कि टिकोटा तालुक में आने वाले इस गांव के किसानों को नोटिस भी जारी किए गए हैं। जिसमें बिना कोई स्पष्टीकरण दिए जमीनों को वक्फ की संपत्ति घोषित कर दिया गया है। सूर्या ने आरोप लगाया कि कर्नाटक के वक्फ मंत्री बीजेड जमीर अहमद खान ने उप आयुक्त और राजस्व विभाग के अधिकारियों को आदेश दिया है कि 15 दिनों में जमीनें वक्फ बोर्ड के पक्ष में पंजीकृत की जाएं। भारत संविधान और कानून के हिसाब से चलेगा न कि शरिया या जमीर अहमद खान जैसे मंत्रियों के निर्देशों से। सूर्या ने इसे लेकर कांग्रेस पर भी निशाना साधा।

### सांसद सूर्या ने लगाए गंभीर आरोप

**सांसद** सूर्या ने यह भी आरोप लगाया कि मोदी सरकार के वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 के जरिये होने वाले सुधार में अड़ंगा लगाने की कोशिश की जा रही है। इस पूरी प्रक्रिया में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों की भी अवहेलना हो रही है। जिसमें किसान किनारे हो जाएंगे और राजस्व लेखों में उनकी जमीन वक्फ बोर्ड के नाम पर दर्ज हो जाएगी।

## करुणा की भावना ने मुझे जज बनाए रखाः सीजेआई चंद्रचूड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: प्रधान** न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को कहा कि समाज के प्रति उनकी करुणा की भावना ने ही एक न्यायाधीश के रूप में उन्हें निरंतरता प्रदान की है, खासकर मामलों की पड़ताल जैसे महत्वपूर्ण अवसरों पर। पड़ताल का तत्व हमारे काम में शामिल है। इससे कोई भी चीज छूटती नहीं है।

पड़ताल का यह तत्व हमारे न्यायालय के काम को निर्देशित करता है। लेकिन न्यायाधीश के रूप में हमें बनाए रखने वाली चीज उस समाज के प्रति हमारी करुणा की भावना है, जिसके लिए हम न्याय करते हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

**गरीब लड़के की कहानी सुनाई**
उन्हें बांबे हाई कोर्ट में वकीलों के संघ द्वारा सम्मानित किया गया। सीजेआइ ने एक ऐसे मामले का उल्लेख किया, जिसमें उस दलित छात्र को राहत दी गई थी, जो समय पर आइआइटी धनबाद में प्रवेश शुल्क का भुगतान नहीं कर सका था। उन्होंने कहा, लड़का वंचित पृष्ठभूमि से आता था। वह 17,500 रुपये की प्रवेश फीस भी नहीं दे सका था।

## 'भारत-जर्मनी मिलकर दुनिया को सुरक्षित करना चाहते हैं'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जर्मन नौसेना के अधिकारी ने शनिवार को भारत-जर्मनी के संबंधों को लेकर अपने विचार साझा किए। यूरोपीय राष्ट्र की नौसेना के रियर एडमिरल हेल्गे रिश ने कहा कि भारत और जर्मनी लोकतांत्रिक देश होने के साथ ही अच्छे साझेदार हैं। दोनों देश मिलकर दुनिया को सुरक्षित करना चाहते हैं। हेल्गे रिश की जर्मनी फ्रिगेट की टास्क फोर्स ग्रुप के कमांडर हैं। जर्मनी फ्रिगेट की सात मई को दक्षिणी गोवा के मोरमुगाओ बंदरगाह पर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में तैनाती की गई।

**दोनों देश वैश्विक रूप से प्रतिबद्धः** कमांडर रिश ने कहा कि दोनों देश लोकतांत्रिक हैं। साथ ही हम कई सारे मूल्यों और रुचियों को साझा करते हैं। हम दोनों देश क्षेत्रीय रूप से जुड़े हैं, लेकिन वैश्विक रूप से भी प्रतिबद्ध हैं। भारत और जर्मनी के बीच करीबी सहयोग की प्रेरणा है। संयुक्त नौसेना अभ्यास को लेकर उन्होंने कहा कि यह दोनों देशों और उनकी नौसेना के बीच दोस्ती और साझेदारी मजूबत करने का प्रयास है। आने वाले समय में हम और भी अभ्यास करेंगे, मगर अभी इस बारे में कुछ भी कहना ठीक नहीं है। मुझे लगता है कि हमारे देशों की सरकार ने इस बारे में चर्चा जरूर की होगी।

## फ्लाइट्स के बाद अब होटलों को बम की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**
**हैदराबादः गुजरात और** आंध्र प्रदेश के 12 होटलों को शनिवार को बम की धमकी वाले मेल भेजे गए। गुजरात के राजकोट में मौजूद 10 होटलों को मेल भेजा गया। इनमें इंपीरियल पैलेस, सयाजी होटल, सीजंस होटल, होटल ग्रैंड रीजेंसी जैसे फेमस होटल शामिल हैं। राजकोट पुलिस की बम-डॉग स्क्वॉड की टीमें होटलों की जांच की। सायबर सेल ई-मेल की जांच में जुटी। आंध्र प्रदेश के तिरुपति में 2 होटलों राज पार्क होटल और पाई वायसरॉय होटल को मेल भेजा गया, जिसके बाद दोनों होटलों को खाली कराया गया। दोनों होटलों में बम और डॉग स्क्वॉड की टीमों ने जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। अधिकारियों ने कहा कि बम की धमकी वाला मेल झूठा है। तिरुपति के होटलों को भेजे गए मेल में लिखा था-आईडी बम चंद्रबाबू नायडू की कार से जुड़ा है। अफजल गुरू फिर जिंदा होगा। तिरुपति के होटल के मेल में लिखा था- सल्फर से बना आईडी बम है मेल में लिखा था कि होटल की पाइपलाइन में सल्फर से बना आईडी बम रखा गया है।



**आफत**

▶▶ गुजरात के 10 और आंध्र प्रदेश के 2 होटल को मेल मिला, जांच में फेक निकला, जांच जारी

**पहल** ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने अपने 297 किचन में एआई का प्रयोग शुरू कर दिया

# रेलवे के किचन में चूहे-कॉकरोच की खैर नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** भारतीय रेलवे पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल रेल यात्रियों के खाने की गुणवत्ता और साफ सफाई को बनाए रखने के लिए करने जा रहा है। त्योहारी सीजन में ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने अपने 297 किचन में एआई का प्रयोग शुरू कर दिया है। दरअसल, देश भर में रेलवे के ऐसे 800 से ज्यादा किचन है। जिनमें चूहे और कॉकरोच की शिकायत आए दिन सामने आती रहती है। कई बार रेलवे और आईआरसीटीसी को यह भी शिकायत मिली की ट्रेनों में खाना बनाने वाले कर्मचारी हाथों में दस्ताने नहीं पहनते है। वहीं किचन कैप पहनने से हुए नजर नहीं आते हैं। लेकिन रेलवे और आईआरसीटीसी अब ऐसे मामले में सख्ती बरतने जा रहा है। स्टेशनों के रसाई घरो में सभी नियमों का पालन हर वक्त हो इसलिए रेलवे ने इसके लिए अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लिया है। आईआरसीटीसी के वरिष्ठ अधिकारी आनंद झा का कहना है कि, एआई के प्रयोग के लिए सबसे पहले आईआरसीटीसी के दिल्ली स्थित हेड ऑफिस में एक वॉर रूम बनाया गया।

इस वॉर रूम में कई बड़ी बड़ी स्क्रीनें लगाई गई है। एक-एक स्क्रीन में एक साथ 12, 24 या 48 किचन रियल टाइम में दिख सकते हैं। वॉर रूम की इन स्क्रीनों से देश भर के 297 किचन को लाईव जोड़ दिया गया।



**तकनीक**

▶▶ रेलवे पहली बार एआई का इस्तेमाल रेल यात्रियों के खाने की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए करने जा रहा



# मैराथन रचेगी इतिहास, तैयारी पूर्ण: उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/( कमाल हुसैन )
**मैराथन** की कामयाबी को लेकर उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया ने शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मैराथन स्थल पर अंतिम स्तर की तैयारियों को लेकर बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक के साथ जहां-जहां से मैराथन गुजरेगी वहां- वहां का मुआयना भी किया। उपायुक्त ने बताया कि इस भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर वे पूरा तरह से आश्वस्त हैं। यह कार्यक्रम पूरी तरह से कामयाब होगा व इतिहास



रचेगा। मैराथन को मुख्यमंत्री रविवार सुबह हरी झंडी दिखा कर रखना करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि मैराथन के कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की कोर कसर नहीं बची है। सभी प्रकार की हर दृष्टिकोण से तैयारियां पूरी है। मैराथन स्थल पर 8 से 16 की संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। हर व्यक्ति कैमरों की निगरानी में रहेगा। सुरक्षा के दृष्टिगत पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। 20 के करीब द्वार बनाये गये हैं। मैराथन स्थल पर 8 के करीब एलईडी लगायी जायेंगी। मैराथन को लेकर मैराथन स्थल पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जो आधुनिक सुविधाओं से भरपुर है। उपायुक्त ने बताया कि मैराथन में भाग लेने वालों को अनुशासन में रहकर इस आयोजन को सफल करना होगा। पूरा प्रशासन उनके साथ है। नगर की सभी संस्थान इसे सफल बनाने के लिए आहुति डाल रहे है। मैराथन स्थल पर सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की और से बड़े- बड़े बैनर व गैट बनाये जा रहे हैं। जो संस्थाएं मैराथन स्थल पर पकवान बनायेगी उनके सामान ले जाने के लिए अलग से पास जारी किये गये हैं जो मीडिया पर्सन इस कार्यक्रम को कवर करेंगे उनके लिए आई कार्ड जारी किये हैं। मैराथन के लिए दो ड्रोनों की व्यवस्था की गई है जो 5 सौ मीटर की अवधि में कार्य करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि मैराथन स्थल पर जो स्टेज बनाया गया है। उस पर बेहतरीन प्रस्तुति होगी। कई सिंगर दर्शकों का मन मोहने को लेकर पूरी तैयारी के साथ पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री के आगमन के पश्चात ये सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रारंभ होगी व कई देर तक जारी रहेंगी। मीडिया द्वारा कवरेज के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। जो धावक तीन कैटेगरी में प्रथम आयेंगे उनके बैठने की भी व्यवस्था अलग से कई गई है। मैराथन में दो आलंपियन विजेता अमन व नवदीप को आमंत्रित किया गया है। वीआईपी पार्किंग के लिए अलग से स्थान निर्धारित किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है। लाईट पानी से लेकर वीआई पी शौचालय तक अलग से बनवाये गये हैं।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **(1) दिनेश, (2) अशोक, पता:** मकान नं. डी–338, ग्राउंड फ्लोर, गली नंबर 8, भजनपुरा, **दिल्ली FIR No. 39/2023, U/s: 151/135 IE Act, पुलिस थाना: भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) दिनेश, (2) अशोक** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) दिनेश, (2) अशोक** फरार हो गए है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **(1) दिनेश, (2) अशोक FIR No. 39/2023, U/s: 151/135 IE Act, पुलिस थाना: भजनपुरा, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.12.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
आशीष रस्तोगी
अतरिक्त सत्र न्यायाधीश-06-cum-ASJ
(Electricity) कमरा नं. 21 प्रथम तल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/14086/NE/2024
(Court Matter)


# अन्नू धनखड़ को पुलिस ने किया गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने गैंगस्टर हिमांशु उर्फ भाऊ गैंग की महिला सहयोगी को यूपी के लखीमपुर खीरी में अंतर्राष्ट्रीय भारत-नेपाल सीमा के पास से गिरफ्तार किया है। स्पेशल सेल दिल्ली ले आई और उसे शनिवार को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। आरोपी महिला की हरियाणा के रोहतक की रहने वाली अन्नू धनखड़, जो 18 जून को राजौरी गार्डन में प्रतिद्वंद्वी गिरोह के एक समर्थक की सनसनीखेज हत्या में शामिल थी। वह हत्या के बाद से फरार थी और उसे 23 सितंबर को उसे भगोड़ा घोषित किया था।

**18 जून को हुई थी अमन की हत्या**

स्पेशल सेल के उपायुक्त अमित कौशिक ने बताया कि इस वर्ष 18 जून को लगभग 9:30 बजे



तीन बाइक सवार व्यक्ति राजौरी गार्डन स्थित बर्गर किंग आउटलेट की पहली मंजिल पर पहुंचे। एक व्यक्ति बाइक पर बाहर खड़ा रहा और दो लड़के बर्गर किंग के अंदर गए, और प्रतिद्वंद्वी गिरोह के हरियाणा के झज्जर निवासी अमन पर करीब 20 से 25 राउंड फायरिंग की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**28 जुलाई को एक आरोपी हुआ गिरफ्तार**

सनसनीखेज हत्याकांड में स्पेशल सेल सहित कई इकाइयां शामिल आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के प्रयास में जुट गईं। उत्तरी रेंज की स्पेशल सेल की टीम ने भी घटनास्थल का दौरा कर कई सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया। 28 जुलाई को स्पेशल सेल ने एक आरोपी रोहतक के बिजेंद्र उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया।

**अन्य आरोपी भी हुए गिरफ्तार**

बिजेंद्र की गिरफ्तारी के साथ, शामिल अन्य आरोपियों की पहचान हरियाणा के हिसार के आशीष उर्फ लालू और झज्जर के विकास उर्फ विक्की और रोहतक की अन्नू धनखड़ के रूप में हुई। जांच में अनु धनखड़ की भूमिका एक मुख्य आरोपी के रूप में सामने आई, जिसने सोशल मीडिया के माध्यम से अमन को बहलाकर दोस्ती की।

**अमन को मिलने के लिए बुलाया**

घटना के दिन उसने अमन को बर्गर किंग रेस्तरां में मिलने के लिए बुलाया था और यह जानकारी हिमांशु उर्फ भाऊ और साहिल रिटोलिया को दी। उसकी सूचना पर तीनों आरोपियों को अमन को खत्म करने के लिए बर्गर किंग रेस्तरां भेजा गया था।

**19 जून को आखिरी बार दिखी**

अनु धनखड़ को आखिरी बार 19 जून को कटरा रेलवे स्टेशन पर देखा गया था और तब से उसकी गतिविधियों का पता नहीं चल पाया था। अन्य दो आरोपी आशिह उर्फ लालू और विकास उर्फ विक्की की 12 जुलाई को सोनीपत क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई थी।

**लखीमपुर से लाया गया दिल्ली**

टीम को उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में अंतर्राष्ट्रीय भारत-नेपाल सीमा के पास अनु धनखड़ की गतिविधियों के संबंध में गुप्त जानकारी मिली।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **महिंदर उर्फ प्रदीप, पुत्र श्री तुलसी राम निवासी सी-जेड-84, अंबिका विहार, निहाल विहार, दिल्ली** पी/ए- **गाँव कसरौली, थाना एमआईए, तहसील रामगढ़, जिला अलवर, राजस्थान ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 227/2019 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **महिंदर उर्फ प्रदीप** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **महिंदर उर्फ प्रदीप** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 227/2019 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **महिंदर उर्फ प्रदीप** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.11.2024** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अंकित करण सिंह
महानगर दण्डाधिकारी-08 ( पश्चिम )
कमरा नं.30, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली

दि.पु./14233/बाहरी जिला/2024



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम: **सलमान, पुत्र: मोहम्मद सकील, निवासी: एफ–1/122, संगम विहार, नई दिल्ली–82** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 229/2018 U/S 12/9/55 G. ACT** के तहत एक मामला **थाना नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **सलमान** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **सलमान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **सलमान** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.12.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ईब्बानी अग्रवाल
जेएमएफसी–03, उत्तर–पश्चिम, कोर्ट नंबर 107
पहली मंजिल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/14201/RD/2024


## भाजपा ने यमुना की सफाई के मुद्दे पर आआपा सरकार को घेरा

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली:** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को यमुना नदी का एक वीडियो जारी कर आम आदमी पार्टी( आआपा) की आलोचना की है । उन्होंने पूछा कि दिल्ली सरकार यमुना के प्रदूषण को कब खत्म करेगी। विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी पर सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो जारी कर आरोप लगाया कि यमुना की यह हालत देखकर हर दिल्लीवासी का दिल दुखता है। उन्होंने कहा कि यमुना में जहरीले झाग तैर रहे हैं लेकिन आआपा की सरकार प्रदूषण के रोकथाम के लिए कुछ नहीं कर रही।

# त्योहारों को लेकर रेलवे की खास तैयारी

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली:** दीपावली और छठ की भीड़ को संभालने के लिए रेलवे स्टेशनों पर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। बड़े स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं बढ़ाने के साथ ही बीमार होने वाले यात्रियों को मौके पर उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए स्टेशनों पर डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम तैनात रहेगी। सरकारी अस्पतालों के साथ समन्वय किया जा रहा है, जिससे कि किसी भी आपात स्थिति में बीमार या घायल मरीजों को समय पर उपचार हो सके। त्योहार विशेषकर छठ पूजा के समय सबसे अधिक भीड़ नई दिल्ली और आनंद विहार टर्मिनल पर होती है, क्योंकि इन्हीं रेलवे स्टेशनों से पूर्व दिशा की अधिकांश ट्रेनें संचालित होती हैं। इस कारण इन दोनों स्टेशनों पर विशेष तैयारी की जा रही है। दोनों स्टेशनों पर पिछले वर्ष की तुलना में अधिक क्षमता वाले अस्थायी प्रतीक्षालय तैयार किए गए हैं जिससे कि प्लेटफार्म पर भीड़ न बढ़े। यात्रियों की सुविधा और टिकट की जांच के लिए 26 अक्टूबर से सात नवंबर तक वाणिज्य विभाग के 270 अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

**स्टेशनों पर छह मेडिकल टीम तैनात की गई**

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि पिछले वर्षों के अनुभवों को ध्यान में रखकर इस बार भीड़ प्रबंधन व यात्रियों की सुविधा की व्यवस्था की गई है। कई बार यात्रा के दौरान यात्रियों का स्वास्थ्य खराब हो जाता है। उन्हें समय पर उपचार मिल सके इसके लिए स्टेशनों पर छह मेडिकल टीम तैनात की गई है, उसमें डॉक्टर के साथ स्वास्थ्य कर्मी होंगे।

**सुबह छह से रात 11 बजे तक डॉक्टर उपलब्ध होंगे**

नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली और आनंद विहार टर्मिनल पर सुबह छह से रात 11 बजे तक डाक्टर उपलब्ध होंगे। हार्ट अटैक की स्थिति में तत्काल उपचार के लिए आवश्यक उपकरण और सीपीआर देने के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया है। छह एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। स्टेशन के बाहर इन्हें रखा जाएगा जिससे कि गंभीर रूप से बीमार यात्री को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जा सके।


## उत्तर रेलवे

निविदा सूचना (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| GEM BID No. | GEM-Bid No. GEM/2024/B/5541808, 5532872, 5532830 & 5532850 |
|---|---|
| काम का नाम (स्थान के साथ) | 1. एसएसई/डब्ल्यू/डीईई, एसएसई/डब्ल्यू/जीजीएन, एसएसई/डब्ल्यू/एल/एचएनजेडएम, एसएसई/डब्ल्यू/एम/टीकेडी, एसएसई/डब्ल्यू/के अनुभाग में सेवा भवन और कर्मचारी क्वार्टरों की रहने योग्य स्थिति प्रदान करने के लिए रखरखाव गतिविधियों की आउटसोर्सिंग एफडीबी, एसएसई/डब्ल्यू/ई/टीकेडी, एसएसई/डब्ल्यू/एचएनजेडएम एसटीएन। एवं एसएसई/डब्ल्यू/डीईई एसटीएन। एडीईएन/डीईई, एचएनजेडएम और टीकेडी के तहत का कार्य। **कार्य की समान प्रकृति:–** ट्रैक कार्य के अलावा परिसंपत्तियों के रखरखाव के लिए कारीगरी/माली और सहायक खल्लासी आदि की जनशक्ति आपूर्ति से जुड़ा कोई भी कार्य। |
| | 2. सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली तुगलकाबाद के अनुभाग में 2 वर्ष की अवधि के लिए दैनिक रखरखाव कार्य के लिए पी.वे. सामग्री, विविध के नेतृत्व के लिए मल्टीयूटिलिटी वाहनों और ट्रकों को किराए पर लेना का कार्य। **कार्य की समान प्रकृति:–** कोई इंजीनियरिंग कार्य या परिवहन कार्य। |
| | 3. सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली सराय रोहिल्ला के अनुभाग में 2 वर्ष की अवधि के लिए दैनिक रखरखाव कार्य के लिए पी.वे. सामग्री, विविध के नेतृत्व के लिए मल्टीयूटिलिटी वाहनों और ट्रकों को किराए पर लेना का कार्य। **कार्य की समान प्रकृति:–** कोई इंजीनियरिंग कार्य या परिवहन कार्य। |
| | 4. सहायक मंडल अभियंता/हज़रत निज़ामुद्दीन के अनुभाग में 2 वर्ष की अवधि के लिए दैनिक रखरखाव कार्य के लिए पी.वे. सामग्री, विविध के नेतृत्व के लिए मल्टीयूटिलिटी वाहनों और ट्रकों को किराए पर लेना का कार्य। **कार्य की समान प्रकृति:–** कोई इंजीनियरिंग कार्य या परिवहन कार्य। |
| काम की अनुमानित लागत (₹) | 1. ₹4,13,23,520.03 2. ₹1,18,83,135.88 3. ₹1,16,62,894.87 4. ₹72,70,870.04 |
| अग्रिम राशि (₹) | 1. ₹3,56,600/- 2. ₹2,09,400/- 3. ₹2,08,300/- 4. ₹1,45,400/- |
| काम की समाप्ति अवधि | 1. 12 महीने 2. 24 महीने 3. 24 महीने 4. 24 महीने |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 19.11.2024 को 15:00 बजे तक तथा 19.11.2024 को 15:30 बजे निविदा खुलना है। |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है | यह निविदा जी.ई.एम. वेबसाइट अर्थात् www.gem.gov.in पर उपलब्ध है |

सं.: GEM-Bid No. GEM/2024/B/5541808, 5532872, 5532830 & 5532850 दिनांक: 24.10.2024 3329/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/एफ एस, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी। भारत के राष्ट्रपति की ओर से 02 वर्षों की अवधि के लिए अंबाला मंडल में विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में ब्रेक वैन के एसएलआर/एसएलआरडी कम्पार्टमेंट में पार्सल स्पेस (4 एमटी/3.9 एमटी) को पट्टे पर देने के अनुबंध के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई–नीलामी लीजिंग के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित विवरणानुसार, निविदा आमंत्रित की जाती हैं:

| क्र. सं. | नीलामी केटलाग सं. | नीलामी शुरू होने की दिनांक एवं समय | नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | UMBParcel-1124 (24 lots) | 04.11.2024 / 11:00 | 04.11.2024 / 15:20 |
| 2. | UMBParcel-1224(24 lots) | 05.11.2024 / 11:00 | 05.11.2024 / 15:20 |

बयाना राशि (EMD) - बोली का 5% (सालाना गणना)

| क्र.सं. | नीलामी केटलाग सं. एवं गाड़ी का विवरण | | |
|---|---|---|---|
| | UMBParcel-1124 (24 lots) | | |
| 1 | 22456 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) | 9 | 12232 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 2 | 14503 (FSLR-I & RSLR-I) | 10 | 14218 (FSLR-II, RSLR-I) |
| 3 | 12006 (FSLR-I) | 11 | 22356 (FSLR-I) |
| 4 | 12012 (FSLR-I) | 12 | 12528 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 5 | 12046 (FSLR-I) | 13 | 22452 (FSLR-I) |
| 6 | 14629 (FSLR-I & RSLR-I) | 14 | 12450 (FSLR-I) |
| 7 | 12411 (FSLR-I) | 15 | 19308 (FSLR-I) |
| 8 | 12241 (FSLR-I) | | |
| क्र.सं. | नीलामी केटलाग सं. एवं गाड़ी का विवरण | | |
| | UMBParcel-1224 (24 lots) | | |
| 1 | 14613 (FSLR-I & RSLR-I) | 6 | 14054 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 2 | 14522 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) | 7 | 14506 (FSLR-I) |
| 3 | 14525 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) | 8 | 14242 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 4 | 14524 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) | 9 | 14732 (FSLR-I & RSLR-I) |
| 5 | 19412 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) | 10 | 15012 (FSLR-I) |

ई–नीलामी में भाग लेने या ई–जानकारी अन्य किसी संबन्धित से नीलामी, जैसे कि एक पंजीकरण बार, एस.बी.आई. चालू खाते को आई.आर.ई.पी.एस. से जोड़ने, पुनग्रहणाधिकार राशि को चिन्हित करने, इत्यादि हेतु, भावी बोलीदाताओं को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। 3320/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# बाजारो में बड़ी संख्या में पहुंच रहे खरीदार, लावारिस वस्तु मिलने पर पुलिस को दें सूचना

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली:** दीपावली को लेकर दिल्ली के बाजारों में बड़ी संख्या में खरीदार पहुंच रहे हैं वहीं त्योहार के इस खुशी के मौके पर कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिए दिल्ली पुलिस सचेत है। इसके लिए बाजार में पुलिस की संख्या में बढ़ोत्तरी की गई है साथी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बाजार संगठन के पदाधिकारी के साथ बैठक कर कर सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त कर रहे हैं।

**इन बातों को ध्यान में रखते हुए दिए गए निर्देश**

दीपावली पर बाजारों में बढ़ती भीड़-भाड़ के चलते उत्तरी जिले के नवनियुक्त उपायुक्त डिप्टी राजा बंथीया, अतिरिक्त आयुक्त शंकर बनर्जी, एसएचओ जतन सिंह तथा कोतवाली थाने की टीम ने कूचा महाजनी का दौरा किया तथा सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। बंथीया ने आल बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के चेयरमैन योगेश सिंघल से बाजार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुछ जानकारी हासिल की, जैसे बाजार में कितनी दुकाने हैं, कितनी मंजिलों पर दुकानें हैं, आपातकालीन परिस्थिति में बाजार से बाहर निकलने के कितने अतरिक्त रास्ते हैं। बाजार में प्रतिदिन कितने लोग आते हैं। साथ ही उससे संबंधित दिशानिर्देश जारी किए। अपने आंख-कान खुली रखे तथा किसी भी संदिग्धपद वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत अपने इलाके के बीट कांस्टेबल , नजदीकी पीसीआर वैन, पुलिस पिकेट, एसएचओ या 112 नंबर पर जरूर दें।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली के लिए अगले 15 दिन बेहद अहम: गोपाल

## हमें रणनीति बनाने के लिए अधिक समय मिला। इस साल की बैठक अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में हुई: गोपाल राय

**ठोस कदम**

- बढ़ते प्रदूषण को लेकर गोपाल राय ने चेताया
- दिल्ली के लिए अगले 15 दिन अधिक महत्वपूर्ण: गोपाल राय बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज और भूपेंद्र यादव रहे मौजूद





### दीवाली के बाद का समय महत्वपूर्ण होगा: राय

**मंत्री ने कहा कि** कि उत्तर-पश्चिम से आने वाली मौसमी हवाएं प्रदूषकों को दिल्ली और आसपास के इलाकों में ले जा सकती हैं, जिससे प्रदूषण का संकट और बढ़ सकता है। उन्होंने कहा, "हालांकि पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है, लेकिन दीवाली के बाद का समय महत्वपूर्ण होगा।" गोपाल राय ने केंद्र और राज्य के अधिकारियों से आने वाले दिनों में अधिकतम प्रयास करने का आग्रह किया, जिसका उद्देश्य सर्दियों की शुरूआत से पहले प्रदूषण के स्तर को कम करना है, जब हवा की गुणवत्ता आमतौर पर स्थिर हवा और ठंडे तापमान के कारण खराब हो जाती है।

**बैठक में 2-3 महत्वपूर्ण बिंदु रखे**: गोपाल राय गोपाल राय ने कहा, "मैंने आज की बैठक से पहले 2-3 महत्वपूर्ण बिंदु रखे हैं। पहला, आने वाले दिनों में पराली जलाने की घटनाओं पर नजर रखने की जरूरत है और दूसरा दिवाली पर जलाए जाने वाले पटाखे। पटाखों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली सरकार के साथ-साथ एनसीआर की सभी सरकारों को इस संबंध में ठोस कदम उठाने चाहिए।"

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के लिए अगले 15 दिन अधिक महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद राय ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और भूपेंद्र यादव के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों के पर्यावरण मंत्री भी शामिल हुए। इस बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में बिगड़ती वायु गुणवत्ता का आकलन करना और उसका समाधान करना था। राय ने इस साल की बैठक में देरी पर चिंता व्यक्त की और कहा, "पिछले साल अगस्त में इसी तरह की बैठक हुई थी, जिससे हमें रणनीति बनाने के लिए अधिक समय मिला। इस साल की बैठक अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में हुई।

अगर यह तीन महीने पहले आयोजित की गई होती, तो हम प्रदूषण की समस्या से अधिक प्रभावी ढंग से निपट सकते थे।

**'पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई'**

गोपाल राय के अनुसार, पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है, इस साल केवल 1,500 मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि 2022 में लगभग 5,000 मामले दर्ज किए जाएंगे। हालांकि, उन्होंने हरियाणा और उत्तर प्रदेश में घटनाओं में वृद्धि देखी है, जो क्षेत्रीय वायु गुणवत्ता के लिए एक बड़ा जोखिम है। राय ने चेतावनी देते हुए कहा कि "अगले 15 दिन महत्वपूर्ण हैं।"

# भाजपा वाले केजरीवाल को खत्म करना चाहते हैं: संजय



**टीम एक्शन इंडिया**
नई दिल्ली: आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर शुक्रवार देर शाम चुनाव प्रचार के दौरान कथित हमले को लेकर आआपा के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा वाले केजरीवाल से चुनाव जीत नहीं सकते तो उन्हें खत्म करना चाहते हैं। शनिवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव में हार के डर से भाजपा गलत हरकतों पर उतर आई है और अब उसने गुंडों को भेज कर अरविंद केजरीवाल पर कायराना हमला कराया और जान से मारने की कोशिश की। संजय सिंह ने कहा कि पदयात्रा के दौरान भाजपा के लोगों ने केजरीवाल पर हमला किया, यह बहुत चिंताजनक और गंभीर है। पहले ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल करके केजरीवाल को जेल में डाला गया।

जेल के अंदर उन्हें इंसुलिन नहीं दी गई, उन्हें जान से मारने की कोशिश की गई। अब जब वे अपनी पार्टी के लिए प्रचार कर रहे हैं तो उन पर भाजपा की ओर से हमला किया जा रहा है।



दिल्ली भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को सुबह राम मनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) में भर्ती होना पड़ा।

# छात्रा ने बिल्डिंग की सातवीं मंजिल से कूदकर जान दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दक्षिण पूर्वी जिले के जामिया नगर इलाके में 12वीं कक्षा की छात्रा ने बिल्डिंग की सातवीं मंजिल से कूद कर जान दे दी। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सुसाइड का सीसीटीवी वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वह बिल्डिंग से तेजी से सड़क पर गिरती नजर आ रही है। पुलिस के मुताबिक छात्रा ने जेईई का एग्जाम दिया था, जिसे वह क्लीयर नहीं कर पाई थी। यह घटना शुक्रवार की है। दक्षिण पूर्वी जिले के डीसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला है कि छात्रा ने पहले अपनी मां से कहा था कि अगर वह जेईई उत्तीर्ण नहीं कर पाई तो



आत्महत्या कर लेगी। सुसाइड नोट में छात्रा ने पढ़ाई के दबाव और उम्मीदों पर खरा न उतरने का हवाला दिया है। पुलिस के मुताबिक छात्रा परिवार के साथ जामिया नगर में रहती थी। पुलिस को बीती देर रात करीब 11.25 बजे सूचना मिली थी कि एक छात्रा ने बिल्डिंग की सातवीं मंजिल से छलांग लगाई है।

# दिल्ली में सत्ता में आने पर होगा यमुना न्यायाधिकरण का गठन: सांसद बांसुरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नई दिल्ली से भाजपा की लोकसभा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने यमुना को साफ करने का वादा किया था, जिसे पूरा नहीं किया। 10 वर्षों में इसे लेकर कोई ठोस पहल नहीं हुई। यही कारण है कि दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की एक डुबकी लगाने से आप सरकार घबरा गई है। एक डुबकी लगाने से सचदेवा को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रदूषित यमुना में छठ पूजा करने वालों के स्वास्थ्य पर क्या प्रतिकूल प्रभाव



पड़ता होगा। प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने यमुना को साफ करने के संकल्प के साथ डुबकी लगाई थी। सत्ता में आते ही भाजपा सरकार यमुना प्राधिकरण का गठन करेगी। यमुना को स्वच्छ व अविरल करना आवश्यक है। इसके लिए भाजपा काम करेगी। उन्होंने कहा दिल्ली

**वादा**

- अरविंद केजरीवाल, मंत्रियों व विधायकों को करना पड़ रहा है जनाक्रोश का सामना-स्वराज

केजरीवाल व आप सरकार के झूठे वादों का दंश झेल रही है। दिल्ली अब बदलाव चाह रही है। इसके लिए डबल इंजन की सरकार आवश्यक है।

बांसुरी ने कहा, 10 वर्षों से दिल्ली की सत्ता संभाल रही आप को दिल्लीवासियों की चिंता नहीं है।

# वैज्ञानिक तथ्यों के साथ आयुर्वेद को बढ़ावा मिलना जरूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: वैज्ञानिक** प्रमाणिकता के साथ आयुर्वेद को आगे बढ़ाने के लिए दिल्ली में नौवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयु मंथन 3.0 आयोजित हुआ। इस दौरान देश के । नई दिल्ली स्थित श्री सत्य साईं ऑडिटोरियम में एमिल हेल्थ केयर की ओर से आयोजित आयु मंथन 3.0 कार्यक्रम में एमिल हेल्थकेयर एंड रिसर्च सेंटर की निदेशक डॉ. नितिका कोहली ने कहा कि हम वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ आयुर्वेद को आगे बढ़ा रहे हैं। इस पद्धति से कई लाइलाज बीमारियों का उपचार कर रहे हैं। इसी का परिणाम है कि आज



सफेद दाग यानी विटिलिगो का 100 फीसदी सटीक आयुर्वेदिक उपचार उपलब्ध है। डॉ. कोहली ने यह भी कहा कि इस साल आयुर्वेद महज एक चिकित्सा नहीं बल्कि जीवन को स्वस्थ रहने की एक समग्र शैली है। इस बीच एमिल फार्मास्यूटिकल्स के चैयरमैन के. के. शर्मा ने भी आयुर्वेद को लेकर नए नए स्टार्टअप्स को बढ़ावा मिलने का समर्थन किया।

उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में नए स्टार्टअप के जरिए इसका विस्तार हो रहा है। वहीं एमिल फार्मास्यूटिकल्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. संचित शर्मा ने बताया कि एमिल और राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर ने आयुष मंत्रालय के साथ मिलकर कैंसर दवा पर शोध शुरू किया है और आगामी दो से तीन साल में इसके नतीजे आने की उम्मीद है।

**पारंपरिक**

- दिल्ली में नौवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयु मंथन 3.0 आयोजित हुआ, पारंपरिक चिकित्सा और उसके प्रभावों के बारे में जानकारी साझा की

# शाम 4 चार बजे के बाद तीस हजारी कोर्ट में होता है बंदरों का कब्जा: हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी में बंदरों व कुत्तों के बढ़ते आतंक को देखते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने सभी बंदरों को असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन व न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि आवारा जानवरों को शहर पर कब्जा करने नहीं दिया जा सकता। अदालत ने दिल्ली के मुख्य सचिव को चार नवंबर को समस्या से निपटने के लिए एक तंत्र बनाने को एक बैठक




बुलाने का भी निर्देश देते हुए कहा कि इसमें नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली छावनी बोर्ड और वन विभाग के प्रमुखों को शामिल रहें। पीठ ने कहा कि बैठक में दिल्ली के पशु कल्याण बोर्ड के सचिव, दिल्ली सरकार के पशुपालन विभाग, भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (एडब्ल्यूबीआई), याचिकाकर्ताओं के वकील राहुल बजाज और अमर जैन और कार्यकर्ता गौरी मौलेखी को भी शामिल होना चाहिए।

# दिल्ली भाजपा अध्यक्ष की हालत बिगड़ी, आरएमएल में भर्ती


**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को आज सुबह राम मनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) में भर्ती होना पड़ा । गुरुवार को दुर्गंधयुक्त यमुना नदी में डुबकी लगाने के बाद से ही उन्हें सांस लेने में दिक्कत का सामना करने के साथ शरीर में खुजली हो रही थी। उल्लेखनीय है कि सचदेवा ने आईटीओ के पास यमुना बैराज के छठ घाट पर यमुना नदी के प्रदूषण पर दिल्ली सरकार की आलोचना करते हुए डुबकी लगाई थी। उन्होंने

# ईडी वीसी के जरिये भी कर सकती है पूछताछ: कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: पटियाला हाउस** स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने पावर बैंक ऐप फजीर्वाड़ा मामले में सागर डायमंड के निदेशक वैभव दीपक शाह को दी गई अग्रिम जमानत रद करने की मांग को लेकर ईडी की ओर से दायर आवेदन को खारिज कर दिया। अदालत ने पहले दी गई जमानत को जारी रखने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि ईडी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये आरोपी व्यक्ति से पूछताछ कर सकती है, इससे उसकी शारीरिक हिरासत की जरूरत खत्म हो जाएगी।

**दुबई में है दीपक शाह**

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धीरज मोर ने कहा कि शाह की भारत लौटने में असमर्थता दुबई की एक अदालत द्वारा लगाए गए यात्रा प्रतिबंध के कारण है, जिससे उनकी शारीरिक उपस्थिति असंभव हो गई है। अदालत ने कहा कि शाह द्वारा जमानत की शर्तों का उल्लंघन अनजाने में किया गया था और यह



जांच से बचने का जानबूझकर किया गया प्रयास नहीं था।

**कानूनी रूप से भारत लौटने में है असमर्थ**

अदालत ने कहा कि शाह अपने नियंत्रण से परे परिस्थितियों के कारण कानूनी रूप से भारत लौटने में असमर्थ थे। अदालत ने शाह की शारीरिक उपस्थिति की आवश्यकता पर भी सवाल उठाया।

अदालत ने कहा कि उन्नत सूचना प्रौद्योगिकी के युग में, उसे कोई कारण नहीं मिला कि ईडी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अपनी जांच क्यों नहीं कर सकती।

**आदेश**

- शाह की भारत लौटने में असमर्थता एक अदालत द्वारा लगाए गए यात्रा प्रतिबंध के कारण है, जिससे उनकी शारीरिक उपस्थिति असंभव हो गई है



## न्यूज फ्लैश

### हवन यज्ञ के साथ की दादा खेड़े की प्राण प्रतिष्ठा

पानीतप, (कमाल हुसैन )
श्री शिव सेवा समिति इंदिरा विहार कालोनी ,वार्ड–2 में दादा नगर खेड़ा की प्राण प्रतिष्ठा हवन–यज्ञ व पूजा अर्चना करके की गई। हवन यज्ञ प.हेमंत शुक्ला व प.दीपक पांडे द्वारा विधिवत रूप से मंत्रोच्चारण से कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा जबकि विशिष्ठ अतिथि विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान ईशम पांचाल, पांचाल सभा के जिला प्रधान विपिन पांचाल व गोहाना रोड स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर के प्रधान रघुबीर धीमान रहे। यहां पहुंचने पर आयोजकों द्वारा मुख्य अतिथि हरपाल ढांडा का फूल मालाओं से स्वागत व पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया। वहीं प्रसिद्व टीवी कलाकार मनोज पांचाल द्वारा दादा नगर का गुणगान अपने भजनों के माध्यम से किया। हरपाल ढांडा ने सभी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस क्षेत्र में जो इंसान रहता है उसके लिए सर्व प्रथम पूजन नगर खेड़े का करना सर्वोपरी हो जाता है। उस क्षेत्र का रक्षक नगर खेड़ा ही होता है। इस कालोनी में नगर खेड़े की स्थापना सभी कालोनी वासियों के लिए खुशी की बात है। अब उन्हें दादा खेड़े की पूजा अर्चना के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। अंत में मीठे चावल का प्रसाद वितरित किया गया। संरक्षक विनोद पांचाल, प्रधान बनारसी दास बावा ने सभी सहयोगियों व अतिथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर विनोद पांचाल संरक्षक, बनारसी दास बावा प्रधान, धर्मवीर खन्ना कोषाध्यक्ष, मोहन लाल महासचिव, अमर सिंह पाल उप प्रधान, बिजेंद्र पांचाल, जय भगवान बबैल, सतीश कश्यप, ईसम कुमार पांचाल, राजकुमार पांचाल माजरी वाले, रविंद्र मंडावर, जितेंद्र पटवा, नीरज पांचाल, दयानंद मित्तल, हेमंत शर्मा, सरदार जयमल सिंह, रविंद्र मोहन, रतन पाल, सुरजभान शर्मा,अनिल शर्मा, गुलशन कुमार, विजय मेहता,रेखा रानी, ज्योति पांचाल, बोहती, रामसिंह सैनी, सुबे सिंह, रामंच्रद, राममेहर कौशिक, बाबी पांचाल, बिट्टू प्रजापत, बाला व शीतल ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

### इस साल दिवाली में एरिया मॉल में 'वर्ल्ड ऑफ रामायण' का लें आनंद

गुरुग्राम। एरिया मॉल में वर्ल्ड ऑफ रामायण का शानदार डिस्प्ले प्रस्तुत किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आगंतुकों को 10 नवंबर, 2024 तक रामायण की कालातीत कहानी में डूबने का असाधारण अवसर प्रदान करेगा। यह इमर्सिव अनुभव सभी उम्र के लोगों के लिए कहानी और इसकी सांस्कृतिक समृद्धि से जुड़ने मदद करेगा।



भगवान राम के वनवास, स्वर्ण मृग की खोज, राम सेतु पुल का निर्माण, जीवन रक्षक संजीवनी बूटी और राम तथा रावण के बीच अंतिम युद्ध जैसे प्रतिष्ठित क्षणों को जीवंत, कलात्मक प्रदर्शनों के जरिये जीवंत किया जाएगा।ह्ववर्ल्ड ऑफ रामायणह्व कार्यक्रम सभी आगंतुकों के लिए नि:शुल्क प्रवेश के साथ–साथ, शिक्षा, संस्कृति और मनोरंजन का एक अनूठा मिश्रण प्रदान करता है। आगंतुक रोज दोपहर 12 बजे से रात 9 बजे तक इस डिस्प्ले का आनंद ले सकते हैं, जबकि अन्य गतिविधियां हर सप्ताहांत शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक होंगी। इन आकर्षक प्रदर्शनों के साथ–साथ, इस कार्यक्रम को खासकर बच्चों के लिए नई चीजें सीखने का यादगार अनुभव बनाने के लिए कई आकर्षक गतिविधियां भी होंगी। हर सप्ताहांत, आगंतुक रचनात्मक कार्यशालाओं में भाग ले सकते हैं, जिसमें स्टोन पेंटिंग, फिंगर पपेट मेकिंग, आइसक्रीम स्टिक के पात्र, ग्रीटिंग कार्ड, मिट्टी के दीये बनाना और धनुष–बाण बनाना शामिल है। वे इस महाकाव्य के वीरतापूर्ण युद्धों से प्रेरणा लेते हुए अपने कौशल का परीक्षण करने के लिए तीरंदाजी के स्टॉल का भी आनंद ले सकते हैं। रामायण के पात्र भी जीवंत हो उठेंगे, सप्ताहांत के दौरान शाम को मिलने–जुलने के सत्र होंगे, जिससे लोगों को कहानी के प्रिय पात्रों से बातचीत करने का मौका मिलेगा।

# गीता विद्यालय में मनाया गया पूर्व आचार्य सम्मान समारोह

## एडमिशन से लेकर सेवानिवृत हुए आचार्य की यादों को सांझा किया

**समारोह**

**▶▶ दीनानाथ बत्रा बहुत बड़े शिक्षाविद थे उन्होंने उनके समय की स्मरणीय यादें सभी के साथ साझा की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में पूर्व आचार्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया । जिसमें सुरेंद्र अत्रि (विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के उपाध्यक्ष), चेतराम शर्मा (हिंदू शिक्षा समिति के उपाध्यक्षव व ग्रामीण शिक्षा समिति के मंत्री )व वीरेंद्र वालिया(प्रबन्धक गीता विद्यालय),अशोक रोशा (विद्यालय के उपाध्यक्ष)व जंग बहादुर सदस्य प्रबंध समिति रमेश गुलाटी कोषाध्यक्ष व विद्यालय के प्राचार्य अनिल मदान व पूर्व प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ उपस्थित रहे। प्राचार्य अनिल मदान ने आए हुए अधिकारी गण का परिचय करवाया इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा सभी पूर्व आचार्य को सम्मानित किया गया । पूर्व आचार्य में से रमेश शास्त्री ने अपनी पुरानी यादें सभी आचार्य से साझा की उन्होंने एडमिशन से लेकर सेवानिवृत हुए आचार्य की यादो को सांझा किया ।तत्पश्चात पूर्व आचार्य ओमप्रकाश नागपाल ने विद्यालय की उन्नति के लिए आशीष वचन दिया। पूर्व आचार्य रमेश चंद्र ने विद्यालय प्रबंध समिति व विद्यालय का इस तरह से उन्हें सम्मान देने पर बहुत-बहुत धन्यवाद किया।

तत्पश्चात हिंदू शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष चेतराम शर्मा ने बताया कि वह दिनानाथ बत्रा के समय में आए थे और दीनानाथ बत्रा बहुत बड़े शिक्षाविद थे उन्होंने उनके समय की स्मरणीय यादें सभी के साथ साझा की। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्र अत्री विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के उपाध्यक्ष ने अपना वक्तव्य दिया उन्होंने कहा वर्तमान में पूर्व व वर्तमानआचार्य को हमारे देश का आधार बताया ओर कहा कि इनके बिना हमारा देश अपनी ऊंचाइयों को नहीं छू सकता।

उन्होंने विवेकानंद के एक वक्तव्य को याद करते हुए कहा कि वह एक शिक्षक ही है जो भारत को स्वर्ग बना सकता है समाज को बदलना है तो वह शिक्षक के द्वारा ही बदला जा सकता है समाज में आज विवेकानंद जैसे लोगों की आवश्यकता है उन्होंने कहा हम वर्तमान आचार्य व पूर्व आचार्य के सहयोग द्वारा ही विद्या भारती निरंतर नए-नए आयाम छू रही है विद्या भारती शिक्षा के क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान स्थापित करती जा रही है विद्या भारती गैर सहायता प्राप्त सबसे बड़ा संगठन है उन्होंने कहा हमारे आचार्य समर्पण भाव से कार्य करते हैं हम शिक्षा में अपनी संस्कृति को साथ लेकर शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे हैं हमारा पहला विद्यालय नागपुर में 1936 में खुला था वर्तमान शिक्षा अपनी संस्कृति पर आधारित होनी चाहिए आज हम भाषा जाति धर्म के नाम पर बटे हुए हैं हमें इन सब चीजों से ऊपर उठकर अपनी संस्कृति संस्कार व शिक्षा की तरफ ध्यान देने की आवश्यकता है उन्होंने बताया कि हमारे पोर्टल पर 9लाख 50 हजार पूर्व छात्र रजिस्टर हो चुके हैं हमारे पूर्व व वर्तमान आचार्य हैं।

# पर्यावरण को स्वच्छ रखने में हर नागरिक निभाएं जिम्मेदारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : उपायुक्त राजेश जोगपाल ने जिले वासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस पावन अवसर पर सभी नागरिकों को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना चाहिए और मिट्टी के दियों को खरीदना चाहिए ताकि इन लोगों के व्यवसाय को बल मिल सके। उन्होंने कुरुक्षेत्र के नागरिकों को दीपावली को हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए अपने नैतिक दायित्व को निभाने हेतु इस पावन पर्व पर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प जहन में रखना होगा। इस संकल्प को पूरा करने के लिए नागरिकों को पटाखे ना चलाने का निर्णय लेना होगा। इतना ही नहीं किसानों से भी प्रशासन की तरफ से अपील की जा रही है कि फसल अवशेषों को आग ना लगाकर अवशेषों का प्रबंधन करने पर ध्यान देना चाहिए। इस विषय पर प्रशासन किसानों का हर संभव सहयोग करेगा। उपायुक्त ने कहा कि इसके साथ ही इस पावन पर्व पर पटाखे ना चलाने का संकल्प लेना चाहिए। इस जिले में जो भी पटाखे बेचे या बनाएं उसकी सूचना प्रशासन को उपलब्ध करवाएं ताकि नियमानुसार कार्यवाही की जा सके। इस पावन पर केवल निर्धारित मानदंडों के अनुसार ही पटाखे



खरीदने चाहिए। उन्होंने किसानों से भी अपील की है कि आज पर्यावरण को स्वच्छ रखना सबसे बड़ा नैतिक दायित्व है, इस दायित्व को निभाने के लिए किसानों को फसल अवशेषों में आग नहीं लगानी चाहिए और पराली का प्रबंधन करके सरकार की योजनाओं का फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व सौहार्द का पर्व है। हमें स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना चाहिए। दीपावली पर्व के अवसर पर उन्होंने जिला वासियों से मिट्टी के दीये खरीदने की अपील की है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें पटाखा रहित दीपावली मनानी है और ग्रीन पटाखों का ही प्रयोग करना है ताकि हमारा वातावरण स्वच्छ एवं सुंदर बना रहे।
उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति के तहत हमारे जितने भी पर्व है वह खुशी के प्रतीक है।

# पेंशनभोगी संबंधित खजाना कार्यालय में जमा करवाएं जीवन प्रमाणपत्र: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**जिला** खजाना कार्यालय व उप खजाना कार्यालयों से पेंशन प्राप्त करने वाले सभी पेंशनभोगी चार नवंबर से अपना जीवन प्रमाण पत्र संबधित खजाना कार्यालय के साथ-साथ अन्य माध्यम से भी अपना जीवित होने का प्रमाण दर्ज करवा सकते हैं। डीसी डाक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि ऑनलाइन प्रमाण पत्र स्मार्टफोन के माध्यम से भी जमा करवाया जा सकता हैं। इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोई फीस का प्रावधान नहीं हैं, यह निशुल्क है। उन्होंने बताया कि परिवार का कोई भी सदस्य अपने स्मार्टफोन के माध्यम से उक्त कार्य को स्वयं कर सकता हैं। इसके लिए जीवन प्रमाण पत्र फेस ऐप तथा दूसरा आधार फेस आरडी दोनों सॉफ्टवेयर प्ले स्टोर से अपने स्मार्टफोन से इंस्टाल करने होंगे तद-उपरांत किसी भी पेंशनर का जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकता है। कोषाधिकारी ने बताया कि खजाना कार्यालय में आरंभिक दिनों में ज्यादा भीड़ ना बने इसके लिए ज्यादा उम्रदराज सम्मानित बुजुर्ग नवंबर माह की 10 तारीख के बाद ही अपने जीवन प्रमाण पत्र के लिए स्वयं आने पर विचार करें।

# नजर कटारी दिल पे लागी, घायल होगी मैं.....प्रस्तुति ने लूटी वाह-वाही

**संस्कृति**

**▶▶ हरियाणवी लोकगीत एकल नृत्य प्रतियोगिता में महिला प्रतिभागियों ने दर्शकों से वाहवाही लूटी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से आयोजित रत्नावली राज्य स्तरीय समारोह के अवसर के दूसरे दिन शनिवार को ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित हरियाणवी लोकगीत एकल नृत्य प्रतियोगिता में महिला प्रतिभागियों ने दर्शकों से वाहवाही लूटी। महोत्सव में कपिलमुनि गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वूमेन कलायत, कैथल नजर कटारी दिल पे लागी, घायल होगी मैं..... उस कॉलेज के छौरे की, कायल होगी मैं.... प्रस्तुति देखकर पर सभी दर्शक सभागार में झूमने लगे। वहीं राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना, जींद की प्रतिभागी छात्रा ने ओ परदेशी छोड़ गया तू......सामण बीत गया सारा कद झूल गलेगी डाले पे, फोटो गैल्या झगडे.झा सूं जो धरग्या था आले मैं....प्रस्तुति के माध्यम से पति के परदेश जाने पर अपने मन के विरह व्यथा को सोलो डांस के माध्यम से दिखाया जिसकों दर्शकों ने खूब सराहा। स्टेट इंस्टीटयूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर एजुकेशन, कुरुक्षेत्र ने मेरे परदेसी पिया, देर क्यूं लगाई देख-देख तेरी बाट में मर गई, आजा न हरजाई द्वारा द्वारा पिया को याद करते हुए दशार्या कि पिया कि याद कितनी दुखदाई होती है। केयू कैम्पस टीम द्वारा दी गई कोए तो बता दयो उस छोरे न मेरे दिल का हाल की प्रस्तुति में दर्शक सभागार में सीट छोड़कर झूमने लगे।
सीआईएस कन्या महाविद्यालय, ढांड डडवाना की छात्रा ने सूरज चमका, सितारे फीके, फीका सब संसार.... मैं चाहूं पिया का प्यार, मेरा पिया माथे की बिंदिया पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी। एसयूएस मटक माजरी गवर्नमेंट कॉलेज इन्द्री की टीम ने न करे मीठी-मीठी बात, पिया मैं सब जानूं सू, न लावे घूंघट के हाथ, नीयत तेरी सारी जानूं सू पर नृत्य कर दर्शकों का मन मोह लिया। गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स, पलवल कुरुक्षेत्र की टीम ने गल में कंठी, हाथ में कंगन, पायल की झंकार से, कुर्ती नीचे दामन सजरा, चूंदड गोटेदार से पर नृत्य किया।

# रंगोली प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन)**
आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ अन्य प्रतिभावों को निखारने के लिए दीपावली के पावन अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें विद्यालय की सभी कक्षाओं से 150 छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श रामपाल जागलान ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि दिवाली के



दिन पर्यावरण को बचाने के लिए पटाखे न जलाकर ,घर पर सरसों के तेल के दिए लगाने है प्रकृति की रक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है इसके लिए हम सबको अधिक मात्रा में पेड़ पौधे लगाने चाहिए। इस कार्यक्रम की मुख्य अध्यक्षता प्रिंसिपल मनीष घनघस ने की और

**प्रतिभाग**

**▶▶ दिवाली के दिन पर्यावरण को बचाने के लिए पटाखे न जलाकर, घर पर सरसों के तेल के दिए लगाने है**

उन्होंने बच्चों को स्कूल में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया और साथ ही पटाखों से पर्यावरण में होने वाले बदलाव से होने वाले नुकसान के बारे में अवगत कराया। इस प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली विजेता टीम को विद्यालय की प्रबंधक समिति द्वारा सम्मानित किया गया।
इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक रामपाल जागलान ,मेहर सिंह आर्य और प्राचार्य मनीष घनघस व प्रबंधक समिति के अन्य सदस्यों के साथ विद्यालय का समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा।

# पत्नी के हत्यारे दोषी पति को अदालत ने सुनाई उम्रकैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**: कुंडली थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या करने के आरोपित पति को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. जसबीर सिंह की अदालत ने दोषी पति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर छह हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। दोषी को शक था कि उनकी पत्नी घर छोड़कर चली जाएगी। गांव खुरवसिया जिला देवरिया उत्तर प्रदेश निवासी लेखराज ने 3 जनवरी, 2021 को बारोटा चौकी पुलिस को बताया था कि वह फिलहाल दिल्ली के अलीपुर में रहते हैं। उनकी बहन देवरिया के गांव भरौली निवासी रज्जो ने अपनी बेटी रंजना की शादी छह साल पहले मूलरूप से गांव बैंयापुर निवासी सतीश के साथ की थी। उन्होंने तब बताया था कि वह छह माह से पत्नी रंजना (30) और चार साल के बेटे मयंक के साथ बारोटा में किराए पर रहने लगा था। उसकी पहली पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी, जिसके बाद उसने छह साल पहले रंजना से दूसरी शादी की थी। रंजना अपने मायके जाना चाहती थी। जिस पर सतीश उसे पीटता था। उसने 3 जनवरी, 2021 को रंजना की गला दबाकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने लेखराज के बयान पर आरोपित के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। मामले में कार्रवाई करते हुए तत्कालीन बारोटा चौकी प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने आरोपित सतीश को गिरफ्तार कर लिया है। उसे अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया था।

मामले की सुनवाई के बाद एएसजे डा. जसबीर सिंह ने सतीश को दोषी करार दिया है। उसे उम्रकैद व छह हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी।

## जान से मारने की धमकी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। जान** से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए महेंद्रगढ़ और थाना शहर महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने आरोपित सतीश उर्फ फर्जी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित हिस्ट्री शीटर है और उसके खिलाफ डकैती, लड़ाईझगड़े, मारपीट, एक्साइज एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत ढाई दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। आरोपित से पूछताछ कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# राष्ट्रीय एकता दिवस की तैयारियां जोरों पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक प्रतिभागियों को शामिल होकर कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाना है। इस समारोह में स्कूली विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य सामाजिक संस्थाएं भी आगे आकर कार्यक्रम का हिस्सा बने।
उपायुक्त शनिवार को राज्यस्तरीय कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर थानेसर क्षेत्र के सरकारी व निजी स्कूलों के प्रधानाचार्य, अध्यापकों व अन्य की




एक बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर को प्रात 7 बजे से 8 बजे तक सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी सरकारी व निजी स्कूलों के प्रधानाचार्य से कहा कि वे इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में स्वयं तथा दूसरों को शामिल करके कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाए, राष्ट्रीय एकता का मतलब देश को मजबूत करना है तथा इस कार्यक्रम में हमें अधिक

**मंथन**

**▶▶ सामाजिक, धार्मिक व अन्य संस्थाएं भी आगे आकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं: उपायुक्त राजेश जोगपाल**

से अधिक से आमजन को शामिल होने के लिए प्रेरित करना है और स्कूली विद्यार्थियों को भी कार्यक्रम का हिस्सा बनाना है। इस कार्यक्रम में सामाजिक, धार्मिक व अन्य संस्थाएं भी आगे आकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं ताकि सभी के सहयोग से कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया जा सके।

# दिनदहाड़े ज्वैल्र्स से हथियार के बल पर सोने-चांदी के आभूषण लूटे

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : सोनीपत-गोहाना** सड़क मार्ग पर सदर थाने से कुछ दूरी पर स्थित ज्वैलर्स की दुकान से लाखों रुपये कीमत के आभूषण, नकदी व हीरों के हार हथियार के बल पर लूटने का मामला सामने आया है। बदमाशों ने दुकानदार को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसके बाद बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां उसका उपचार करवाया। वहीं मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रिंस निवासी भिवानी का है। वहीं दूसरे आरोपित की पहचान पुनीत के रूप में हुई है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। चौहान कॉलोनी निवासी जितेंद्र ने बताया कि उसने गोहाना रोड पर यूनिक ज्वैलर्स के नाम से दुकान कर रखी है। वह दिन में करीब डेढ़ बजे अपनी दुकान पर मौजूद था। उसी दौरान दो लड़के जिसमें एक लड़के ने मुंह पर मास्क लगा रखा था। जबकि दूसरे लड़के लड़के ने मुंह पर रूमाल व हेलमेट पहन रखा था। दोनों दुकान के अंदर घुसे। उनके दोनों के हाथों में हथियार थे। उन्होंने उसके सिर में पिस्तौल के बट्ट मारे। उसके बाद उसे अंदर घसीटकर ले गए। एक लड़के ने गल्ले से 20 ग्राम सोना, एक हीरे का हार, पचास हजार की नकदी व कुछ आभूषण लूटकर ले गए।

**जांच जारी**

**▶▶ ज्वैल्र्स को हथियार की बट मारकर किया घायल, अस्पताल में करवाया गया भर्ती**
**▶▶ पुलिस ने दो घंटे बाद एक आरोपित को किया गिरफ्तार, दूसरा आरोपित फरार**

मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकानदारों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भिजवाया। नागरिक अस्पताल में घायल को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। अस्पताल में पहुंचे जितेंद्र ने बताया कि उसने बदमाशों को घायल अवस्था में पीछा किया। बदमाशों की बाइक चालू नहीं होने पर उसने बदमाश को पकड़ने के लिए ईंट उठाकर मारी। उसके बाद बदमाश तमंचा दिखाकर बाइक लेकर भाग निकले।

कुछ दूर जाने पर उनकी बाइक जाम में फंस गई। जिस पर लोगों ने पकड़ने का प्रयास किया तो वह तमंचा दिखाकर भाग गए। पुलिस ने देर शाम एक आरोपित को हिरासत में लिया है। आरोपित की पहचान प्रिंस निवासी भिवानी बीटी कॉलोनी के रूप में हुई है।
**सीसीटीवी में कैद हुई वारदात-** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोनों बदमाश भिवानी से लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए पहुंचे थे। दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी में पूरी वारदात कैद हो गई। जिसे कब्जे में ले लिया है। मामले में एक आरोपित को पुलिस ने दो घंटे में गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरे आरोपित की पहचान पुनीत निवासी भिवानी के रूप में हुई है। आरोपित की तलाश की जा रही है।
गोहाना रोड पर लूट की सूचना मिली थी। बदमाशों ने दुकानदार को गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के एक आरोपित को हिरासत में लिया है। दूसरे आरोपित की तलाश की जा रही है। जल्द से जल्द दूसरे आरोपित को काबू किया जायेगा। लूटी गई राशि व आभूषणों को बरामद किया जायेगा।

# जम्मू कश्मीर में सुरेंद्र चौधरी को उपमुख्यमंत्री बनने पर अन्तर्राष्ट्रीय जाट संसद ने किया स्वागत

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय जाट संसद की सम्पूर्ण भारतवर्ष से डेलीगेशन के तौर पर पदाधिकारी व पुरी टीम स्वागत समारोह में उपस्थित रहीं।
उप मुख्यमंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने यहाँ पहुँचे सभी साथियों का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया व समाज के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने अन्तर्राष्ट्रीय जाट संसद के माध्यम से सम्पूर्ण भारतवर्ष के साथियों को बिजनेस व व्यापार करने के लिए जम्मू आने का न्यौता भी दिया है। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि उपमुख्यमंत्री सुरेन्द्र चौधरी हमारे अन्तराष्ट्रीय जाट



संसद के लगातार प्रोग्राम में आकर भी समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए समाज को जागरूक करते रहते है। इस दौरान अन्तर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामावतार पलसानियां,उत्तरप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मन्नू चौधरी,उत्तर के प्रतिनिधि अंकित बाल्यान,हरियाणा के प्रतिनिधि सुरेश जैलदार, उपाध्यक्ष अजय नैन,उत्तराखण्ड प्रदेश अध्यक्ष टोनी वर्मा,पानीपत प्रतिनिधि प्रवीण जागलान, राजस्थान प्रतिनिधि दीपक चौधरी ,अमर्तल लाल कैथल,धर्मवीर शयोराण गुरुग्राम,नवनीत रौज जीन्द,अमरीश बाल्याण मुजफ्फरनगर आदि उपस्थित रहे।

# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2024

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:00 | सप्ताह में तीन दिन | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 02251 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | गुरुवार, शनिवार, सोमवार | 31.10.24 से 07.11.24 |
| 02270 | लखनऊ (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 6 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 08.11.24 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ | 06:30 | | मंगलवार को छोड़कर | 08.11.24 तक |
| 02248 | नई दिल्ली (तेजस त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:30 | सप्ताह में तीन दिन | मंगलवार, गुरुवार, शनिवार | 29.10.24 से 05.11.24 |
| 02247 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | तिथि वार | शनि, मंगल, शुक्र, सोम | 29.10.24, 01 एवं 04.11.24 |
| 04051 | जयनगर | 18:00 | नई दिल्ली | 18:50 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 27, 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं | 11:00 | तिथि वार | रवि, बुध, शनि, मंगल | 27, 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04053 | बरौनी जं | 12:30 | नई दिल्ली | 09:10 | | सोम, गुरु, रवि, बुध | 28, 31.10.24, 03 एवं 06.11.24 |
| 02250 | नई दिल्ली | 23:55 | पटना जं | 16:40 | साप्ताहिक | गुरुवार | 31.10.24 तक |
| 02249 | पटना जं | 17:50 | नई दिल्ली | 11:00 | | शुक्रवार | 01.11.24 तक |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04076 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | गुरुवार, सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04498 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:30 | बलिया | 13:30 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04497 | बलिया | 18:40 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:25 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 04022 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 04021 | सीतामढ़ी | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:05 | | गुरुवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04032 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं | 10:30 | सप्ताह में पांच दिन | सोम, मंगल, गुरु, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04031 | सहरसा जं | 13:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:10 | | सोम, मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 01.12.24 तक |
| 04624 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:45 | वाराणसी जं | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04623 | वाराणसी जं | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04080 | दिल्ली जं | 19:30 | वाराणसी जं | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, गुरुवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04079 | वाराणसी जं | 18:25 | दिल्ली जं | 08:50 | | मंगलवार, शुक्रवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04530 | बठिण्डा जं | 20:50 | वाराणसी जं | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04529 | वाराणसी जं | 20:40 | बठिण्डा जं | 17:00 | | मंगलवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04096 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 18.11.24 तक |
| 04095 | अयोध्या कैंट | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 22:30 | | मंगलवार, गुरुवार, शनिवार | 19.11.24 तक |
| 04518 | चण्डीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चण्डीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04068 | दिल्ली जं | 19:30 | दरभंगा जं | 16:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04067 | दरभंगा जं | 18:00 | दिल्ली जं | 16:35 | | बुधवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04044 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04043 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार, बुधवार | 27.10.24 से 27.11.24 |
| 04217 | वाराणसी जं | 06:25 | लखनऊ जं | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि | 22.11.24 तक |
| 04218 | लखनऊ जं | 16:30 | वाराणसी जं | 21:50 | | | 22.11.24 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 29.10.24 से 12.11.24 |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरुवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं | 13:25 | पटना जं | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार, | 13.11.24 तक |
| 04677 | पटना जं | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं | 22:40 | | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 04211 | वाराणसी जं | 14:50 | चण्डीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04212 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं | 01:20 | | रविवार | 27.10.24 से 17.11.24 |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट जं | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04554 | अम्बाला कैंट जं | 20:20 | सहारनपुर | 22:30 | | | 30.11.24 तक |
| 04682 | जम्मू तवी | 23:20 | कोलकाता | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 14.11.24 तक |
| 04681 | कोलकाता | 23:45 | जम्मू तवी | 12:30 | | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 04078 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:55 | पटना जं | 16:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04077 | पटना जं | 17:50 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं | 12:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 04645 | बरौनी जं | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04038 | दिल्ली जं | 19:10 | आजमगढ़ | 11:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.10.24 से 17.11.24 |
| 04037 | आजमगढ़ | 13:30 | दिल्ली जं | 06:10 | | सोमवार | 28.10.24 से 18.11.24 |
| 04312 | हरिद्वार जं | 12:30 | हावड़ा जं | 17:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 04311 | हावड़ा जं | 19:00 | हरिद्वार जं | 23:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04314 | हरिद्वार जं | 12:30 | मुज़फ्फरपुर जं | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं | 09:00 | हरिद्वार जं | 05:30 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ्फरपुर जं | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 04057 | मुज़फ्फरपुर जं | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04062 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | बरौनी जं | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04061 | बरौनी जं | 08:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 02246 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं | 16:40 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02245 | पटना जं | 17:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 10:50 | | मंगलवार, गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 04526 | सरहिंद जं | 11:25 | सहरसा जं | 17:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04525 | सहरसा जं | 19:15 | अम्बाला कैंट जं | 22:20 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04006 | दिल्ली जं | 23:05 | जयनगर | 23:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं | 01:30 | | गुरुवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 04048 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:20 | कठिहार जं | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04047 | कठिहार जं | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:50 | | बुधवार, शनिवार | 27.11.24 तक |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 04069 | राजगीर | 22:50 | नई दिल्ली | 23:10 | | रविवार, बुधवार | 30.11.24 तक |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 02261 | दरभंगा जं | 23:20 | नई दिल्ली | 20:15 | | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 04608 | जम्मू तवी | 20:20 | हावड़ा जं. | 13:20 | तिथि वार | बुधवार एवं सोमवार | 30.10.24 एवं 04.11.24 |
| 04607 | हावड़ा जं. | 23:45 | जम्मू तवी | 15:20 | | शुक्रवार एवं बुधवार | 01.11.24 एवं 06.11.24 |
| 04680 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:40 | कामाख्या | 21:00 | तिथि वार | सोमवार एवं शनिवार | 28.10.24 एवं 02.11.24 |
| 04679 | कामाख्या | 06:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:20 | | गुरुवार एवं मंगलवार | 31.10.24 एवं 05.11.24 |
| 04662 | अमृतसर जं. | 20:10 | सहरसा | 05:00 | तिथि वार | मंगलवार एवं रविवार | 29.10.24 एवं 03.11.24 |
| 04661 | सहरसा | 10:00 | अमृतसर जं. | 18:20 | | गुरुवार एवं मंगलवार | 31.10.24 एवं 05.11.24 |
| 05001 | गोरखपुर जं. | 19:30 | दिल्ली जं. | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 27.10.24 से 10.11.24 |
| 05002 | दिल्ली जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 09:55 | | सोमवार | 28.11.24 से 11.11.24 |
| 05111 | छपरा जं. | 14:00 | नई दिल्ली | 11:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 28.10.24 से 11.11.24 |
| 05112 | नई दिल्ली | 12:50 | छपरा जं. | 11:30 | | मंगलवार | 29.11.24 से 12.11.24 |

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03575 | आसनसोल जं | 10:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 03576 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:15 | आसनसोल जं | 10:20 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 03255 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02391 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.24 तक |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं | 13:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 06:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05220 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:00 | मुजफ्फरपुर जं | 00:45 | | | 01.01.25 तक |
| 05109 | छपरा | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05110 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:55 | छपरा | 06:45 | | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 05023 | गोरखपुर | 21:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 05024 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:15 | गोरखपुर | 04:45 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 05301 | मऊ जं | 04:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 05302 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:25 | मऊ जं | 17:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05006 | अमृतसर जं | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05050 | अमृतसर जं | 12:45 | छपरा | 14:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 02525 | कामाख्या | 22:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 02526 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:20 | कामाख्या | 03:40 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05671 | गुवाहाटी | 15:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05672 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | गुवाहाटी | 14:15 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05734 | कटिहार जं | 11:40 | अमृतसर जं | 00:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 05733 | अमृतसर जं | 04:25 | कटिहार जं | 15:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03413 | मालदा टाउन | 07:10 | नई दिल्ली | 07:30 | सप्ताह में दो दिन | गुरुवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | | शुक्रवार, सोमवार | 29.11.24 तक |
| 03483 | भागलपुर | 11:00 | नई दिल्ली | 07:10 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05565 | सहरसा जं | 19:30 | सरहिंद जं | 00:05 | साप्ताहिक | गुरुवार | 14.11.24 से 26.12.24 |
| 05566 | सरहिंद जं | 02:00 | सहरसा जं | 09:45 | | शनिवार | 16.11.24 से 28.12.24 |
| 03107 | सियालदह | 00:10 | लखनऊ जं | 00:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03108 | लखनऊ जं | 01:40 | सियालदह | 23:50 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09075 | मुम्बई सेंट्रल (वाया बरेली) | 11:00 | काठगोदाम | 14:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09076 | काठगोदाम (वाया बरेली) | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | | गुरुवार | 26.12.24 तक |
| 07363 | हुब्बल्लि जं | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 04.11.24 तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं | 06:30 | | गुरुवार | 07.12.24 तक |
| 09657 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 15:00 | बढ़नी | 13:25 | साप्ताहिक | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 09658 | बढ़नी (वाया बाराबंकी जं) | 19:15 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 19:20 | | रविवार | 17.11.24 तक |
| 03423 | भागलपुर | 13:55 | हरिद्वार जं | 17:55 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03424 | हरिद्वार जं | 19:55 | भागलपुर | 21:20 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05736 | कटिहार जं | 21:00 | अमृतसर जं | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05735 | अमृतसर जं | 13:25 | कटिहार जं | 23:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05047 | बनारस | 22:00 | गाजियाबाद | 11:45 | साप्ताहिक | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05048 | गाजियाबाद | 12:35 | बनारस | 05:35 | | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02397 | गया जं | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:10 | सप्ताह में 6 दिन | शनिवार को छोड़कर | 15.11.24 तक |
| 02398 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:20 | गया जं | 00:30 | | रविवार को छोड़कर | 16.11.24 तक |
| 02393 | पटना जं | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.10.24 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं | 07:00 | | शुक्रवार को छोड़कर | 31.10.24 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं | 14:30 | हजरत निजामुद्दीन | 11:10 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04124 | हजरत निजामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं | 09:00 | | सोमवार, गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 22:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 05194 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 00:05 | छपरा | 08:00 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 02417 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02418 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04145 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 04146 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 02422 | दिल्ली जं | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 03309 | धनबाद जं | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:25 | धनबाद जं | 14:00 | | बुधवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 09195 | वडोदरा जं (वाया वाराणसी जं) | 19:00 | मऊ जं | 20:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09196 | मऊ जं (वाया वाराणसी जं) | 23:15 | वडोदरा जं | 00:45 | | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं (वाया वाराणसी जं) | 09:10 | दानापुर | 20:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09418 | दानापुर (वाया वाराणसी जं) | 23:50 | अहमदाबाद जं | 11:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09405 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 18:10 | पटना जं | 02:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09406 | पटना जं (वाया लखनऊ) | 05:00 | साबरमती | 13:30 | | गुरुवार | 02.01.25 तक |
| 09525 | हापा (वाया वाराणसी जं) | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09526 | नाहरलगुन (वाया वाराणसी जं) | 10:00 | हापा | 00:30 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09184 | बनारस (वाया लखनऊ) | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | कटिहार जं | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09190 | कटिहार जं (वाया लखनऊ) | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09111 | वडोदरा जं (वाया लखनऊ) | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09041 | उधना जं (सूरत) | 11:15 | छपरा (वाया लखनऊ) | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09042 | छपरा (वाया लखनऊ) | 23:00 | उधना जं (सूरत) | 07:30 | | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 04815 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04816 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04823 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04824 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 04137 | ग्वालियर जं (वाया लखनऊ) | 07:10 | बरौनी जं | 08:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.12.24 तक |
| 04138 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 09:30 | ग्वालियर जं | 10:20 | | सोमवार, गुरुवार | 30.12.24 तक |
| 09145 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | बरौनी जं | 04:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 09146 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 01:00 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस (वाया लखनऊ) | 00:05 | गोरखपुर | 09:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09044 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 13:00 | बांद्रा टर्मिनस | 22:30 | | सोमवार, बुधवार | 01.01.25 तक |
| 07651 | जालना (वाया वाराणसी जं) | 23:30 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 07652 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | जालना | 04:00 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 05069 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 13:15 | पनवेल | 22:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05070 | पनवेल (वाया वाराणसी जं) | 23:20 | छपरा | 11:35 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05325 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 05326 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 10:25 | गोरखपुर | 18:00 | | गुरुवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 01123 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 12:15 | गोरखपुर | 18:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 03.11.24 तक |
| 01124 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | | शनिवार, सोमवार | 04.11.24 तक |
| 01431 | पुणे (वाया लखनऊ) | 16:15 | गोरखपुर | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.11.24 तक |
| 01432 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 02.11.24 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 22:30 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि | 11.11.24 तक |
| 01080 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 00:40 | | | 13.11.24 तक |
| 01415 | पुणे (वाया लखनऊ) | 06:50 | गोरखपुर | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि | 11.11.24 तक |
| 01416 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 17:30 | पुणे | 03:15 | | | 12.11.24 तक |
| 01207 | नागपुर (वाया बाराबंकी) | 10:40 | समस्तीपुर जं | 23:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 30.10.24 से 13.11.24 |
| 01208 | समस्तीपुर जं (वाया बाराबंकी) | 07:00 | नागपुर | 21:30 | | गुरुवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 05636 | गुवाहाटी (वाया लखनऊ) | 18:15 | श्रीगंगानगर | 03:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05637 | श्रीगंगानगर (वाया लखनऊ) | 13:20 | गुवाहाटी | 00:25 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05537 | दरभंगा जं (वाया शाहजहांपुर) | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.11.24 से 28.12.24 |
| 05538 | दौराई (वाया शाहजहांपुर) | 23:45 | दरभंगा जं | 06:50 | | रविवार | 10.11.24 से 29.12.24 |
| 04195 | आगरा कैंट (वाया लखनऊ) | 05:00 | फारबिसगंज जं | 15:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 22.11.24 तक |
| 04196 | फारबिसगंज जं (वाया लखनऊ) | 18:40 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 09061 | उधना जं (सूरत) | 22:00 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 06:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 06.11.24 तक |
| 09062 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 09:30 | उधना जं (सूरत) | 18:00 | | शुक्रवार | 08.11.24 तक |
| 04829 | जोधपुर जं (वाया दिल्ली) | 16:15 | गोरखपुर | 20:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 04830 | गोरखपुर (वाया दिल्ली) | 23:25 | जोधपुर जं | 04:00 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01025 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | बलिया | 01:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 30.12.24 तक |
| 01026 | बलिया (वाया वाराणसी जं) | 15:15 | दादर | 03:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 01.01.25 तक |
| 01027 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | गोरखपुर | 02:45 | सप्ताह में चार दिन | मंगल, गुरु, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 01028 | गोरखपुर (वाया वाराणसी जं) | 14:25 | दादर | 03:30 | | गुरु, शनि, सोम, मंगल | 02.01.25 तक |
| 09013 | उधना जं (सूरत) | 07:00 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09014 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:30 | उधना जं (सूरत) | 08:15 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09027 | बांद्रा टर्मिनस (वाया वाराणसी जं) | 11:00 | मालदा टाउन | 16:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 09028 | मालदा टाउन (वाया वाराणसी जं) | 17:30 | बांद्रा टर्मिनस | 18:15 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09031 | बांद्रा टर्मिनस | 12:15 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 09032 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 04:00 | दहानू रोड | 12:25 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09421 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 19:45 | सीतामढ़ी | 08:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09422 | सीतामढ़ी (वाया लखनऊ) | 16:00 | साबरमती | 06:00 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 09067 | उधना जं (सूरत) | 05:30 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | साप्ताहिक | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 09068 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 23:45 | उधना जं (सूरत) | 14:30 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09321 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 10:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 16:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09322 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 23:50 | | मंगलवार, गुरुवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 07031 | सिकंदराबाद जं | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 07032 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | सिकंदराबाद जं | 06:30 | | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 09639 | मदार जं | 04:30 | रोहतक जं | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जं | 22:35 | | | 31.12.24 तक |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हजरत निजामुद्दीन | 19:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 08476 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुरी | 06:55 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09425 | साबरमती | 19:00 | हरिद्वार जं | 19:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09426 | हरिद्वार जं | 21:45 | साबरमती | 21:30 | | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09557 | भावनगर टर्मिनल | 15:15 | दिल्ली कैंट | 13:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09558 | दिल्ली कैंट | 15:25 | भावनगर टर्मिनल | 12:25 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09097 | बांद्रा टर्मिनस | 21:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09098 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:40 | बांद्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09309 | इंदौर जं | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 29.12.24 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली कैंट | 09:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09524 | दिल्ली कैंट | 13:40 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 01.01.25 तक |
| 04821 | भगत की कोठी | 08:30 | हरिद्वार जं | 03:40 | साप्ताहिक | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 04822 | हरिद्वार जं | 05:00 | भगत की कोठी | 23:55 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 19:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.11.24 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुणे | 22:30 | | शनिवार | 02.11.24 तक |
| 06071 | कोच्चुवेली | 14:15 | हजरत निजामुद्दीन | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 06072 | हजरत निजामुद्दीन | 04:10 | कोच्चुवेली | 14:15 | | सोमवार | 02.12.24 Upto |
| 05447 | पीलीभीत जं | 12:10 | शाहजहांपुर | 14:25 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05448 | शाहजहांपुर | 15:15 | पीलीभीत जं | 16:30 | | | 31.12.24 तक |
| 09603 | उदयपुर शहर | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 05:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर शहर | 13:55 | | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 05097 | टनकपुर (वाया दिल्ली जं) | 18:25 | दौराई | 13:40 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05098 | दौराई (वाया दिल्ली जं) | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | | मंगलवार, गुरुवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05037 | बनारस | 19:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 29.10.24 से 12.11.24 |
| 05038 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:10 | बनारस | 01:10 | | बुधवार | 30.10.24 से 13.11.24 |
| 05273 | दरभंगा जं. | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 02.11.24 को |
| 05274 | दौराई | 23:45 | दरभंगा जं. | 06:50 | | रविवार | 27.10.24 एवं 03.11.24 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

## संपादकीय

# मिट्टी के दीये जलाएं, प्रदूषण को दूर भगाएं

आज की भागती दौड़ती जिन्दगी में लोग अपनी परंपरा को भूलते जा रहे हैं। इसका परिणाम है कि आज देश में पर्यावरण संकट के साथ-साथ कई तरह की समस्या उत्पन्न हो रही है। जिसके चलते सभी लोग और जीव-जंतु के जीवन पर संकट है। इस परंपरा में एक दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीये जलाना भी है। जिसको आज लोग भूलते जा रहे हैं और उसकी जगह पर इलेक्ट्रानिक लाइटों का उपयोग कर रहे हैं। लेकिन जो सुंदरता मिट्टी के दीये जलने पर दिखती है वह इलेक्ट्रानिक लाइटों के जलने से नहीं। इस बात को स्वयं लोग भी स्वीकार कर रहे हैं और इस परंपरा को लोगों के भूलने पर चिंता भी व्यक्त कर रहे हैं। मिट्टी के दीये जलाना परंपरा के साथ हमारी संस्कृति है। अपनी संस्कृति को कोई कैसे भूल सकता है। इसका सभी लोगों को ध्यान रखना चाहिए। मिट्टी के दीये जलाने के कई लाभ है। जिसका उल्लेख कई जगहों पर देखने और सुनने को मिलता है। इसलिए सभी लोग मिट्टी के दीयें जलाएँ। दीपावली का त्यौहार मिट्टी के दीये से जुड़ा हुआ है। यह हमारी संस्कृति में रचा-बसा हुआ है। दीया जलाने की परंपरा आदि काल से रही है। भगवान राम की अयोध्या वापसी की खुशी में अयोध्यावासियों ने घर-घर दीप जलाया था, तब से ही कार्तिक महीने में दीपों का यह त्यौहार मनाये जाने की परंपरा रही है। पिछले दो दशक के दौरान कृत्रिम लाइटों का क्रेज बढ़ा है। आधुनिकता की आंधी में हम अपनी पौराणिक परंपरा को छोड़ कर दीपावली पर बिजली की लाइटिंग के साथ तेज ध्वनि वाले पटाखे चलाने लगे हैं। इससे एक तरफ मिट्टी के कारोबार से जुड़े कुम्हारों के घरों में अँधेरा रहने लगा, तो ध्वनि और वायु प्रदूषण फैलानेवाले पटाखों को अपना कर अपनी सांसों को ही खतरे में डाल दिया। अपनी परंपराओं से दूर होने की वजह से ही कुम्हार समाज अपने पुश्तैनी धंधे से दूर होता जा रहा है। दूसरे रोजगार पर निर्भर होने लगे हैं। एक समय था जब दीपावली पर्व को लेकर लोग मिट्टी के दीये खरीदने के लिए पहले ही कुम्हार को आर्डर कर देते थे। तब गाँव या अन्य किसी गाँव के कुम्हार के घर के सभी सदस्य काम में व्यस्त होते थे। दीपावली पर्व पर कई लोगों के आर्डर को पूरा करने में दिन-रात एक कर मेहनत करते थे। हालांकि उस समय उतनी आमदनी नहीं होती थी, लेकिन कुम्हारों की भी एक रुचि रहती थी कि इस परंपरा को जीवंत रखना है। लेकिन आज लोग मिट्टी के दीये जलाना धीरे-धीरे कम कर दिए हैं, इससे अब कुम्हार भी इसमें रुचि नहीं ले रहे। जिसका नतीजा है कि आज दीपावली पर्व में लोग घर में दो-चार मिट्टी के दीये जला कर सिर्फ.एक परंपरा को किसी तरह निर्वहन कर रहे हैं। ज्यादातर लोग इलेक्ट्रानिक लाइटों, झालर और अन्य लाइटों को जला कर ही दीपावली पर्व में अपने घर को रोशनी से जगमग करने की कोशिश कर रहे हैं। हम सभी अब दीपावली के नाम पर पर्यावरण को दूषित कर रहे हैं। अब हमें पुनः अपनी परंपरा को समझना होगा। हमें मिट्टी के दिये जलाने की परंपरा की पुनः शुरूआत करनी होगी। इससे कीड़े मकोड़े मरते हैं। झालर और लाइट से कीड़े नहीं मरते। हमारी संस्कृति सरसों के तेल के दिये जलाना है, अच्छे पकवान बनाना, मिठाइयाँ खाना और पड़ोसी को भी खिलाना, लोगों को उपहार देना आदि है।

# मुरझाए चेहरे खिल उठे, हर घर पहुंचे उजाला

**नरेंद्र तिवारी**

तब उक्त बुजुर्ग के चेहरे पर आने वाली खुशी निश्चित ही समाज के हर वर्ग की हैप्पी दीपावली का भावना प्रदान संदेश है। सहयोग का पाठ 2018 में बने उक्त विज्ञापन सिखाते प्रतीत होते है। भारतीय संस्कृति सनातन संस्कृति है। हमारी परंपरा के महान चरित्रों ने भी आपसी सहयोग के उदाहरण प्रस्तुत किए है। संवेदनाओं को समझा है, दारुण दुख से पीड़ित लोगों के साथ खड़े होकर उन्हें कष्टों से उभारा है। दीपावली का महान उत्सव जिस महान चरित्र के 14 वर्षीय वनवास से अयोध्या लौटने, दानवी प्रकृति से विजय होने की खुशी में सदियों से मनाया जा रहा है। वह है मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम जिनका संपूर्ण जीवन समानता और आपसी सहयोग की भावना को समर्पित रहा। तुलसीदास रचित रामचरितमानस में शबरी और श्रीराम के मिलन का वर्णन करती चौपाई सबरी देखि राम गृह आए

**दीपावली** की उजास से मुरझाए चेहरे भी खिल उठे, हर घर में प्रगति का प्रकाश पहुंचे, दीप पर्व में छुपा यह महत्वपूर्ण संदेश हमें सामाजिक सहयोग की प्रेरणा देता है। सामाजिक सहयोग की यह भावना सिर्फ दीपावली के दिनों में ही नहीं अपितु साल के 365 दिन चलती रहनी चाहिए। आपसी सहयोग की भावना से ही समाज में समानता स्थापित हो सकती है। इसी तरह की निर्मल ओर पवित्र सहयोग की भावना का संदेश देता एक टीवी विज्ञापन जब भी देखता हूँ, मन में निर्मल ओर पवित्र सामाजिक सहयोग की भावना बलवती होने लगती है। एचपी इंडिया कंपनी द्वारा दिखाए जाने वाले इस विज्ञापन का निर्माण वर्ष 2018 में हुआ विज्ञापन में दीपावली के दौरान सड़क के किनारे बैठी एक बुजुर्ग महिला दिए बेच रही है, दीपावली की खरीदी के दौरान अपनी माँ के साथ बाजार आया बालक अपनी माँ से दीपक खरीदने को कहता है, बुजुर्ग महिला से दिए खरीदने हेतु अनिच्छा जताती माँ अपने पुत्र के साथ आगे निकल आती है। किंतु संवेदनशील बालक अकेला आकर दीपक खरीदते हुए बुजुर्ग महिला से जब हैप्पी दीपावली कहता है तब अपने पर्याप्त दीपक न बिक पाने से निराश बुजुर्ग महिला बालक से कहती है काहे की हैप्पी दिवाली, जब तक यह दिए न बिक जाए। बालक बुजुर्ग महिला की मोबाइल से फोटो खींचता है, अपने लेपटॉप से बुजुर्ग अम्मा की फोटो सहित एक पोस्टर बनाता है जिसपर लिखा होता है अम्मा की दीपावली हैप्पी बनाओ, जाकर उनसे दिए ले आओ। इन पोस्टरों को अपने आसपास के घरों में ओर दीवारों पर चिपका देता है। पोस्टर देखकर, पढ़कर बुजुर्ग अम्मा के सारे दिए बिक जाते है। मुरझाया चेहरा खिल उठता है। दीपावली के दौरान भावप्रधान यह विज्ञापन समाज में सहयोग की भावना को बढ़ाता है, परस्पर सहयोग करने की प्रेरणा भी देता है। एचपी इंडिया का एक ओर भावना प्रधान विज्ञापन है जिसमें बुजुर्ग चित्रकार की पेंटिंग की दुकान महानगर के बाजार से हटा दी जाती



है, तब यह बुजुर्ग कहता है, आजकल शहरों में हमारे लिए जगह नहीं रही। बुजुर्ग के मुंह से निकले उक्त कथन को एक कला पसंद संवेदनशील महिला सुन रही होती है जो किसी कंपनी की प्रमुख होती है। अपनी कंपनी के ऑफिस में दीपावली की सजावट हेतु उस बुजुर्ग की चित्रकला का उपयोग करती है। बुजुर्ग को कंपनी के ऑफिस आमंत्रित करती है।

तब उक्त बुजुर्ग के चेहरे पर आने वाली खुशी निश्चित ही समाज के हर वर्ग की हैप्पी दीपावली का भावना प्रदान संदेश है। सहयोग का पाठ 2018 में बने उक्त विज्ञापन सिखाते प्रतीत होते है। भारतीय संस्कृति सनातन संस्कृति है। हमारी परंपरा के महान चरित्रों ने भी आपसी सहयोग के उदाहरण प्रस्तुत किए है। संवेदनाओं को समझा है, दारुण दुख से पीड़ित लोगों के साथ खड़े होकर उन्हें कष्टों से उभारा है। दीपावली का महान उत्सव जिस महान चरित्र के 14 वर्षीय वनवास से अयोध्या लौटने, दानवी प्रकृति से विजय होने की खुशी में सदियों से मनाया जा रहा है। वह है मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम जिनका संपूर्ण जीवन समानता और आपसी सहयोग की भावना को समर्पित रहा। तुलसीदास रचित रामचरितमानस में शबरी और श्रीराम के मिलन का वर्णन करती चौपाई

सबरी देखि राम गृह आए।
मुनि के बचन समुझि जियं भाए।।

आरण्यकांड में श्रीराम और शबरी के मिलन का सुंदर चित्रण किया है। शबरी प्रभु राम के आगमन पर उन्हें बेर खिलाती है। बेर मीठे ही प्रभु खा पाए इसलिए हर बेर को चखकर सिर्फ मीठे बेर ही प्रभु को खिलाती है। शबरी ने प्रभु श्रीराम को बताया था कि मतंग ऋषि उन्हें यह बता चुके थे कि एक दिन सीता को खोजते हुए राम यहीं आएंगे। इस दौरान जहां सबरी ने भगवान राम को सीता जी को खोजने के लिए वानर राज सुग्रीव एवं हनुमान जी की मदद के बारे में बताया तो श्रीराम ने शबरी को नवधा भक्ति का उपदेश दिया था। सबरी ओर राम की यह मुलाकात दक्षिणझपश्चिम गुजरात के डांग जिले के सुबीर गांव के पास सबरी धाम में होने की जनश्रुति चली आ रही है। वनवासी सबरी ओर श्रीराम की मुलाकात का यह प्रंसग मानवीय जीवन की कोमल भावनाओं का प्रकटीकरण है। इसी तरह के निर्मल भाव केवट और राम की मुलाकात में भी नजर आते है। कोमल, निर्मल ओर पवित्र भावनाओं के अनेकों प्रसंग श्री राम के जीवन से जुड़े है। भारतीय समाज के एक ओर नायक श्री कृष्ण के जीवन से जुड़े अनेकों प्रसंग दुनियां का मार्ग दर्शन कर रहे है, किंतु सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता की कहानी दोस्ती की अमिट यादगार और प्रेरणादाई प्रसंगों में दर्ज हो गई। जब भी ईमानदार मित्रता की चर्चा होती है। कृष्ण-सुदामा दोस्ती का यह प्रंसग बरबस जहन में आ जाता है।

सदियों से चले आ रहे कोमल, पवित्र और मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण यह प्रसंग संपूर्ण विश्व के मार्गदर्शक सूत्र के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे है। किंतु जब धन, पावर, सत्ता का नशा व्यक्ति के सर चढ़कर बोलने लगता है, निजी स्वार्थों से वशीभूत होकर व्यक्ति इन कोमल भावनाओं के प्रतिकूल जाकर कार्य करने लगते है। भावनाओं की प्रतिकूलता व्यक्ति के जीवन को नकारात्मकता प्रदान करती है। यहीं नकारात्मकता धन, संपदा, सत्ता, ताकत के घमंड को तोड़ती है।

दीपावली के महान सनातनी पर्व पर दया, करुणा, सेवा की भावनाओं का प्रदर्शन होना चाहिए। देखने में आता है कि इन्हीं पवित्र भावनाओं से प्रेरणा पाकर अनेकों संस्थाएं, संगठन और व्यक्ति दिन दुखियों के चेहरों पर मुस्कुराहट लाने के प्रयास में जुटे रहते है। वर्ष 1966 में बनी फिल्म बादल का यह खूबसूरत गीत झअपने लिए जिए तो क्या जिए, ऐ दिल जी तू जमाने के लिए, गीतकार मन्नाडे द्वारा गाया यह गीत भी इन्हीं कोमल और पवित्र भावनाओं का प्रतिनिधि गीत है। मनुष्य का जीवन सदैव एकसा नहीं रहता है, उतारझचढ़ाव, सुखझदुख सभी के जीवन का हिस्सा है। खराब और बुरे दौर में आपके द्वारा किया गया सहयोग, प्रेम के बोल, प्रकट संवेदनाएं बल देती है। व्यक्ति फिर से खड़े होकर लड़ने को तैयार होता है, अपने बुरे दौर को हराने के प्रयास में जुट जाता है। दुनियाँ को प्रकाशित करने वाली इन भावनाओं का दीपों के इस पर्व पर भी भरपूर उपयोग करें। सबकी दीपावली हैप्पी हो, सुदूर बस्ती की झोपडी भी प्रकाशित हो, मुरझाए चेहरे खिल उठे, हर घर पहुंचे दीपक का प्रकाश। यही तो है दीपावली का असली संदेश।

## कविता

### हँसी स्वयं मुस्कुरा के शरमाई है

आज तो एक पोस्टर ने धूम मचाई है।
उसे देखकर ही सबको हँसी आई है।
चारा घोटाले से पड़ा था उनका पाला।
ईडी-सीबीआई ने उन्हें निचोड़ डाला।
जो था सामाजिक न्याय का रखवाला।

आज तो एक पोस्टर ने धूम मचाई है।
उसे देखकर ही सबको हँसी आई है।
हेमा मालिनी के गालों जैसी सड़क,
बनाने का इन्होंने किया था तब वादा।
समोसे में ही आलू हो गए थे ज्यादा।

आज तो एक पोस्टर ने धूम मचाई है।
उसे देखकर ही सबको हँसी आई है।
भई खूब पसंद था इन्हें मंत्रालय रेल।
मंजूर कुछ और था तो हो आए जेल।
अब एक अलग ही मची है रेलम पेल।

आज तो एक पोस्टर ने धूम मचाई है।
उसे देखकर ही सबको हँसी आई है।
इनके बड़े जबरदस्त फैन है कार्यकर्ता।
बिना सोचे ही फरमा रहे रफ्ता-रफ्ता।
उन्हें भारतरत्न देने की मांग दोहराई है।
आज हँसी स्वयं मुस्कुरा के शरमाई है।

संजय एम.

# महाराष्ट्र के चुनाव नतीजे तय करेंगे कांग्रेस का भविष्य

**श्याम यादव**

**भारतीय जनता** पार्टी को लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार के नारे से बहुत पहले रोककर कांग्रेस ने देश में एक ऐसा वातावरण निर्मित करने का प्रयास किया था कि बस एक कांग्रेस ही है, जो विपक्ष के साथ मिलकर भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी को रोकने में सक्षम है। इसका कारण यह भी था कि राहुल गांधी ने जिस तरह से लोकसभा चुनाव और उसके पहले देश में दो बार भारत जोड़ो यात्रा की उसके बाद जनता ने उनकी पार्टी को पिछले दो लोकसभा चुनाव से दुगनी सींटे इस बार जिताकर संसद में विपक्ष के पद पर बैठा दिया था। इस कारण कांग्रेस उत्साह से भर गई और भाजपा के खिलाफ बने इंडिया गठबंधन की अगुआई करने में जुटी हुई थी। लेकिन, हाल ही में हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार ने उसके इस जोश को ठंडा कर दिया। ये हाल ही हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की पांचवी हार है। इससे पहले वह मध्यप्रदेश, छतीसगढ़ उत्तराखंड और पंजाब में चुनाव हार चुकी है। हरियाणा की हार के बाद अब विपक्षी गठबंधन में भी कांग्रेस की वैसी महती भूमिका नहीं रह गई जैसी लोकसभा चुनाव के समय रही थी और इसका असर अब महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में भी दिखाई देगा।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव कांग्रेस के लिए एक निर्णायक चुनाव साबित हो सकते हैं। यदि कांग्रेस वहां वर्तमान की बदली हुई परिस्थितियों में अपने को साबित कर सके, जो आसान दिखाई नहीं दे रहा। क्योकि, कांग्रेस यहाँ तीन दशक से सत्ता से दूर है और यहाँ गठबंधन की सरकारें काबिज होती आई है। ऐसे में कांग्रेस की अकेले के दम पर तो वापसी संभव नहीं है और उसे सहयोगी दलों से अब नर्म रुख ही अख्तियार करना होगा।

महाराष्ट्र में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने भारतीय जनता पार्टी को करारा झटका देते हुए लोकसभा की 48 में से 30 सीटों पर कब्जा कर लिया था। जबकि, भारतीय जनता पार्टी और उसके गठबंधन को महज 17 सीट ही प्राप्त हुई थी। एक सीट निर्दलीय के खाते में गई थी। लेकिन, अब महाराष्ट्र की राजनीतिक परिस्थितियों बदल चुकी हैं। ऐसे समय में जबकि कांग्रेस का रुतबा भी गठबंधन में कम हो रहा है, तब अपने आप को महाराष्ट्र में बनाए रखना कांग्रेस के लिए न केवल महाराष्ट्र बल्कि पूरे इंडिया गठबंधन में भी अपने अस्तित्व को बचाने का मुद्दा बन जाएगा।

देखा जाए तो हरियाणा विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस ने गठबंधन से ज्यादा अपने को महत्व दिया और सहयोगी दलों के अनुसार समझौता नहीं किया। यही कारण है कि लोकसभा की दस में से पांच सीट जीतने के बावजूद विधानसभा चुनाव हार गई। जबकि, एक्जिट पोल में कांग्रेस की सरकार वैसी ही बनती दिखाई जा रही थी जैसे मध्यप्रदेश में दिखाई गयी थी।

## विचार

# शांति और संतोष का असली स्रोत हमारे भीतर है

**मनुष्य** के जीवन का सबसे बड़ा संघर्ष बाहरी दुनिया की चुनौतियों से कम और आंतरिक शांति की खोज से अधिक है। यह जीवन यात्रा हमें विभिन्न परिस्थितियों से गुजाराती है, जहां हमें कभी सामाजिक, कभी आर्थिक, और कभी व्यक्तिगत रूप से खुद को परखना पड़ता है। इस पूरी प्रक्रिया में एक प्रमुख बात जो उभरकर सामने आती है, वह है तुलना की मानसिकता। तुलना वह आदत है, जो हमें अपनी असलियत से दूर कर देती है और हम दूसरों के जीवन को अपने से बेहतर समझने लगते हैं। इस मानसिकता से छुटकारा पाने के लिए हमें सबसे पहले यह समझने की जरूरत है कि शांति और संतोष का असली स्रोत हमारे भीतर है, न कि बाहरी दुनिया में। आज के आधुनिक समाज में तुलना की प्रवृत्ति इतनी गहराई से जड़ें जमा चुकी है कि हम हर क्षण दूसरों से आगे निकलने की होड़ में लगे रहते हैं। चाहे वह हमारी आर्थिक स्थिति हो, सामाजिक प्रतिष्ठा हो या फिर रिश्तों का जटिल तानाबाना, हम हर चीज में दूसरों से बेहतर बनने की कोशिश करते हैं। यह मानसिकता न केवल हमारे मनोविज्ञान पर नकारात्मक प्रभाव डालती है, बल्कि हमारे रिश्तों और सामाजिक जीवन को भी कमजोर करती है। एक समय आता है, जब हम अपने मूल सिद्धांतों से भटक जाते हैं और अपने वास्तविक लक्ष्यों को खो देते हैं। यह स्थिति हमें लगातार अशांत और असंतुष्ट बनाती है। तुलना की यह प्रवृत्ति जब हमारे जीवन का हिस्सा बन जाती है, तो हम शांति और संतोष को अपने जीवन से दूर कर लेते हैं। जब हम किसी और के जीवन की सुविधाओं, संपत्ति या प्रतिष्ठा से अपनी तुलना करते हैं, तो हम अपने जीवन के प्रति कृतज्ञता को भूल जाते हैं। यह मानसिकता हमें न केवल अपने वर्तमान से असंतुष्ट करती है, बल्कि भविष्य के प्रति भी एक प्रकार की उदासीनता को जन्म देती है। इसी तरह की तुलना का सामना हमें समाज के हर क्षेत्र में देखने को मिलता है, चाहे वह कार्यक्षेत्र हो, परिवार हो या फिर हमारे व्यक्तिगत रिश्ते। आंतरिक शांति प्राप्त करने के लिए हमें सबसे पहले इस तुलना की प्रवृत्ति को त्यागना होगा। अगर हम अपने जीवन में स्थिरता और संतुलन लाना चाहते हैं, तो हमें अपने विचारों को नियंत्रित करना होगा और अपने मन को शांत करना होगा। यही वह बिंदु है, जहां से वास्तविक शांति का मार्ग प्रारंभ होता है। इसका अर्थ यह नहीं है कि हम जीवन की प्रतिस्पर्धा से पूरी तरह दूर हो जाएं, बल्कि इसका अर्थ है कि हम अपने जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति जागरूक रहें। जब हम अपने मन को विचारशून्य अवस्था में रखते हैं, तभी हम आत्म-निरीक्षण की प्रक्रिया में प्रवेश कर सकते हैं और अपने जीवन के वास्तविक लक्ष्यों को समझ सकते हैं। मन की शांति के लिए सबसे महत्वपूर्ण है आंतरिक नियंत्रण। यह तब आता है जब हम अपने विचारों को एक दिशा में केंद्रित कर पाते हैं। जब हमारा मन किसी बाहरी परिस्थिति से प्रभावित नहीं होता, तब हम अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानते हैं। यह वही शक्ति है, जो हमें हमारी आत्मा की गहराइयों तक ले जाती है और हमें आत्म-साक्षात्कार की ओर अग्रसर करती है। जब हम अपने विचारों को नियंत्रण में रखते हैं, तो हमारे जीवन में स्थिरता आती है। इसी स्थिरता के कारण हम अपने जीवन के हर पहलू में संतुलन स्थापित कर सकते हैं। प्रेम और तुलना की प्रवृत्ति का गहरा संबंध है। जब तक हम अपने जीवन में प्रेम को पूरी तरह से समझ नहीं लेते, तब तक हम तुलना से मुक्त नहीं हो सकते। प्रेम का वास्तविक अर्थ तभी समझ में आता है, जब हम किसी व्यक्ति, वस्तु या परिस्थिति के प्रति बिना किसी अपेक्षा के स्नेह और करुणा का भाव विकसित करते हैं। तुलना हमें हमेशा यह सोचने पर मजबूर करती है कि हम दूसरों से बेहतर हैं या नहीं, लेकिन जब हम प्रेम को समझते हैं, तब हमें यह अहसास होता है कि तुलना का कोई वास्तविक महत्व नहीं है। प्रेम और शांति एक-दूसरे के पूरक हैं। जब हमारे जीवन में प्रेम होता है, तभी हम शांति को महसूस कर पाते हैं। यह प्रेम केवल व्यक्तिगत रिश्तों तक सीमित नहीं है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# प्रभु श्रीराम के विराट चरित्र को आत्मसात करें

**सर्वप्रथम** संपूर्ण देशवासियों दीपावली की अनंत बधाइयां एवं हार्दिक शुभकामनाएं।आइये इस बार दीपावली पर्व प्रभु श्रीराम के विराट चरित्र का अनुशरण कर दीवाली पर्व को विशष्ट तरीके से मनाने का प्रयास करें।इस बार दीवाली को तमाम समाजिक बुराइयों,विंसगतियों से बचाते हुए वायु प्रदूषण से मुक्त रखकर धुआं फैलाने वाले पटाखों से परहेज करें औ? साप्रदायिक भाईचारे के साथ सर्व-धर्म सर्व-भाव की भावना के एक साथ मिल जुल कर इसे विशेष बनाएं। दीपावली पर्व के आते-आते संसार में फैला तमस( गहन अंधकार) स्वमेव छटने लगता है, दीपावली के दिवस पर ना सिर्फ सुबह, दोपहर सूरज की रोशनी से दीप्त होते हैं, बल्कि दीपोत्सव की रात्रि भी मां धरती की सोंधी गंध से लिप्त पवित्र माटी से बने दीपको की रोशनी से आच्छादित होकर जगमगाने लगती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार दीपावली भगवान श्री रामचंद्र जी 14 वर्षों के वनवास के बाद समस्त बुराइयों के प्रतीक रावण के वध के पश्चात अयोध्या लौटने पर इनका अयोध्या वासियों द्वारा घी की दीपमालाओं को नगर में कतार में लगाकर स्वागत किया गया था। राजा रामचंद्र जी सद्गुणों,अच्छाइयों, धैर्य,संयम और देव तुल्य सद्गुणों के न सिर्फ प्रतीक माने जाते हैं बल्कि स्वयं सिद्ध देवता भी हैं, जिन्होंने संपूर्ण जगत को रावण जैसी अनंत बुराइयों से मुक्त कराया था। आज उसी परंपरा पारीपाटी कों शिरोधार्य करते हुए मेहनतकश कुम्हारों और मां धरती की मिट्टी से बने पवित्र दीपों से उद्दीप्त करके समस्त सद्गुणों को द्विगुणित करने के लिए यह त्यौहार समस्त ऊर्जा और उत्साह से मनाते हैं। जगत वासी एक दूसरे से मिलकर बुराइयों के प्रतीकों को नष्ट करने का संकल्प लेकर एक दूसरे का मुंह मीठा भी कराते हैं, एवं औपचारिक तौर पर एक-दूसरे को उपहार देने का उपक्रम भी किया जाता है। गहन तमस पर उजाले की जीत का पर्व ही दीपावली है। सही मायने में दीपावली में हमें अपने घरों को माटी के दीपों से उज्जवल इत कर अपने व्यक्तित्व को ज्ञान के दीप से उद्दीप्त करना चाहिए। ऋषि मुनि ऐसा कह गए हैं कि शरीर को एक दिन इसी माटी में मिल जाना है।

# दीपावली का लोकतंत्र

**डॉ. सुरेश कुमार**

**चिंकी,** जो एक छोटी सी गिलहरी थी, अपने दोस्तों के साथ पेड़ की डाल पर बैठी हुई थी। वह उत्साहित थी क्योंकि दीपावली का त्योहार नजदीक था। तभी एक बुढ़ा कौआ, जो उनकी बातें सुन रहा था, अचानक बोला, "कहां जा रही हो, चिंकी?" "बम फोड़ने, दादू!" चिंकी ने लापरवाही से जवाब दिया। "अरे, दीपावली पर तो फोड़ने का मजा नहीं आता। एक दिन में बम फोड़कर क्या हासिल होगा?" काले काले दादू ने कहा। "क्यों नहीं आता, दादू? सब करते हैं!" चिंकी ने मुंह चिढ़ाते हुए कहा। "बेटी, एक दिन में तो कुछ भी नहीं है। ये सब तो बस दिखावा है। असली मजा तो चारों ओर रोशनी में डूबने का है। अब जरा सोचो, हम कितनी बमबारी कर रहे हैं, और क्या हुआ? अगली सुबह सब सोने चले जाते हैं!" दादू ने समझाया। "लेकिन दादू, सब तो ऐसा करते हैं। हम भी तो कुछ खास करना चाहते हैं।" चिंकी ने बोरियत से कहा। "देखो, मेरे प्यारे, यह तो लोकतंत्र का खेल है। यहां सब अपने-अपने बम फोड़ते हैं। सबको लगता है कि अगर वे नहीं फोड़ेंगे, तो कोई उन्हें याद नहीं करेगा। समझीं?" दादू ने गंभीरता से कहा। "क्या मतलब, दादू?" चिंकी ने आश्चर्य से पूछा। "मतलब ये कि हर कोई अपनी मर्जी से कुछ भी कर रहा है। कभी देखो, जरा नीचे की दुनिया में क्या हो रहा है। दीयों की रोशनी में तो लोग अपने सुख-दुख को भूल जाते हैं। पर असलियत तो यह है कि हर एक बम की आवाज के साथ हम अपने आसपास की शांति को बर्बाद कर रहे हैं।" "ओह, अब समझी!" चिंकी ने कहा। "तो फिर हमें क्या करना चाहिए?" "हमें अपने-अपने तरीके से दीपावली मनानी चाहिए। दीयों की जगमगाहट के साथ मिठाइयों का आनंद लेना चाहिए। क्यों न हम सब मिलकर एक सुंदर दीप जलाएं, जो हमारी एकता का प्रतीक हो?" दादू ने सुझाव दिया। "हम्म, अच्छा विचार है। लेकिन यह सब बम फोड़ने से तो अलग है, दादू!" चिंकी ने खींचते हुए कहा।

"बिल्कुल! जो सच्चे दिल से दीप जलाते हैं, वे ही असली विजेता होते हैं। यह लोकतंत्र का असली रूप है।" "तो हम दीप जलाएंगे और बम नहीं फोड़ेंगे?" चिंकी ने उत्सुकता से पूछा।

## न्यूज फ्लैश

### आर्य कॉलेज के गुनीत व तमन्ना ने राष्ट्रीय मीडिया फेस्ट में जीते दो प्रथम पुरस्कार

**पानीपत/(कमाल हुसैन )**
पंजाब के राजपुरा में स्थित चितकारा विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय उडान मीडिया उत्सव में आर्य कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा को लौहा मनवाते हुए अलग-अलग विधाओं में दो प्रथम पुरस्कार जीत कर कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य ने दोनों विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश गाहल्याण, शिवांक रावल, केशव शर्मा व प्राध्यापिका गजल पांचाल व सोनू को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी।
प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 अक्तूबर 2024 को पंजाब के राजपुरा में स्थित चितकारा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय उडान मीडिया फेस्ट आयोजन करवाया गया। मीडिया फेस्ट में पंजाब, हिमाचल, चंडीगढ व हरियाणा के विश्वविद्यालयों व कॉलेजों के लगभग 1000 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मीडिया फेस्ट में अलग-अलग विधाऐं आयोजित करवाई गई। समाचार पत्र डिजाइन की विधा में आर्य कॉलेज के जनसंचार विभाग के अंतिम वर्ष के छात्र गुनीत सिंह ने शानदार समाचार पत्र डिजाइन कर प्रथम पुरस्कार हासिल किया। वहीं जनसंचार विभाग की प्रथम वर्ष की छात्रा तमन्ना ने स्टोरी राइटिंग की विधा में प्रथम पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने बताया कि कॉलेज के जनसंचार विभाग के विद्यार्थी वर्ष भर थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिल कार्य पर ज्यादा मेहनत करते हैं क्योंकि मीडिया का क्षेत्र ही प्रैक्टिल है, इसी का परिणाम है कि इन विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर के मीडिया फेस्ट में इतनी शानदार उपलब्धि हासिल की।

### दिल्ली हवाई अड्डे ने शानदार मोर कला स्थापना का अनावरण किया

**नई दिल्ली :** दिल्ली हवाई अड्डे ने इस त्योहारी सीजन में एक शानदार 40 फीट मोर-थीम वाली स्थापना के साथ केंद्र मंच लिया है जो भीड़ को आकर्षित कर रहा है और शहर में सबसे नया आकर्षण बन रहा है। दिवाली के उल्लासपूर्ण त्योहार का जश्न मनाते हुए, यह स्थापना भारत की सांस्कृतिक समृद्धि और परंपराओं को समाहित करती है, जो यात्रियों को उत्सव की भावना की एक मनोरम झलक प्रदान करती है।दिवाली के अंधेरे पर विजय प्राप्त करने वाले प्रकाश और बुराई पर विजय प्राप्त करने वाले अच्छे के प्रतीक के अनुरूप, मोर हजारों जीवंत रोशनी के साथ चमकता है, जो समृद्धि और नवीकरण के लिए देवी लक्ष्मी के आशीर्वाद को आमंत्रित करता है। स्थापना कला, परंपरा और उत्सव के सही मिश्रण का प्रतीक है, जो इसे पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए समान रूप से एक अतुलनीय आकर्षण बनाता है।दिल्ली हवाई अड्डे के एक प्रवक्ता ने कहा, "लोग स्थापना के जादू को पकड़ने के लिए अपनी यात्रा पर रुक रहे हैं, फोटो की यादें बना रहे हैं जो दिवाली की खुशी को मूर्त रूप देती हैं। "यह केवल उत्सव की सजावट नहीं है-यह एक बयान है जो भारत की कलात्मक भावना को उजागर करता है।"स्थापना सौंदर्यशास्त्र से परे यात्रियों को दिवाली समारोह के सार में विसर्जित करने के लिए जाती है। आगंतुक इंटरैक्टिव जोन, उत्सव प्रदर्शन और लक्ष्मी पूजन से प्रेरित डिजाइन तत्वों के माध्यम से क्षेत्र का पता लगा सकते हैं जो बहुतायत, प्रकाश और आनंद का प्रतिनिधित्व करते हैं। स्थापना तेजी से एक पर्यटक चुंबक बन गई है, जो त्योहार के साथ जुड़ने का एक अनूठा और यादगार तरीका प्रदान करती है।यात्रियों द्वारा तस्वीरें साझा करने और उत्सव की खुशियाँ फैलाने के साथ, यह लुभावनी स्थापना जल्दी ही दिल्ली के सबसे चर्चित आकर्षणों में से एक बन रही है। दिवाली की भव्यता और भावना का अनुभव करने के लिए दिल्ली हवाई अड्डे पर रुकना सुनिश्चित करें!

### बैंकर्सक्लब ने अपनी पहली को-पार्टनरशिप लॉन्च की

**हिसार:** अनुभवी बैंकर्स की मदद से वित्तीय एडवाईजरी के क्षेत्र में परिवर्तन ला रहे इनोवेटिव फिनटेक, बैंकर्सक्लब ने आज भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों और केंद्रीय प्रांतों, जैसे चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में विस्तार करने की अपनी योजना के बारे में बताया। इस विस्तार का नेतृत्व संगठन के पहले को-पार्टनर, श्री राजीव पुरी द्वारा किया जाएगा, जो एक अनुभवी बैंकिंग विशेषज्ञ और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर हैं।बैंकर्सक्लब इन क्षेत्रों में 100 से ज्यादा बैंकर्स को शामिल करने के लक्ष्य के साथ अपने क्षेत्रीय कदमों को मजबूत बना रहा है। अपनी विस्तार योजनाओं के अंतर्गत संगठन ने चंडीगढ़ में अपना नया ब्रांच ऑफिस खोला है, जो शहर के बीच सेक्टर 17 में स्थित है। इस क्षेत्र में कंपनी का संचालन इसी ऑफिस से किया जाएगा। कंपनी द्वारा योग्य पूर्व बैंकर्स की मदद से छोटे व्यवसायों, एमएसएमई, और स्टार्टअप्स को अनेक रणनीतिक कॉर्पोरेट फाईनेंशल एडवाईजरी सेवाएं और समाधान प्रदान किए जाएंगे।श्री राजीव पुरी को बैंकिंग के क्षेत्र में गहन अनुभव है। वो पीएनबी और सेंट्रल बैंक में महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुके हैं। अब वो अपने ज्ञान और विशेषज्ञता के साथ बैंकर्सक्लब में सेवाएं देंगे।

# शिक्षा, चिकित्सा व सुरक्षा हरियाणा सरकार का मूल आधार: कृष्ण बेदी

## कुवि हरियाणवी संस्कृति संरक्षण में निभा रहा है महत्वपूर्ण भूमिका: कृष्ण बेदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा सरकार के सामाजिक, न्याय एवं सहकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा व सुरक्षा हरियाणा सरकार का मूल आधार है। इसी आधार पर सरकार काम करते हुए हरियाणा एक, हरियाणवी एक के मूल मंत्र को चरितार्थ कर रही है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा विशेष रूप से बधाई के पात्र है जो कि हरियाणवी संस्कृति के संरक्षण, उत्थान व बढ़ावे के लिए दिन रात काम रहे हैं। रत्नावली महोत्सव का इंतजार केवल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों व प्रतिभागियों को ही नहीं बल्कि हरियाणा प्रदेश के सभी लोगों की इस पर निगाहें रहती हैं। जब हम छात्र थे तब भी



यह कार्यक्रम उतना ही उत्साह देता था और आज हम एलुमनी हैं तब भी उतना ही इंतजार रहता है। वे शनिवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आडिटोरियम हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव के दूसरे दिन बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।
हरियाणा प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि 2006 से पहले रत्नावली महोत्सव हरियाणा दिवस के रूप में मनाया जाता था। दिन प्रतिदिन रत्नावली का स्टेटस व विधाएं बढ़ती जा रही है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय नई बुलंदियों और ऊंचाइयों को छू रहा है और इस विश्वविद्यालय को उनके नेतृत्व में चार चांद लग रहे हैं। वर्ष 1989 में उन्होंने स्वयं रत्नावली में प्रतिभागिता की थी। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वप्न बेटी बचाओ बेटी पढाओं को आगे बढ़ाते हुए हरियाणा व देश बेटियों की सुरक्षा व सम्मान में बहुत आगे स्थान रखता है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि मेरिट के हिसाब से बिना पर्ची व खर्ची से युवाओं को रोजगार मिल रहा है। हरियााणा प्रदेश के 6768 गांवों व 22 जिलों में समान रूप से विकास के कार्य किए गए हैं। आज हरियाणा प्रदेश तरक्की की राह पर अग्रसर है। क्षेत्रवाद व इलाकावाद खत्म कर सभी जिलों में पानी, बिजली, विकास, नौकरियों का समान वितरण हरियाणा एक, हरियाणवी एक की तर्ज पर हो रहा है।

## बैंक के बाहर से दो-पहिया वाहन चोरी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में बैंक के बाहर से दो-पहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। वाहन चालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव खांडा खरखौदा निवासी नवीन ने बताया कि गत 23 अक्टूबर को शिकायत देकर बताया कि वह ओल्ड डीसी रोड पर स्थित बैंक में काम के लिए आया था। बाइक को बैंक के बाहर खड़ी करके अंदर चला गया। कुछ देर बाद वह बाहर निकाला तो बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी सतबीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

**शिकायत दी**

**▶▶ बाइक को बैंक के बाहर खड़ी करके अंदर चला गया। कुछ देर बाद वह बाहर निकाला तो बाइक गायब मिली**

क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द बाइक चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। वहीं कुंडली थाना क्षेत्र में घर के बाहर से बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है।गांव मनौली निवासी अरविंद ने बताया कि वह अपने दो-पहिया वाहन को कृषि के कार्यो में इस्तेमाल करता है। गत 24 अक्टूबर को बाइक को घर के बाहर खड़ा कर दिया। किसी ने बाइक को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

## मोटरसाईकिल चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत:** जिले के थाना सदर सोनीपत की पुलिस टीम ने मोटरसाईकिल चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दीपक पुत्र महेन्द्र पाल निवासी फाजिलपुर जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 01 सितम्बर को गौरव पुत्र बब्लू निवासी जनता कलोनी, सोनीपत नें थाना सदर सोनीपत में शिकायत दी कि मैंने अपनी मोटरसाईकिल कल दिनाकं 31-08-2024 को टायर की दुकान के नीचे खडी करी थी जो सुबह उठकर मैने देखा तो कोई नाम पता ना मालूम व्यक्ति चोरी करके ले गए।

# छात्रों ने निभाया रामायण के किरदारों को

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
समालखा के हिमगिरी स्कूल में रामलीला का मंचन कर बच्चों ने मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान बच्चों ने अपने अंदर की बुराई को मारने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बतौर विशेष अतिथि बृज मोहन जी रिटायर्ड डीईई ओ पानीपत ,स्कूल मैनेजर विजयलक्ष्मी राठी राजबीर राठी रिटायर्ड डाई डीईओ , प्रधानाचार्य प्रमोद राठी, उप प्रधानाचार्य रितु लठवाल व स्कूल के एओ रामनिवास पांचाल उपस्थित रहे। सम्पूर्ण रामायण के घटनाक्रमों को विद्यार्थियों ने बेहतरीन अभिनय, डायलॉग डिलीवरी और भाव-भंगिमाओं से नाट्य रूप को जीवंत




किया। पुरुषोत्तम श्री राम का किरदार सौम्य ने , माता सीता का गुरमीत ने, लक्ष्मण का हर्षित ने, रावण का सक्षम ने सहज रूप से किरदार निभाया ।हमारे स्कूल के अध्यक्ष राजबीर राठी ने इस अवसर पर कहा, "रामलीला मंचन हमारी सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। हमें इस प्रकार के कार्यक्रमों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।"
रामलीला मंचन के साथ हमने एक बार फिर से रामायण की महानता को महसूस किया। इस कार्यक्रम ने हमें सांस्कृतिक विरासत के महत्व की याद दिलाई। हमें उम्मीद है कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए एक यादगार अनुभव रहेगा। इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों के संस्कारों में वृद्धि होगी और विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, सद्भाव, सहयोग, और सम्मान की भावना विकसित होगी।

## जिले में डेंगू का प्रकोप बढ़ा, 12 मरीज मिलने से आकड़ा 219 पर पहुंचा

**सोनीपत: जिले** में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। जिले में डेंगू के 12 नए मरीज मिले हैं। शुक्रवार को डेंगू लैब से रिपोर्ट जारी की गई। अब जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 219 हो गई है। वही मलेरिया के मरीजों की संख्या 36 है। स्वास्थ्य विभाग की 168 टीमों की ओर से घर-घर जाकर बर्तनों में भरे पानी में मच्छरों का लारवा की जांच की जा रही है। साथ ही लोगों को डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बता दें कि मौजूदा समय में वायरल बुखार के मरीज काफी संख्या में मिल रहे है। वहीं डेंगू, मलेरिया भी अपना प्रकोप दिखा रहा है। विभाग की टीम घर-घर जाकर मलेरिया जांच के लिए मरीजों के रक्त के नमूने लेकर प्रयोगशाला में भेज रही है। साथ ही मरीजों को डेंगू की जांच के लिए उन्हें नागरिक अस्पताल व महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रही डेंगू लैब में रक्त के नमूने देने देने की सलाह दी जा रही है। साथ ही उन्हें डेंगू व मलेरिया से बचाव की जानकारी दी जा रही है। शुक्रवार को विभाग की तरफ से जारी की रिपोर्ट में 12 नए मरीज डेंगू बुखार के सामने आए है। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि रात में सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। क्वाइल, क्रीम या तेल का उपयोग करना चाहिए।

# वसूली कांड में शामिल दस हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: एसएजी** यूनिट सेक्टर-7 ने सोनीपत-गोहाना सड़क मार्ग से डयूटी पर जा रहे पटवारी का अपहरण कर व नकदी वसूली करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संदीप निवासी गांव पांची का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। मयूर विहार निवासी ओमप्रकाश मलिक ने गत पांच सितंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह मोहाना और जुआं गांव का पटवारी है। वह बुधवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे वह मयूर विहार स्थित अपने घर से कार्यालय के लिए निकला था। वह अपने कार्यालय हैबिटेट क्लब, रेड क्रॉस रोड सोनीपत के लिए करीब 9.40 बजे पर निकला था। गली नं0 19 में थोड़ा चलते ही एक व्यक्ति जिसने पुलिस की आधी ड्रैस खाकी पेन्ट, लाल जूते, लाल रंग की बेल्ट व बेल्ट से पिस्टल टंगी हुई तथा सफेद रंग

**पेश किया**

**▶▶ गिरफ्तार आरोपित संदीप निवासी गांव पांची का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया**

की शर्ट पहने हुए ने मुझे हाथ का ईशारा करके मेरी गाड़ी को रोकने कि लिए कहा। गाड़ी रोकने पर उस व्यक्ति ने कहा कि मलिक साहब आप कार्यालय की तरफ जा रहे हो तो मुझे भी उसी तरफ जाना है मुझे लिफ्ट दे दो। उसने उसे लिफ्ट दे दी। वह गोहाना रोड पर मयूर विहार के सामने पहुंचा। उसी दौरान उसने कहा कि मुझे गोहाना रोड बडवासनी की तरफ से कुछ जरूरी कागजात लेकर आने है। उसने कार को बड़वासनी की तरफ लेने को कहा। उसने कार को रोका तो व्यक्ति ने उसकी गर्दन पकड़ ली। उसके बाद कनपटी पर पिस्तौल लगा कर कहा कि वह पुलिस वाला नहीं है, बदमाश है। किसी तरह उसने नीचे उतरने का प्रयास किया, लेकिन व उतर नहीं पाया। उसे पिस्तौल के बल पर पर बवाना नहर की तरफ घुमाते रहे। उसके बाद उससे दो करोड़ की फिरौती मांगी। उसने डर के चलते अलग-अलग जगहों से 19 लाख रुपये का इंतजाम किया। उसे पुरखास व शेखपुरा के बीच में मेरी कार सहित छोड़कर चले गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस दो आरोपितों संदीप जगमेंद्र व नाबालिग को पहले काबू कर लिया था।

# थार गाड़ी ने स्कूटी सवार दो छात्रों को चापेट में लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार थार गाड़ी ने दोस्त के पास जा रहे स्कूटी सवार दो छात्रों को चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों घायल हो गए। गाड़ी चालक हादसे के बाद गाड़ी सहित फरार हो गया। हादसा स्थल के पास से निकल रहे एसीपी राहुल देव ने घायलों को सड़क पर पड़ा देखा तो अपनी गाड़ी में घायलों को लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचा। जहां दोनों छात्रों को प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रेफर कर दिया। परिजन उन्हें निजी अस्पताल में ले गए। जहां उनका

**उपचार**

**▶▶ प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने घायलों को किया रेफर, निजी अस्पताल में करवाया जा रहा**

उपचार चल रहा है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार छात्र उज्जवल, दीपांशु कोचिंग लेते है। दोनों स्कूटी पर सवार होकर अपने दोस्त के पास जा रहे थे। वह सेक्टर-15 के पास पहुंचे। उसी दौरान तेज रफ्तार थार गाड़ी ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे के बाद गाड़ी चालक गाड़ी सहित फरार हो गया। उसी दौरान सड़क मार्ग से गुजर रहे एसीपी राहुल देव ने घायलों को सड़क पर देखा। उन्होंने अपनी गाड़ी को रुकवा कर दोनों को नागरिक अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां घायलों को आपातकालीन कक्ष में भर्ती करवाया। आपातकालीन कक्ष में तैनात डा. मंजीत राठी ने बताया कि दोनों छात्रों को प्राथमिक उपचार दिया गया। उसके बाद उनकी हालत गंभीर होने के चलते रेफर कर दिया।

## धान और बाजरा की आवक के साथ ही सुचारू रूप से खरीद जारी

**सोनीपत:** उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने कहा कि खरीफ सीजन के अंतर्गत जिला में है। सोनीपत जिला में 25 अक्टूबर सायं तक 01 एक लाख 57 हजार 612 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इनमें कॉमन धान 3064 मीट्रिक टन, ग्रेड-ए 1193 मीट्रिक टन, बासमती 5025 मीट्रिक टन तथा 1509 किस्म 01 लाख 48 हजार 330 मीट्रिक टन शामिल है। इसके अलावा जिला की सभी खरीद केंद्रों पर अब तक किसान 1225.8 मीट्रिक टन बाजरा लेकर पहुंचे है। जिसकी खरीद की जा चुकी है। उपायुक्त ने कहा कि धान व बाजरा की खरीद के लिए प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां की गई है।

# एकदिवसीय शिविर का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस के एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य श्री रमेश कुमार जी ने अपने कर कमल द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया। शिविर का आरंभ लक्ष्य गान के द्वारा किया गया। इस मौके पर उनके साथ स्टाफ गण उपस्थित रहा। उसके पश्चात प्रधानाचार्य जी ने एनएसएस की सभी छात्राओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के बारे में बताया तथा उन्हें इसका उद्देश्य समझाया इस मौके पर अंग्रेजी के प्रवक्ता श्री विकास शर्मा जी ने भी बच्चों का




मार्गदर्शन किया तथा बच्चों को एक प्रेरणादायक गीत सुनाते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। इस एक दिवसीय शिविर में बच्चों ने विद्यालय के प्रांगण की सफाई करी तथा सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी बलबीर दास ने बच्चों को सड़क सुरक्षा ,बाल यौन शिक्षा, नशा मुक्ति और साइबर क्राइम के विषय विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। अवसर पर सभी अध्यापक गण का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ तथा यह सारा कार्यक्रम कार्यक्रम अधिकारी श्री सुखदेव की देखरेख में संपन्न हुआ। अंत में सभी स्वयं सेविका -सेविकाओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई।

# विद्यार्थी राष्ट्र एवं समाज के लिए एक अमूल्य धरोहर: डा. श्रीप्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा समाज के जरूरतमंद बच्चों के लिए निःशुल्क संचालित मातृभूमि शिक्षा मंदिर परिसर में डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल सेक्टर - 13 के छात्र छात्राये शैक्षणिक,संस्कृति एवं संस्कार हेतु भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत अपने शिक्षिकाओं के साथ आश्रम की गतिविधियों का अवलोकन किया एवं विद्यार्थियों से मुलाकात की। इस उपलक्ष्य में डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल एवं मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों के मध्य जिज्ञासा संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारतमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से




सरस्वती वंदना के साथ हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों ने राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी एवं शिक्षक समूह ने बहुत ही जिज्ञासा पूर्वक मातृभूममि सेवा मिशन आश्रम की गतिविधियों का अवलोकन किया। डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का आश्रम परिसर पहुंचने पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर, पुष्पवर्षा के साथ शंख ध्वनि से के साथ स्वागत किया।
मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा उचित पथ प्रदर्शन और शिक्षण से माता

**मंत्रोच्चारण**

**▶▶ हमे विद्यर्थियो को यह दिखलाना चाहिए कि उस ज्ञान को कार्यान्वित कैसे किया जाए: डा. श्रीप्रकाश मिश्र**

पिता तथा शिक्षकों को बच्चों के विकास के लिए यह देखना चाहिए कि सामाजिक सन्दर्भ में बालकों के अनुभव यथा सम्भव सुखद हो, और तभी वे सरलता से नैतिकता का पाठ सीख सकेंगे। यदि बालक को कोई कार्य करने के लिए विवश किया जाता है तो वह कुछ भी न सीख सकेगा। अतः स्वाभाविक रूप में ही विद्यार्थी को सब कुछ सिखाने का प्रयत्न करना चाहिए। सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार व्यवहार दिखा पाना बच्चा कई वर्षों में सीख पाता है। यदि विद्यार्थी के ऊपर मनोवैज्ञानिक नियन्त्रण रखा गया और उसके विविध अनुभव सुखद बनाए गये तो विद्यार्थी नैतिक व्यवहार दिखलाने में समर्थ नहीं होता। आवश्यक ज्ञान देने के बाद उदाहरण द्वारा हमे विद्यर्थियो को यह दिखलाना चाहिए कि उस ज्ञान को कार्यान्वित कैसे किया जाए। विद्यार्थी किसी भी राष्ट्र एवं समाज के लिए एक अमूल्य धरोहर है।डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों यह विभिन्न वस्तुओ के रूप में उपहार भेंट किया।

# युवक के साथ कुकर्म करने की वारदात का आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : राई** थाना सोनीपत पुलिस ने युवक का अपहरण कर उसके साथ कुकर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अंकुर निवासी कैराना यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस वारदात में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश के प्रयास कर रही है। एक युवक ने गत 22 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह दिल्ली एक्साइज विभाग में प्राइवेट वाहन पर चालक की नौकरी करता था। उसके बाद हरियाणा से मुखबरी आती थी। जिसके चलते कुछ लोगों से शराब पकड़ी जाती थी। करीब तीन माह से वह नौकरी नहीं कर रहा है। गांव बिधल निवासी साहब सिंह शराब का काम करता है। उसकी दिल्ली में शराब पकड़ी गई थी। वहीं साहब सिंह की बहन उसके गांव में शादी शुदा है। करीब महीना पहले साहब सिंह घर पर आया। उसे कहा कि वह उनकी शराब की गाड़ियों को पकड़वाता है। पहले भी उसने ऐसा ही काम किया है। उसके बाद वह चला गया। वह उसका मोबाइल नंबर लेकर चला गया था। गत दो अक्टूबर को साहब सिंह के कई फोन आए। उसने कॉलर की कॉल को उठाया नहीं। उसके अगले दिन 11 बजे फिर उसके पास फोन आया। उसने कहा कि उसे मिलना है। वह गांव के बस अड्डे पर आ जाएं। गांव के अड्डे पर बाइक पर साहब सिंह पहुंचा। उसने धमकी दी कि उसकी बेटी स्कूल में पढ़ती है। उसकी सलामती चाहता है, तो बाइक पर बैठ जा। वह उसके साथ बाइक पर बैठ गया। साहब सिंह उसे लेकर सुपर मैक्स सोसायटी राठधाना में एक फ्लैट में ले गया। जहां कई लड़के मौजूद थे। उसके एक घंटे तक कमरे में बंद रखा गया।

# हरियाणा के विकास के मुद्दे पर सैनी की पीएम से चर्चा

**विचार-विमर्श**

**मुख्यमंत्री की प्रधानमंत्री के साथ राज्य के विकास के संबंध में विभिन्न परियोजनाओं व योजनाओं पर चर्चा**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री की प्रधानमंत्री के साथ राज्य के विकास के संबंध में विभिन्न परियोजनाओं व योजनाओं पर चर्चा व विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आने वाले समय में केंद्र व हरियाणा की डबल इंजन की सरकार प्रदेश के विकास की गति को तीव्रता से आगे बढ़ाएगी और विकास के मामले में नॉनस्टॉप हरियाणा झ बढ़ता हुआ हरियाणा होगा। मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मुलाकात करने के बाद मीडियाकर्मियों से कहा कि गत दिवस हरियाणा विधानसभा में सभी नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली और आज प्रधानमंत्री के साथ उनकी मुलाकात हुई। इस मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री के साथ कई अहम विषयों पर चर्चा हुई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हरियाणा में विकास की गति में तीव्रता लाएं ताकि लोगों के जीवन को सरल व सुगम बनाया जा सके। इसी कड़ी में गत दिनों उनकी नई दिल्ली में केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल और केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ भी बैठकें हुई है, जिसमें कई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम हरियाणा को विकास की दृष्टि से नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम करेंगें। इन परियोजनाओं के अंतर्गत गुरुग्राम में मेट्रो रेल व रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) का विस्तारीकरण होगा तो वहीं सराय कालेखां से पानीपत तक जाने वाली आरआरटीएस परियोजना को करनाल तक बढ़ाने का भी काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से लोगों को यातायात जाम से निजात मिलेगी और उनका सफर सुगम व सरल होगा। हरियाणा विधानसभा में महिलाओं की इस बार बेहतर संख्या होने के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढाओं अभियान की शुरूआत हरियाणा के पानीपत से की थी और पिछले 10 सालों में वर्तमान मोदी सरकार ने महिलाओं को सशक्त करने का काम किया है। इसी कड़ी में केन्द्र की मोदी सरकार ने नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित करके महिलाओं को सशक्त व मजबूत करने का काम किया है।

## 17 प्रतिशत तक के नमी वाले धान के एक-एक दाने की खरीद होनी चाहिएः सीएम

**धान** के उठान व खरीद के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके द्वारा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि 17 प्रतिशत तक के नमी वाले धान के एक-एक दाने की खरीद होनी चाहिए और इस संबंध में यदि किसी की शिकायत मिलती है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के आयोजन के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ष गीता की धरती धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जाता है जिसमें लाखों की संख्या में देश-प्रदेश के लोग शामिल होने के लिए आते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने ज्ञान व कर्म का संदेश कुरूक्षेत्र में दिया और गीता महोत्सव को हरियाणा के साथ-साथ देश व विदेश में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है जिसमें केंद्रीय मंत्रियों सहित कई गणमान्य व्यक्ति आमंत्रित किये जाते हैं। हरियाणा में राज्यसभा सीट के उम्मीदवार के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बारे में पार्टी का केन्द्रीय संसदीय बोर्ड निर्णय लेता है। इसी प्रकार, भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के बारे में उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा सदस्यता अभियान की शुरूआत की गई है और श्री जे.पी. नड्डा द्वारा हरियाणा को लक्ष्य दिया गया है जिसके तहत विधायक को 20 हजार तथा सांसद को 30 हजार सदस्य जोड़ने का लक्ष्य मिला है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता व प्रत्याशी इस सदस्यता अभियान को आगे बढ़ा रहा हैं।

## स्थाई भर्तियां होने पर भी हटाए नहीं जाएंगे एसएसटी अध्यापक



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में कौशल रोजगार निगम को भंग किए जाने की अफवाहों के बीच सरकार ने साफ कर दिया है कि एचकेआरएन को भंग नहीं किया जाएगा बल्कि पहले के मुकाबले और बेहतर तरीके से इसका संचालन किया जाएगा। सरकार ने एचकेआरएन के माध्यम से भर्ती हुए अध्यापकों की नौकरी को भी सुरक्षित रखने का फैसला कर लिया है। इस बीच महानिदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा ने शनिवार को प्रदेश के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को एक पत्र जारी करके एचकेआरएन के माध्यम से लगे एसएसटी अध्यापकों की सेवाएं जारी रखने के निर्देश दिए हैं। महानिदेशक की तरफ से जारी पत्र के अनुसार टीजीटी अंग्रेजी के नियमित अध्यापकों की नियुक्ति होने के बाद हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से लगे एसएसटी अध्यापकों की सेवाएं समाप्त किए जाने को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है। महानिदेशक के अनुसार टीजीटी अंग्रेजी में नियमित अध्यापक आने के बाद एसएसटी अध्यापकों को आगामी आदेशों तक पदमुक्त नहीं किया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### जींद: ड्रग केस में फंसाने का झांसा देकर डेढ लाख, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** जींद के नगूरां निवासी एक व्यक्ति के पास साइबर ठगों ने काल कर उसके बेटे के ड्रग केस में फंसने की बात कहकर बचाने के नाम पर एक लाख 52 हजार रुपये हड़प लिए। साइबर थाना पुलिस ने शनिवार को अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव नगूरां निवासी सुभाष ने उसका बेटा आस्ट्रेलिया में पढ़ाई के लिए गया हुआ है। सात सितंबर को उसके पास अज्ञात नंबर से काल आई। काल करने वाले आरोपित ने कहा कि मेरा बेटा ड्रग्स केस में पकड़ा गया है। उसके साथ कई अन्य लड़के भी थे, जो भाग निकले लेकिन यह नहीं भागा। यह अच्छे घर से लग रहा है, इसलिए इससे नंबर लेकर आपके पास काल किया है। इसी दौरान दूसरी तरफ एक लड़के के रोने की आवाज आई और वह रोते हुए कह रहा था पापा मुझे बचा लो। आरोपित ने धमकी दी कि वह ड्रग्स केस में अंदर जाएगा और सारी उम्र जेल में कटेगी, इसलिए अगर उसे बचाना है तो पांच लाख रुपये लगेंगे। वह उसके बेटे को केस से निकलवा देंगे। सुभाष ने बताया कि वह डर गया कि कहीं सच में उसका बेटा पकड़ा न गया हो। उसने आनन-फानन में आरोपित द्वारा भेजे गए बैंक खाते में यूपीआई आइडी के माध्यम से एक बार 80 हजार, दो हजार, तीन हजार, पांच हजार रुपये डाल दिए। इसके बाद उसके भाई तथा भाई की पत्नी के बैंक खाते से भी गूगल पे के माध्यम से रुपये डलवा दिए। आरोपितों के खाते में उसने कुल एक लाख 52 हजार 500 रुपये डलवा दिए। बाकी रुपये डलवाने के लिए भी वह प्रयास कर रहा था, तभी उसके बेटे का फोन आ गया। उसने घटना के बारे में अपने बेटे से पूछा तो उसने कहा कि वह सही सलामत है, उसे कुछ नहीं हुआ तो पता चला कि वह धोखाधड़ी का शिकार हो गया है। साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

### गुरुग्राम के घर में भीषण आग, पड़ोसियों ने सीढ़ी लगाकर 12 लोगों को बचाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम:** शहर के बसई रोड पर एक कालोनी में बनी बिल्डिंग में भीषण आग लग गई। जिस समय आग की घटना हुई, ज्यादातर घरों में महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग थे। सब लोग घबराए हुए थे। इससे पहले कि इन लोगों की जिंदगी और मौत के बीच का फासला खत्म होता, पड़ोसियों ने सीढ़ी लगाकर एक के बाद एक 12 लोगों को बचाने का काम किया। जानकारी के अनुसार बसई रोड स्थित कृष्णा नगर के एक मकान में शनिवार की सुबह करीब 9 बजे आग लग गई। आग लगने का काफी देर बाद लोगों को पता चला। आसमान में उठते काले धुएं को जब आसपास के लोगों ने देखा तो लोग स्तब्ध हो गए। देखते ही देखते आग की लपटें निकलने लगी। घर में आग लगने की सूचना मिलते ही बिल्डिंग में रह रहे लोगों में हाहाकार मच गया। बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग उस समय घर में थे। नाइट ड्यूटी करके आए कुछ लोग सो रहे थे। धुआं घरों में घुसने से परिवारों में हाहाकार मच गया। कुछ लोग घर की छत पर चढकर डर के मारे चिल्लाने लगे। आग से घर का सारा सामान जलकर राख हो गया।शुरूआती तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड विभाग को दी गई। इससे पहले कि फायर ब्रिगेड के कर्मचारी मौके पर पहुंचते, पड़ोस के लोगों ने घर में फंसे लोगों को बचाने का काम शुरू कर दिया। पड़ोस के मकान की छत से सीढ़ी लगाकर आग की घटना में फंसे लोगों को एक के बाद एक उतारा गया। पहले बच्चों को बचाया गया। उसके बाद महिलाओं, बुजुर्गों को पूरी सावधानी से लोगों ने निकाला। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाडि?ों से दमकलकर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया। आग पूरी तरह से बुझाने के बाद आसपास के लोगों ने चैन की सांस ली।

### फतेहाबाद : थाइलैंड भेजने के नाम पर लाखों ठगे, फर्जी टिकट भेजी

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** थाइलैंड टूर पर भेजने के नाम पर शहर के पेस्टीसाइड एजेंट से लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। युवक को ठग ने पहले फर्जी टिकट थमा दिया और बाद में पैसे वापस मांगने पर उसे जान से मारने की भी धमकी दी। इस मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने शनिवार को पीड़ित युवक की शिकायत पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में आदमपुर के गांव सदलपुर निवासी मंगतराम ने कहा है कि वह लंबे समय से फतेहाबाद में पेस्टीसाइड कम्पनी में कमीशन एजेंट के तौर पर काम करता और उसकी सिरसा रोड पर गोदाम व अनाज मण्डी मे कार्यालय बनाया हुआ है।

## नशे के 12 इंजेक्शनों सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने नशा तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार किया गए आरोपियों में रेशमपाल और शिवम्‌ का नाम शामिल है। रेशमपाल जवाहर कॉलोनी एनआईटी फरीदाबाद, शिवम्‌ तिलक राम कॉलोनी लोनी देहात गाजियाबाद यूपी का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से रेड कर बाई-पास रोड सेक्टर-37 एरिया से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 12 ब्रूरिनोफिन इंजेक्शन बरामद हुए है। आरोपी के विरुद्ध थाना सराय ख्वाजा में नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह नशे के इंजेक्शनों को शिवम्‌ से तीन हजार रुपये में पैसे कमाने के लालच में खरीद कर लाया था। रेशमपाल पर थाना सारन में पूर्व में भी नशा तस्करी का मामला दर्ज है। आरोपी शिवम्‌ को अपराध शाखा टीम ने लोनी गाजियाबाद से काबू किया है।

रेशमपाल को अदालत में पेश कर जेल भेजा जाएगा और शिवम्‌ को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

## हरियाणा में गेहूं के बीजों की कीमतें तय

### सरकार किसानों को प्रदान करेगी 1000 रुपये प्रति क्विंटल की सब्सिडी



**वित्तीय सहायता**

**गेहूं के प्रमाणित बीजों की कीमतें तय की किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान किया जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने आगामी रबी सीजन 2024-25 के लिए गेहूं के प्रमाणित बीजों की बिक्री दरों की घोषणा की है। कृषि विभाग के निदेशक द्वारा जारी निर्देशों के तहत, राज्य सरकार ने किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज किफायती दरों पर उपलब्ध कराने के लिए सब्सिडी योजना लागू की है। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने और उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि आगामी सीजन में फसल उत्पादन में बढ़ोतरी हो सके और कृषि परिणाम बेहतर हों। उन्होंने कहा कि नायब सरकार का यह निर्णय न केवल किसानों को रियायती दरों पर अच्छे गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराएगा, बल्कि उनकी पैदावार बढ़ाकर उनकी आय में भी वृद्धि करेगा। विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, सभी प्रकार के गेहूं की सामान्य बिक्री दर उ-306 किस्म और अधिसूचना के 10 वर्ष से अधिक पुरानी किस्मों को छोड़कर झ 3875 रुपये प्रति क्विंटल तय की गई है। हालांकि, किसानों को राहत देने के लिए सरकार 1000 रुपये प्रति क्विंटल की सब्सिडी प्रदान करेगी, जिससे बीज की प्रभावी दर घटकर 2875 रुपये प्रति क्विंटल हो जाएगी। प्रमाणित गेहूं के बीज 40 किलोग्राम के प्री-पैक बैग में सब्सिडी वाली दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## एसीआर खराब करने की धमकी देकर पुलिस में सेक्स रैकेट चलाने का आरोप

**बवाल**

**यह चिट्ठी जांच के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी को लिखी गई है, चिट्ठी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा पुलिस में एक आई पी एड के इर्द गिर्द जमा हुई मंडली द्वारा सेक्स रैकेट चलाए जाने के आरोपों की चिट्ठी वायरल हो रही है। यह चिट्ठी जांच के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी को लिखी गई है। चिट्ठी में आरोप लगाया गया है कि वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट खराब करने की धमकी देकर महिला पुलिस कर्मियों को यौन शोषण के लिए तैयार किया जा रहा है। चिट्ठी लिखने वाली महिला पुलिसकर्मियों का आरोप है कि आई पी एस के साथ उप अधिक्षक और थाना प्रभारी भी मिली हुई हैं। हरियाणा के एक आई पी एस अधिकारी पर महिला पुलिसकर्मियों ने यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। महिला पुलिसकर्मियों ने इसको लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को चिट्ठी लिखी है। यह चिट्ठी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस पर 7 महिला पुलिसकर्मियों के हस्ताक्षर भी हैं। चिट्ठी में आरोप लगाया गया है कि आईपीएस ने एक महिला पुलिस अधिकारी से मिलकर शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाया और ऐसा नहीं करने पर वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट खराब करने की धमकी तक दी। महिला पुलिसकर्मियों ने घटना के बारे में महिला उप अधिक्षक को भी बताया, लेकिन उन्होंने कहा कि आगे बढ़ना है तो यह सब करना पड़ेगा।

## 40 किलोग्राम पटाखों सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल के द्वारा अवैध पटाखें बेचने वालो के खिलाफ कार्रवाई के दिए गए दिशा-निर्देश के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए पर्वतीय कॉलोनी पुलिस टीम ने पटाखों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी मुकेश निवासी संजय एंक्लेव पार्ट-1 का रहने वाला है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी को गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से काबू किया गया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 40.2 किलो ग्राम पटाखें बरामद किए गए है।

## पर्यावरण व मनुष्य जीवन के लिए मुख्य साधन है पेड़ः शर्मा



**पौधारोपण**

**हमारा पर्यावरण हरा भरा रहता है और यही पेड़-पौधे मनुष्य को जीने के लिए ऑक्सीजन उपलब्ध करवाते हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि पर्यावरण व मनुष्य जीवन के लिए पेड़-पौधे मुख्य साधन है क्योंकि इनके कारण ही हमारा पर्यावरण हरा भरा रहता है और यही पेड़-पौधे मनुष्य को जीने के लिए ऑक्सीजन उपलब्ध करवाते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण की इस मुहिम से जुडकर ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करना चाहिए। कैबिनेट मंत्री सोनीपत जिला के गांव हुल्लाहेड़ी में सीआरपीएफ की 220 वीआईपी सुरक्षा बटालियन के सौजन्य से आयोजित पौधोपण कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री मोहनलाल बड़ौली ने भी शिरकत की। कैबिनेट मंत्री श्री अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रत्येक गांव पंचायती भूमि पर पौधारोपण करने के लिए ठोस कदम उठाएं ताकि प्रत्येक गांव प्रकृति संरक्षण में अपना अहम योगदान दे सकें। हमें प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के लिए पर्यावरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने होंगे, नहीं तो वो दिन दूर नहीं कि मनुष्य का अस्तित्व खतरे में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान होने वाली ऑक्सीजन की कमी का कारण कहीं न कहीं पेड़ों की अधिक कटाई भी है। मनुष्य ने अपने विकास के लालच में प्रकृति को इतना नुकसान पहुंचा दिया है कि मनुष्य को अनेक बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।

पेड़ों की अधिक कटाई के कारण वातावरण में ऑक्सीजन का संतुलन बिगड़ गया है और वातावरण में ऑक्सीजन की कमी हो गई है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि पौधारोपण करने के साथ-साथ हमारा यह भी दायित्व बनता है कि हम इसकी देखभाल भी करें।

## प्रदेश सरकार किसानों के उपर जुल्म कर रही:अभय



**आरोप**

**बीजेपी की सरकार हरियाणा में आई है तब से किसानों के उपर जुल्म किए जा रहे हैं: अभय**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने उचाना में शनिवार को डीएपी खाद लेने गए किसानों पर किए गए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश का दुर्भाग्य है कि पिछले दस सालों से जब से बीजेपी की सरकार हरियाणा में आई है तब से किसानों के उपर जुल्म किए जा रहे हैं। बीजेपी सरकार में न तो किसानों को खराब फसल का मुआवजा दिया जा रहा है, न ही खराब हुई फसलों की बीमा की रकम दी जा रही है और न ही खाद दी जा रही है। उलटा लगातार अन्नदाता को लाठियों से पीटा जा रहा है। हर साल खाद की किल्लत करके ब्लैक में खाद बेची जाती है। उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध न करवाने के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी वैसे तो किसान हितैषी होने का नाटक करती है लेकिन वास्तव में हमेशा से किसान विरोधी रही है। किसानों को कैसे प्रताड़ित करे, उसे कैसे लाइन में खड़ा रखे और कैसे किसान अपने खेत में न जा सके, कैसे किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचा सके उसके लिए हर संभव प्रयास करती है। आज हालत यह है कि खाद ब्लैक में खरीदना हो तो कोई कमी नहीं है लेकिन किसानों को मिल नहीं रही। किसान को आर्थिक रूप से कैसे कमजोर किया जाए उसके लिए बीजेपी सरकार ने खाद के बैग का वजन भी कम कर दिया, कीमत भी बढ़ा दी।

## हरियाणा में अभेद और अजय संगठन खड़ा करेंगेः मोहन लाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने सदस्यता अभियान को लेकर हुई कार्यशाला के बारे में मीडिया को विस्तार से जानकारी दी और सवालों के जवाब भी दिए। श्री बड़ौली ने कहा कि हम हरियाणा में अभेद और अजय संगठन खड़ा करेंगे ताकि लगातार हरियाणा में भाजपा की सरकार बने। उन्होंने कहा कि हम 2047 तक विकसित भारत और विकसित हरियाणा बनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। सदस्यता अभियान के बारे में बोलते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि अभियान पूरे एक महीने चलेगा। वेदपाल एडवोकेट को सदस्यता सदस्यता अभियान का संयोजक बनाया गया है, इसके अलावा पांच सदस्य भी नियुक्त किए गए हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को लगभग 60 लाख वोट मिले हैं। इसी के आधार पर हमने 50 लाख नए सदस्य बनाने का बड़ा लक्ष्य रखा है। श्री बड़ौली ने कहा कि हरियाणा में 20 हजार 629 बूथ हैं और हर बूथ पर 250 सदस्य बनाए जाएंगे। 16 नवंबर से सक्रिय सदस्य बनाने का काम शुरू होगा। पार्टी के संविधान के हिसाब से जो कार्यकर्ता 50 सदस्य बनाता है उसे ही पार्टी में जिम्मेदारी दी जाती है।

पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा ने सरकार बनते ही दो दिनों में तीन वादे पूरे किए हैं। 17 अक्टूबर को शपथ ग्रहण समारोह हुआ और पहले ही दिन 24 हजार युवाओं को नौकरी दी। 18 अक्टूबर को मंत्रिमंडल की बैठक में एससी समाज को लेकर आए सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का लागू किया। 18 अक्टूबर को ही क्रोनिक किडनी रोगियों के लिए डायलिसिस सेवाओं को निशुल्क देने की सुविधाएं दी।

## भाजपा ने 50 लाख नए सदस्य बनाने की रणनीति को दिया अंतिम रूप

### हर बूथ पर 250 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य बूथ पर रहने वाले पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को दिया गया



**लक्ष्य निर्धारित**

**संगठन के गठन की प्रक्रिया व सक्रिय कार्यकर्ता बनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** भाजपा ने 50 लाख नए सदस्य बनाने के लिए शनिवार को अपनी रणनीति को रोहतक में अंतिम रूप दिया। इसके लिए पार्टी कार्यालय मंगल कमल में प्रदेश भर के पदाधिकारियों की एक कार्यशाला रखी गई, जिसमें सदस्यता अभियान को कैसे आगे बढ़ाया जाए यह तय किया गया। बड़ी बात यह है कि कार्यशाला में हर बूथ पर 250 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य बूथ पर रहने वाले पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को दिया गया। नए सदस्य बनाने की कार्य योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बडौली की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा व कैबिनेट मंत्री समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

**संगठन को बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक और अधिक मजबूत करना ही लक्ष्य : दुष्यंत गौतम**

कार्यशाला में राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम ने संगठन के गठन की प्रक्रिया व सक्रिय कार्यकर्ता बनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संगठन के चुनाव और नियुक्तियों के बारे में भी बताया। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि हरियाणा में भाजपा ने 50 लाख नए सदस्य बनाने का जो लक्ष्य रखा है उन्हें पूरा विश्वास है कि कार्यकर्ता इसको पूरा करेंगे।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में संगठन को बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है और देश लगातार विकास की राह पर तेजी से बढ़े इसके लिए हमें प्रयास करना है।

**भाजपा के संगठन में विचारधारा का बड़ा महत्व : डा. सतीश पूनिया**

प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कार्यशाला में भाजपा की विचारधारा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा के संगठन में विचारधारा का बड़ा महत्व है। कार्यकताओं के बल, पार्टी के संविधान और परम्परा पर भाजपा का संगठन चलता है। पार्टी की सदस्यता ही संगठन की नींव है।

# खुशी एक ऐसी भावना है जिसका अनुभव हर व्यक्ति जीवन में करना चाहता है: मुनि

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** नेपाल केसरी, राष्ट्र संत, मानव मिलन के संस्थापक डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज ने कहा कि खुशी एक ऐसी भावना है जिसका अनुभव हर व्यक्ति जीवन में करना चाहता है। यह न केवल एक आंतरिक स्थिति है, बल्कि यह हमारे आसपास के वातावरण, हमारे संबंधों, और हमारे जीवन के अनुभवों से भी प्रभावित होती है। वास्तव में, खुशी का अर्थ होता है कि हमें किसी अन्य चीज की आवश्यकता ना पड़े। जब हम अपनी स्थितियों, संबंधों और अनुभवों के प्रति संतुष्ट होते हैं,



तब हम खुश होते हैं। डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज शहर की गुड मंडी स्थित श्री एसएस जैन सभा जैनस्थानक में आयोजित चातुर्मास के दौरान उपस्थित भक्तजनों को संबोधित कर रहे थे।

डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज ने कहा कि आज के युग में खुशी का मतलब कुछ और ही हो गया है। भागदौड़ भरी ज़िंदगी, प्रतियोगिता, और समाज के दबाव ने खुशी के वास्तविक अर्थ को बदल दिया है। अब लोग अपनी

**मार्गदर्शन**

**▶▶ वास्तव में, खुशी का अर्थ होता है कि हमें किसी अन्य चीज की आवश्यकता ना पड़े: महाराज**

खुशी को बाहरी चीजों में ढूंढने लगे हैं। यहां नशा और अन्य व्यसनों का उपयोग एक आम प्रवृत्ति बन गया है। लोग सोचते हैं कि नशा या अन्य पदार्थ उनकी समस्याओं से भागने का एक साधन है, लेकिन असल में यह उन्हें और भी अधिक समस्याओं में डाल देता है। कार्यक्रम के पश्चात भारतीय पैदा एथलीट स्वर्ण पदक ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नवदीप सिंह महाराज से आशीर्वाद लेने पहुंचे जिन्हें आशीर्वाद देते हुए डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज ने कहा कि हम अपने जीवन को सरल एवं सदा बनाकर नई-नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। हमें आगे बढ़कर सफलता तो अर्जित करनी चाहिए परंतु अपनी सिढी के पहले पायदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। सफलता को प्राप्त करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, लेकिन इसे बनाए रखना उससे भी बड़ी चुनौती है।

# सेक्टर-8 पैट्रोल पंप के सामने स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग

**मांग**

**▶▶ गलियों व सड़कों पर सरकार बनाए स्पीड ब्रेकर अन्यथा रोजाना कोई न कोई दुर्घटना होती रहेगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** पैट्रोल पंपों के आस पास लगती गलियों व सड़कों पर सरकार बनाए स्पीड ब्रेकर अन्यथा रोजाना कोई न कोई दुर्घटना होती रहेगी जैसा कि रतनगढ़ वासी कृष्ण लाल सपुत्र पंकज भगत ने बताया कि मेरे पिता जी जोकि रोजाना सुबह शाम सैर को जाते है पिछले वर्ष मेरे पिता कृष्ण लाल सड़क पार कर रहे थे तो एक वाहन चालक ने तेज रफ्तार से पैट्रोल



पंप की ओर आ रहा था उसी ओर से रतनगढ़ से पेट्रोल पंप वाली सड़क पार कर रहे थे वाहन चालक ने अपनी गाड़ी चढ़ा दी जिसके कारण उनका एक्सीडेंट हो गया और वहां लगे सीसीटीवी कैमरों से अपराधी को पकड़ने की कोशिश की लेकिन कैमरों में गाड़ी का नंबर दिखाई नहीं दिया और प्रशासन ने इस पर कोई कार्यवाही नहीं की , रतनगढ़ वासी पंकज भगत ने प्रशासन से की अपील जल्द सेक्टर 8 के पैट्रोल पंप के साथ लगती तीनों दिशाओं की ओर स्पीड ब्रेकर बनाया जाए ताकि यहां रोजाना कोई दुर्घटना न हो, अंबाला शहर के विधायक निर्मल सिंह मोहड़ा इस पैट्रोल पंप दुर्घटना स्थल पर लेगे कोई ऐक्शन या फिर जल्द अधिकारियों को आदेश देकर स्पीड ब्रेकर बनाकर लोगों को निजात दिलाएंगे।

## न्यूज फ्लैश

### दिल्ली वर्ल्ड स्कूल में बच्चों ने हर्षोल्लास से मनाया दिवाली मेला



**समालखा ( कुलदीप सिंह )** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में दिवाली मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस छात्र-छात्रा ने सिर्फ रंगारंग कार्यक्रम पेश किया, दिवाली विद्यालय की प्रिंसिपल, डॉ. सपना गुप्ता ने बताया कि छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व के विकास और आधुनिक दौर में बाजार के प्रमाण का वास्तविक ज्ञान प्राप्त करने के लिए इस दिवाली मेले का आयोजन किया गया है जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी सुंदर प्रस्तुतियाँ भी दी हैं और दिवाली मेले के लिए एक साथ आए हैं! जीवंत सेटिंग, रंग-बिरंगे स्टॉल, सजावट, लाइटिंग, संगीत, विद्यालय में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए, जिनमें खेल के स्टॉल, खाद्य सामग्री, साज-सज्जा के समान, सुसज्जित दीये, मोमबत्ती और रंगोली आदि के स्टॉल प्रमुख रहे। साथ ही खेलों और स्वादिष्ट खाने के स्टॉल ने सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। परिसर को फूलों, रोशनी और पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों से पूरी तरह से सजाया गया था। छात्रों द्वारा एक के बाद एक कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और छात्रों ने विभिन्न खेल खेलकर दिवाली मेले का आनंद लिया और खाद्य स्टॉलों पर स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। अंत में, छात्रों को प्रेरित करने के लिए समारोह में उन्होंने कार्यक्रम में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र भेंट किए। विद्यालय के चेयरमैन रमेश रेवड़ी ने सभी को दिवाली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आत्मनिर्भर छात्र बनाने के लिए दिवाली मेला का आयोजन किया गया है। उन्होंने छात्रों को सभी त्योहारों का आनंद लेने और सम्मान करने के लिए प्रोत्साहित किया। वाइस चेयरमैन जगदीश अरोड़ा ने बताया कि दिवाली क्यों मनाई जाती है और इसका क्या महत्त्व है। इस पर्व पर समाज के सभी लोग प्रेम और भाईचारे की भावना को मजबूत करें तथा देश की तरक्की में योगदान देने का संकल्प लें। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में अग्नि द्वार सदन ने अहम भूमिका निभाई।

### क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में समाजशास्त्र विभाग के सौजन्य से क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ दलजीत सिंह ने की और कार्यक्रम का आयोजन समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ तकदीर सिंह की देखरेख में हुआ। डॉ तकदीर सिंह बताया कि क्वीज का शीषक भारत में समाजशास्त्र अध्ययन की आवश्यकता रहा। इस प्रतियोगिता में 10 टीमो के 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमे प्रथम स्थान पर टीम-ई से सिमरन, मेधा, रेणु द्वितीय स्थान पर टीम-बी से अनुष्का, चंचल ,स्नेहा और तृतीय स्थान पर टीम-ए से निशा, सलौनी व लक्ष्मी रही। क्वीज संयोजक टीम की भूमिका में ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार, डॉ अरविंद और डॉ रीना रही वहीं निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन डॉ नरेश ढांडा, डॉ बृजेश बराड़, डॉ सोनिया दहिया आदि ने किया। महाविद्यालय के रेडक्रॉस क्लब और इको क्लब के अंतर्गत विद्यार्थियों को धुंआ रहित दीपावली मनाने एवं पराली न जलाने की शपथ ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार के दिलाई गई। प्रिंसिपल दलजीत सिंह ने कहा कि महाविद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ किए जा रहे अच्छे कार्यो से विद्यार्थियों के बौद्धिक दृष्टिकोण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। इस दौरान डॉ स्नेहलता, डॉ सरोज चौहान, अनिल माली स्टॉफ सहित महाविद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा।

# साईकिल मेले में बच्चों ने खरीदी मनपसंद साईकिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइंस अंबाला शहर में जिला मौलिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किए गए साइकिल मेले "मेरी साइकिल मेरी पसंद" में जिला अंबाला के सरकारी स्कूलों में छठी कक्षा में पढ़ने वाले पात्र बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ अपने अभिभावकों और अध्यापकों के साथ भाग लिया। मेले में बच्चों ने ही नहीं बल्कि स्वयं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने भी साईकिल चला कर देखी। उनके साथ प्रिंसिपल गुरिंद्र सिंह और गणित पीजीटी दीपक मित्तल ने भी



साईकिल चला कर देखी। मेले में 471 बच्चों ने मौके पर ही अपनी पसंद की साईकिल की खरीद के लिए ऑर्डर दिए। मेले के बीचोंबीच बनाया सेल्फी प्वाइंट भी बच्चों और अभिभावकों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा। मेले में आए सभी लोग इस जगह अपनी फोटो खिंचवाते रहे। "मेरी साईकिल मेरी पसंद" योजना और साईकिल मेले बारे और अधिक जानकारी देते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि पहले छठी कक्षा में

**उत्साह**

**▶▶ छठी कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों ने उत्साह के साथ अपने अभिभावकों और अध्यापकों के साथ भाग लिया**

पढ़ने वाले उन बच्चों को जिनके निवास और विद्यालय के बीच की दूरी 2 किलोमीटर से अधिक है उनकी सुविधा के लिए सरकार द्वारा ऐसे बच्चों को निःशुल्क साइकिल प्रदान की जाती थी लेकिन साईकिलों की खरीद विभाग द्वारा की जाती थी किंतु अब साईकिलों की खरीद बच्चों द्वारा स्वयं की जाती है।

# फैक्टरी में ताला तोड़कर 360 किलो एल्युमिनियम ले गए

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : राई** थाना क्षेत्र में फैक्टरी का ताला तोड़कर एल्युमिनियम चोरी करने के आरोप का मामला सामने आया है। फैक्टरी मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। असंल ग्रीन निवासी पुरुषोत्तम ने बताया कि उसकी औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्री है। वह फैक्टरी में सुपरवाइजर के पद पर

**चोरी**

**▶▶ पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है**

तैनात है। सुबह वह ड्यूटी पर पहुंचा। जहां उसने देखा कि फैक्टरी के अंदर का शीशा व ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर सामान की जांच की, जिसमें पता चला कि एल्युमिनियम के सात बंडल जिनका वजन 360 किलोग्राम है, वह गायब मिला।

# मोबाइल मेडिकल यूनिट ने दी स्वास्थ्य सेवाएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरूक्षेत्र :** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा थानेसर हल्के के गांव खेड़ी ब्रहामणा में मोबाइल मेडिकल युनिट ने स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई। मोबाइल मेडिकल युनिट के चिकित्सा अधिकारी के अनुसार गांव में 42 लोगों को डॉक्टर के परामर्श पर निश्शुल्क दवाइयां और 23 लोगों के रक्त एवं युरिन के टेस्ट किए गए। इस मौके पर डॉक्टर की टीम ने लोगों को बदलते मौसम के अनुसार खान-पान और स्वास्थ्य के उचित रखरखाव के बारे में भी जागरूक किया गया। नवीन जिंदल फाउंडेशन के चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 27 अक्टूबर को मोबाइल मेडिकल यूनिट अमीन गांव की रविदास धर्मशाला और बाल्मीकि चौक पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगी।

# सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं से हो रही है दुर्घटनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** एक तरफ दीवाली के अवसर पर सड़कों में जाम तो दुसरी ओर बेसहारा पशुओं ने लोगों की नाक में कर रखा दम, बताया जा रहा है कि दीपावली पर्व से पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेश के सभी नगर निगमों के अधिकारियों की बैठक ली थी जिसमें सभी को आदेश दिया था कि इस दीपावली पर्व से पहले सफाई व्यवस्था एवं सड़कों में जो बेसहारा पशु घूम रहे है वह दिखाई न नहीं देने चाहिए , लेकिन मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा, यदि



सड़कों में पशुओं का तांता दिखा तो निगम के अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी आम जनता का कहना है कि अंबाला शहर के रंजीत नगर, नान हाउस, रतनगढ़, सेक्टर 8,9,10 मानव चौक से जंडली चौक माडल टाउन हर जगह जहा भी जाओ पशुओं का तांता लगा रहता हैं और सड़कों में रोजाना कोई न कोई दुर्घटना होती रहती हैं निगम से अपील जो लोग दूध निकालकर अपनी गाय सड़कों पर छोड़ देते हैं।

## खेल कूद प्रतियोगिता का किया आयोजन

**सोनीपत: पुलिस** आयुक्त सोनीपत सतेंदर गुप्ता के निर्देशानुसार पुलिस स्मृति दिवस और झंडा दिवस के अवसर पर आज पुलिस लाईन सोनीपत में खेल कूद प्रतियोगिता में विभिन्न खेलो का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य पुलिस कर्मचारियों में ड्यूटी के दौरान मानसिक तनाव को कम करने, खेलो के प्रति रुझान और स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों को बढ़ाने के साथ उनका उत्साहवर्धन के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया' जिसमें खो-खो व रस्सा झकस्सी, वालीवाल व दौड जैसे खेलो का आयोजन करवाया।

# बस चालक को कार चालक ने मारपीट कर किया घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के ओल्ड डीसी रोड पर बस चालक को कार चालक से साइड मांगना महंगा पड़ गया। कार चालक व उसके दोस्तों पर बस चालक पर तेज धार हथियार से हमला व पीट-पीटकर घायल कर दिया। हमलावर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। राहगीरों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने बस मालिक के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न

**मुकदमा दर्ज**

**▶▶ तेजधार हथियार से हमला करने का भी आरोप, प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रेफर**

**▶▶ परिजन घायल को निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे, आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज**

धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव सबोली हाल में सेक्टर-12 निवासी प्रशांत ने बताया कि उसकी सोनीपत से बहालगढ़ बस चलती है। बस में संजीव निवासी सुंदर सांवरी चालक के तौर पर तैनात है। गत 23 अक्टूबर को रात नौ बजे कालुपूर चुंगी सोनीपत से सवारी भरकर चला था। आईटीआई चौक पर पहुंचने पर एक कार जिसमें दो युवक सवार थे। बस चालक ने उनसे साइड देने के लिए कहा। कार सवार युवकों ने संजीव के साथ झगड़ा करना शुरू कर दिया। बस चालक के सिर पर तेजधार हथियार से हमला व मारपीट कर घायल कर दिया। उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। सूचना के बाद वह मौके पर पहुंचा। जहां घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। चालक के परिजन भी मौके पर आ गए। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल में पहुंचे। जहां उसका उपचार चल रहा है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान दर्ज किए है। पुलिस ने बस मालिक के बयान पर आरोपित कार चालक व उसके दोस्तों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी सतबीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू करके आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# आर्य कॉलेज के खिलाडियों ने इंटर जोनल फेंसिंग में जीते पदक

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**कुरूक्षेत्र** विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र में आयोजित फेंसिंग (तलवार बाजी) प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज के खिलाडियों ने उमदा प्रदर्शन करते हुए गोल्ड व सिल्वर मेडल अपने नाम कर आर्य कॉलेज व पानीपत जिले का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता व उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने विजेता खिलाडियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हमें अपने खिलाडियों गर्व है को हर दिन कॉलेज के लिए अलग-अलग खेलों में मेडल जीत कर कॉलेज का सम्मान बढा रहे हैं। डॉ. गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 अक्तूबर को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र के खेल प्रांगण में आयोजित इंटर जोनल फेंसिंग प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज दीक्षा ने तलवार बाजी की ऐप्पी विधा में एस.डी कॉलेज को हराकर गोल्ड मेडल जीता,वहीं दीक्षा, खुशी, माफी व प्ररेणा ने टीम इवेंट में सिल्वर मेडल जीता।

वहीं उन्होंने यह भी बताया कि गत दिनों आर्य कॉलेज की महिला व पुरूष टीम ने इंटर जोनल वॉलीबाल प्रतियोगिता जीत कॉलेजअ का नाम रोशन करने का काम किया है।

# पुलिस ने तीन महिला सहित चार आरोपितों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : एसएजे** यूनिट सेक्टर-7 ने जालसाजी में फंसा कर करोड़ो रुपये लेकर झूठे दुष्कर्म व छेड़खानी के मुकदमे दर्ज करवाने की धमकी देने के मामले में आरोपित तीन महिला सहित चार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कुशाल निवासी शिव कॉलोनी व तीन महिलाएं सोनीपत की है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उसे उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। अनूप नगर गन्नौर निवासी सन्नी ने 23 अक्टूबर को थाने में शिकायत देकर बताया था कि उसके पास अगस्त 2023 में तीन चार बार कॉल व संदेश आए। फोन करने वाली कॉलर लड़की थी। उसने कहा कि वह उससे मिलना चाहती है। अगर वह मिलना चाहता है, तो गन्नौर आ जायेगी। उनके जानकार गन्नौर में रहते है। उसका नंबर रोहित ने दिया है। तीन दिन बाद वह अपनी बहन के पास आई। उससे कहने लगी वह मुथुट फाइनेंस से सोना खरीदते है। उसके बाद उसने उससे चार लाख रुपये की राशि ले ली। वह चार लाख रुपये का ब्याज उसके पिता के खाते में डाल देती थी। दिसम्बर 2023 में उसकी मां ने उसे फोन करके अपने घर पर सोनीपत में ये कहकर बुलाया कि आप अपने पैसो का हिसाब कर लो। जब मैं

**रिमांड पर**

**▶▶ पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उसे उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है**

उनके मकान पर सोनीपत गया तो वहाँ पर वह उसकी बहन उसकी माँ व इनका भाई कुशाल उर्फ मौटी मिले। शीतल वा उसके घर के सभी सदस्य सोची समझी चाल के अनुसार मेरे से कहने लगे कि हम मुयुट फाईनैस से जो सोना छुड़वाते है तथा बाजार में बेचते हैं उसमें काफी नुकसान हो गया है। हमारी 4 लाख रुपए और ले लिये, कहने लगे कि हम कुछ समय बाद आपका सारा पैसा वापिस कर देंगे। इस सम्बंध में मेरे को हस्ताक्षर करके बतौर सबूत उन्होंने 2 चेक भी दे दिये थे ' उन्होंने मेरे को कहा कि आप भी इस काम में पैसे लगा लो क्योकि इस काम में काफी मुनाफा है जो सोना बैंक से छुडवाते है वह कुल कीमत का 70 प्रतिशत पर मिलता है तथा बाजार में बाजार भाव से बिकता है। मैं उनकी चालाकी समझ नहीं पाया तथा उनकी बातो में आ गया तथा मैं उन दोनों बहनों के साथ मुथूट फाइनेंस बैंक में बैंक मैनेजर के पास चले गये। वहाँ पर दोनों बहनों के कहे अनुसार बैंक मैनेजर ने मुथुट बैंक में मेरी आईडी बना दी। उस समय दोनों बहनों ने मुथुट बैंक से कुछ सोना भी लिया तथा मुझे बताया गया कि इस तरह से सोने को बैंक से लिंक करवा कर मार्केट में बेच कर पैसा कमाया जा सकता है। दोनों बहनों ने जो सोना उस दिन बैंक से छुड़वाया था, उस सोने को उन्होंने उसी दिन सोनीपत में महावीर ज्वेलर्स को बेच दिया। वह कहने लगी कि आज उनको 20,000 रुपए का मुनाफा हुआ है। मैंने भी सोचा कि यह बहुत अच्छा व्यापार है और गैरकानूनी भी नहीं है। उसके बाद वह मुझे लगातार फोन करने लगी और हर बार कहने लगी कि यह व्यापार बहुत अच्छा है, इसमें अच्छा पैसा लगाकर अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है।

# सेट जोसफ स्कूल में मनाया दीपावली

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** गतदिवस दीपावली समारोह बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रधानाचार्या महोदया भावना छिब्बर द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। स्कूल प्रांगण भक्ति भावना से ओत-प्रोत था और अयोध्या नगरी की याद दिला रहा था। इस समारोह में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं रखी गई जैसे रंगोली, बंधनवार, दीया, थाली डेकोरेशन आदि। इस अवसर पर सभी सदनों के विद्यार्थियों द्वारा रामायण पर लघु नाटिका प्रस्तुत की गई जो मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इन सभी कार्यक्रमों में छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्कूल मैनेजमेंट ने सभी विद्यार्थियों और



अध्यापकगण को दीपावली की शुभकामनाएँ दी और कहा कि हमें यह त्योहार श्रीराम जी के जीवन से यह प्रेरणा देता है कि हमेशा ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा भरा जीवन व्यतीत करना चाहिए तथा अपने सारे कार्य मर्यादा में रहकर करने चाहिए।

# बुराड़ी विधानसभा: नाले में तब्दील हुई फ्लड की नहर

**समस्या**

**पांच किलोमीटर तक लंबी नहर बाढ़ एंव सिंचाई विभाग की लापरवाही से नाले में तब्दील हो चुकी है।**

**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्र सिंह**

**नई दिल्ली: जहां एक** ओर बुराडी विधानसभा क्षेत्र के लोग रोजमर्रा की जिंदगी में तमाम तरह की समस्याओं से दो-चार हो रहे है।

वहीं दूसरी ओर बुराडी विधानसभा क्षेत्र स्थित बुराड़ी ऑर्थोरिटी से होते हुए नत्थु पुरा तक लगभग पांच किलोमीटर लंबी दिल्ली सरकार के बाढ़ एंव सिंचाई विभाग की नहर पूरी तरह से नाले तब्दील हो चुकी है, तो वहीं नहर पूरी तरह से गंदगी से पट गई है।

**गंदगी से पटी नहर:** दिल्ली सरकार की लापरवाही के चलते लगभग पांच किलोमीटर लंबी फ़्लड की नहर कूड़े-करकट से इस कदर पट चुकी है कि ऐसा कतई नहीं लगता कि किसी समय में यह कोई नहर भी रही होगी। दूसरी ओर गंदगी के कारण जब नहर बंद हो जाती है तो इसमें पानी की जगह सिर्फ गंदगी ही बहती रहती है। नहर में गंदगी के कारण गंदा पानी जमा होकर सड़ने लग गया है।







**समय-समय** पर बाढ़ एंव सिंचाई विभाग को फ्लड की इस नहर की साफ-सफाई करने के लिए फाइलें इधर से उधर की जाती है व फंड भी जारी किया जाता है, लेकिन वह फंड कहां जाता है, इसका आज तक पता नहीं चला है और साफ-सफाई बस कागज़ो में ही सिमट कर रह गई। अगर इस मामले में निष्पक्ष रूप से कमेटी गठित कर जांच की जाए तो इसमें भी उच्च स्तर पर घोटाला सामने आ सकता है। **- अधिवक्ता विनोद मुदगल**



**आम** आदमी पार्टी की सरकार जब से दिल्ली में आई है तभी से दिल्ली को नर्क बना कर रख दिया है तथा दिल्ली सरकार तो भ्रष्ट है ही इसके साथ ही उनके द्वारा किये हुए कामों की अगर जांच करवाई जाए तो उसमें भी घोटाला सामने आएगा। फ्लड की यह नहर खेतों में पानी देने के लिए बनाई गई थी, लेकिन अब दिल्ली सरकार के अधिनस्थ बाढ़ एंव सिंचाई विभाग की लापरवाही के चलते नहर नाले में बदल चुकी है। **- राम गोपाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष**



**इस** रोड़ का पुराना नाम बागपत रोड़ के नाम से प्रचलित है, तो वहीं मैप के अनुसार लगभग दो सौ फुट चौड़ी है जो कि अब कोई देखकर बता नहीं सकता की इतनी चौड़ी सड़क होगी। उन्होंने कहा कि जैसा कि क्षेत्र में खेत खत्म हो चुके है तो दिल्ली सरकार की लापरवाही ने नहर को नाला ही बना डाला है। तो वहीं क्षेत्र के लोगों ने भी घरों की नालियां भी इस नहर में खोल दी है। **-कृष्ण पाल, मंडल अध्यक्ष, वार्ड संत नगर, वार्ड नंबर-9**



दिल्ली सरकार की वाह वाही के चक्कर में आज पूरी दिल्ली की हालत खस्ता हो चुकी है। दिल्ली की समस्त विधानसभा के लोग आज अनेकों प्रकार की समस्या से त्रस्त है। लगभग पांच साल से दिल्ली सरकार बाढ़ एंव सिंचाई विभाग ने इस नहर की साफ-सफाई को लेकर कोई प्रयास तक नहीं किया है। विभाग द्वारा खानापूर्ति के लिए काम किया जाता है, तो वहीं मेंटिनेंस के नाम पर घोटाला किया जाता है। **- गजराज टांक, भाजपा नेता**

**कागज़ों में सिमट कर रह गई सफाई व्यवस्था:** भाजपा नेता विनोद मुदगल ने बताया कि साल दर साल दिल्ली सरकार द्वारा फ्लड के इस नहर के लिए बाढ एंव सिंचाई विभाग को देख-रेख व मेंटिनेंस के लिए टेंडर जारी किया जाता है, लेकिन बावजूद इसके इस नहर की लगभग पांच साल से सफाई तक नहीं की गई है।

**इलाके में उड़ने लगी है बदबू:** नाले में तब्दील हुई नहर से अब हर वक्त बदबू और मच्छरों का सामना लोगों को करना पड़ता है। मुख्य रूप से हरित विहार, वेस्ट कमल विहार, अमृत विहार, नत्थू पुरा सहित कई कॉलोनियां इस नहर के आस-पास बसी हुई है, जहां पर लोगों को खासी परेशानियां हो रही है।

**व्यवस्था नहीं होने से बढ़ रही परेशानी:** नहर के आस-पास रहने वाले लोगों ने बताया कि वह नहर की गंदगी से बहुत परेशान है।

सालों से सिंचाई विभाग द्वारा यहां की सफाई तक नहीं करवाई है जिसके चलते हालात दिन पर दिन बद से बदत्तर होते जा रहे है।

## ईएसआई योजना के तहत अगस्त में 20.74 लाख नए कर्मचारी हुए पंजीकृत

**पंजीकरण**

**शुद्ध पंजीकरण सालाना आधार पर 6.80 फीसदी बढ़ा है। इस अवधि में कुल 60 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने भी पंजीकरण कराया है।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की ईएसआई योजना के तहत अगस्त में 20.74 लाख नए कर्मचारियों का पंजीकरण हुआ है।

योजना के तहत नए पंजीकरण में 25 वर्ष की आयु वर्ग के करीब 9.89 लाख युवा कर्मचारी शामिल हैं, जबकि 4.14 लाख महिला कर्मचारी पंजीकृत की गईं हैं।

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि अगस्त में ईएसआई योजना के तहत 20.74 लाख नए कर्मचारियों का पंजीकरण हुआ है। वहीं, इस योजना के तहत 28,917 नए प्रतिष्ठानों का पंजीकरण किया गया है।

मंत्रालय के जारी आंकड़ों के अनुसार नए पंजीकरण में 25 वर्ष तक की आयु के करीब 9.89 लाख युवा कर्मचारी शामिल हैं। इस दौरान ईएसआई योजना में 4.14 लाख महिला कर्मचारी पंजीकृत की गईं।मंत्रालय ने कहा कि ईएसआईसी के अनंतिम पेरोल आंकड़ों से पता चलता है कि अगस्त माह में 20.74 लाख नए कर्मचारी जोड़े गए हैं, जिससे ज्यादा श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। इसके अलावा अगस्त माह के दौरान शुद्ध पंजीकरण सालाना आधार पर 6.80 फीसदी बढ़ा है। इस अवधि में कुल 60 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने भी पंजीकरण कराया है।

## बुराड़ी: दम घोटू प्रदूषण से राजधानी दिल्ली के लोग परेशान: आदेश भारद्वाज

**प्रदूषण**

**राजधानी दिल्ली में प्रदूषण से लोग परेशान है, लेकिन दिल्ली में शासित आम आदमी पार्टी मस्त है: भारद्वाज**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण** से बिगड़ते हालात पर सरकारें अपनी जवाबदेही से नहीं भाग सकती। यह कहना है करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज का। उन्होंने आगे बताया कि अक्टूबर माह के शुरूआत से ही दिल्ली में वायु प्रदूषण का ग्राफ दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। जिसको लेकर राजनीतिक बयान बाजी भी जोरो पर है और इसी मुद्दे पर आदेश भारद्वाज का कहना है कि जिस तरह से बरसाती मौसम से पहले भाजपाई नेता और दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय जलजमाव न होने देने और जल निकासी के बहुत बड़े-बड़े दावे कर रही थी लेकिन जब बरसात हुई तो उनके सभी दावों की पोल खुल गई, ठीक उसी



तरह दिल्ली सरकार और उनके पर्यावरण मंत्री गोपाल राय विंटर एक्शन प्लान लॉन्च करने की बात कर रहे थे, ग्रीन वार रूम तैयार होने की भी बात कर रहे थे। कहां है वह सब पिछले तीन हफ्तों से दिल्ली में दिनों दिन प्रदूषण बढ़ता जा रहा है तो अब गोपाल राय कभी हरियाणा कभी राजस्थान में जलाई जाने वाली पराली को दोषी ठहरा रहे हैं। आनंद विहार, विवेक विहार, बुराड़ी और जहांगीर पुरी जैसे इलाके हॉट स्पॉट बने हुए हैं। चूंकि मैं स्वयं बुराड़ी क्षेत्र का निवासी हूं तो क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण पर साफ-साफ महसूस कर सकता हूं कि क्या कारण हो सकते हैं। सड़को का टूटे होने से उड़ती धूल, टूटी सड़को से ट्रैफिक जाम में फंसी गाड़ियों के उत्सर्जन, कच्ची कालोनियों में जमा हुए गंदे पानी, कूड़े कचरे का निरस्तीकरण ना होना, नालियों और नालों के जाम होने से कीचड़ युक्त पानी का सड़को पर फैलना और जहांगीरपुरी और करनाल बाईपास के पास बने कूड़ो के पहाड़ से फैलने वाले प्रदूषण से क्षेत्र के हालात ज्यादा खराब कर दिए हैं। जिसका सीधा-सीधा असर बुजुर्गो, गर्भवती महिलाओं और बच्चों पर देखने को मिल रहा है।

हालांकि कई स्कूल प्रबंधकों ने बच्चों को मास्क पहनकर स्कूल आने के निर्देश जारी कर दिए हैं लेकिन फिर भी मैं चाहता हूं कि पांचवीं कक्षा के छोटे बच्चों की ऑनलाइन कक्षाएं चालू करवा दी जाए क्योंकि अगले सप्ताह दिवाली आ रही और पटाखे चलने से प्रदूषण जरूर ही और गम्भीर रूप से बढ़ेगा जिससे बच्चों पर इसका नुकसानदेह असर जरूर पड़ेगा।

## ऑथर्स गिल्ड ऑफ इंडिया का वार्षिक अधिवेशन हुआ संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: तमिलनाडु** की राजधानी चेन्नई में ऑथर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के स्वर्ण जयंती वर्ष में दो दिवसीय 47वां अधिवेशन इंडियन रेपोग्राफिक राइटरस ऑगेर्नाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में 19-20 अक्तूबर को संपन्न हुआ। शंकरलाल सुंदरबाई शसुन जैन महिला महाविद्यालय के सभागार में आयोजित वार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ क्लासिकल तमिल के डायरेक्टर प्रोफेसर आर चंद्रशेखर ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। अधिवेशन की अध्यक्षता पद्मश्री डॉ श्याम सिंह शशि ने की। मंचस्थ सभी विशिष्ट अतिथि का स्वागत शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बधाई देते हुए प्रोफेसर आर चंद्रशेखर ने हिंदी में कहा कि कादम्बिनी के संपादक महर्षि राजेंद्र अवस्थी जी की सोच आज वट वृक्ष की भांति बढ़कर विभिन्न भाषाओं के साहित्यकारों को सम्मिलित कर संपूर्ण भारत का प्रतिनिधित्व करती है।

## कॉलेज के छात्रों ने बच्चों को बताया दीपावली का महत्व

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: ज्ञान आधार** वेलफेयर सोसाइटी के शालीमार बाग केंद्र के बच्चों के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय के सत्यवती कॉलेज से जुड़े नारी सशक्तिकरण केंद्र के छात्रों द्वारा दीपावली का त्योहार मनाया गया।

सत्यवती कॉलेज के लगभग 29 बच्चो ने इसमें भाग लिया। राम बाग केंद्र की अध्यापिका उषा झा और सभी 54 बच्चों द्वारा इन सभी छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। इस दौरान अभिषेक भी उपस्थित रहे और उन्होंने बच्चों से बातचीत करते हुए दीपावली के इस आयोजन का भरपूर मजा लेने की सलाह दी। इसके बाद सत्यवती कॉलेज के सभी छात्रों और



छात्राओं ने मिलकर हमारे नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों के साथ राम जन्म से लेकर राम-रावण विजय और अयोध्या पुनरागमन तक की पूरी कहानी को विस्तार से साझा किया। एक छात्र ने मानव मूल्यों दया, ममता, संकल्प, स्नेह, भाईचारा और मिलजुल कर रहने के महत्व को समझाया तथा राम के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है? इस विषय पर बातचीत की। एक अन्य छात्र ने हम दीये क्यों जलाते हैं? इस प्रश्न का सटीक ढंग से उत्तर दिया और इकोफ्रैंडली दीवाली हम कैसे मनाए इस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि घर साफ रखकर, झालरों से सजाकर, मिट्टी के दीपक जलाकर, मिठाई बांटकर, आपस में मिलजुल कर भी हम दीपावली के त्योहार पर खुशियां मना सकते हैं। एक अन्य छात्र ने समानता के महत्व को समझाते हुए सामान अधिकारों के प्रति जागरूक रहने को प्रोत्साहित किया। वहीं दूसरी ओर असमान व्यवहार होने पर आवाज उठाने हेतु आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के भेदभाव को नहीं सहना चाहिए, उसका विरोध करना चाहिए। अंत में सभी बच्चों को मिट्टी के दीये रंगों से सजाने हेतु दिए गए और ग्रुप बनाकर लगभग सभी छात्रों द्वारा दीए रँगने की कला से रूबरू कराया गया। बच्चों ने उत्साह पूर्वक इस एक्टिविटी में भाग लिया और लगभग सभी ने देखते ही देखते दीयों को मनमोहक तरीके से अनेक रंगों से सजा कर सुंदर बना दिया। सत्यवती कॉलेज के छात्रों द्वारा ही दीये, रंग एवम ब्रश प्रदान किए गए। इस दौरान सभी छात्रों ने अपने अनुभव को अत्यंत बेहतरीन बताया। बच्चों के उत्साह और सहभागिता की सराहना की तथा ज्ञान आधार से पुनः जुड़ने की इच्छा जाहिर की। सत्यवती कॉलेज के छात्रों ने लगभग सभी विद्यार्थियों को एक पैन, एक कॉपी और एक चॉकलेट सस्नेह भेंट की।



दिल्ली पुलिस द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में सम्मानित होते हुए एडवोकेट अमन कुमार।

## कथा का श्रवण ध्यान पूर्वक करना चाहिए: सुरेन्द्र खर्ब





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के** जहांगीरपुरी इलाके में भव्य रूप में कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर कथा वाचक उमेश दूबे ने भक्तों को कथा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने कहा कि सभी को कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है। इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे यह भी बताया कि सभी को कथा का आयोजन करवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं कथा के आयोजको का भी धन्यवाद करता हूं। इस मौके पर कई लोगों ने भी विचार रखें।

## आप के प्रति जनता का हुआ मोह भंग: देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में अरविन्द केजरीवाल सरकार द्वारा पिछले 11 वर्षों में जनता की अनदेखी व उनके प्रति निष्क्रियता के कारण आम आदमी पार्टी के प्रति जनता का मोह भंग हो चुका है और विकासपुरी में भीड़ द्वारा अरविन्द केजरीवाल के विरोध करने की घटना को आम आदमी पार्टी ने हमला करार देकर एक बार फिर जनता से सहानूभूति बटौरने वाला इवेंट बनाकर पेश किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल, मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के नेताओं का भ्रष्टाचार सबके सामने है कि इन्होंने अपने काम सिद्ध करने के अलावा कुछ नहीं किया है।



देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में अरविन्द केजरीवाल और उनके विधायकों द्वारा निकाली जा रही पदयात्राओं या चुनावी कार्यक्रमों में जनता सामने आकर इनका विरोध कर रही है, क्योंकि केजरीवाल न पूरी हो सकने वाली योजनाओं की चर्चा तो कर है, लेकिन 11 वर्षों में दिल्ली 50 वर्ष पीछे पहुंच गई इसका जवाब किसी के पास नही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता पूरी तरह समझ चुकी है कि अरविन्द केजरीवाल चुनावों से पहले उनसे खोखले वादे करके वोट तो हासिल कर लेते है परंतु जनता की मूलभूत सुविधाओं पर अगले 5 वर्ष तक कोई ध्यान नहीं देते। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली की सत्ता के लिए आम आदमी पार्टी और भाजपा में चल रहा आपसी द्वंद दिल्ली की जनता अच्छी समझ चुकी है और एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप की औछी राजनीति से जनता भी तंग आ चुकी है। क्योंकि केन्द्र और राज्य के दोनों सत्तादल राजधानी में वायु और जल प्रदूषण, बिजली दरों में बढ़ोत्तरी, गंदा पानी, जल भराव, बदहाल सड़के, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था, पेंशन, राशन, नालों और नालियों, जहां झुग्गी वाही मकान, अनाधिकृत कालोनियों, पुनर्वास कॉलोनियों, झुग्गी झोपड़ी में मूलभूत समस्याओं के निदान के लिए कोई काम नहीं किया है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार की सत्ता पर आसीन आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविन्द केजरीवाल ने स्वयंभू वाली नीति और दिल्ली छोड़ दूसरे राज्यों में राजनीति के प्रसार में व्यस्त रहने के कारण राजधानी का इन्फ्रास्ट्रक्चर पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।

उन्होंने कहा कि दिल्ली को नशे की राजधानी बनाने के लिए बनाई गई शराब नीति में हुए हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार के आरोप में 6 महीने जेल रहने के बावजूद केजरीवाल दिल्ली वालों से माफी मांगने की बजाय दिल्लीवालों को भ्रमित करने की राजनीति कर रहे है।

# ब्राह्मण संसद में परशुराम मंदिर के लिए एक एक करोड़ रु दे ब्राह्मण विधायक: जयहिंद

**प्रेसवार्ता**

**▶▶विपक्ष जनता के मुद्दे 5 महीने नही 5 साल सड़क पर उतरकर उठाए :नवीन जयहिंद**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
गत शनिवार को जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद जींद पहुंचे और एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए ब्राह्मण समाज द्वारा ब्राह्मण विधायकों के लिए बनाए जा रहे ब्राह्मण ससद समारोह के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जींद में ब्राह्मण समाज द्वारा मनाए जा रहे ब्राह्मण संसद



समारोह बारे सुनने में आया है ब्राह्मण विधायक रोहतक स्थित गौड़ ब्राह्मण संस्था पहरावर की जमीन पर संस्था द्वारा बनाए जा रहे भगवान परशुराम मंदिर , स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल के लिए एक एक करोड़ रु देने का ऐलान कर रहे है जो कि दो साल पहले हरियाणा की 36 बिरादरी ने मिलकर सरकार से फरसे के दम पर ली थी वहीं जयहिंद ने बताया कि ब्राह्मण संसद में गौड़ ब्राह्मण संस्था के चुनाव को लेकर भी चर्चा होने जा रही है
जयहिंद ने रोहतक स्थित गौड़ ब्राह्मण संस्था पहरावर जमीन पर बनाए जा रहे भगवान परशुराम मंदिर, स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल के लिए ब्राह्मण समाज के विधायको द्वारा एक एक करोड़ रु देने की बात सुनना ब्राह्मण समाज के लिए सराहनीय है वहीं जयहिंद ने ब्राह्मण समाज के सबसे बुजुर्ग विधायक दादा राम कुमार गौतम को भी कुछ बड़ा पद देने बारे सरकार से अपील की ताकि बुजुर्ग ब्राह्मण का मान सम्मान बना रहे पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए जयहिंद ने बताया कि हरियाणा में वर्तमान में ब्राह्मण समाज के 8 विधायक हैं और एक एक विधायक अगर एक करोड़ रु दे रहा हैं तो लगभग 8 करोड़ रु बन जाएगा जिससे पहरवार स्थित गौड़ ब्राह्मण संस्था पर 36 बिरादरी के शिक्षा और इलाज के लिए काम शुरू हो जाएगा जयहिंद ने बताया कि अब देखने वाली बात हैं कि हरियाणा में 8 ब्राह्मण विधायक में 2 कैबिनेट मंत्री होने के बावजूद कितने डीसी, एसपी, वीसी या फिर बड़े बड़े पदों पर समाज को प्रतिनियुक्ति होती है
वही हरियाणा में पिछले दिनों लगभग 25 हजार बेरोजगारों की लिस्ट लगाई गई 25 हजार बेरोजगारों की नौकरियों के मामले को लेकर जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद ने काफी सड़क पर संघर्ष किया और कहा कि 25 हजार बेरोजगार द्वारा जो पहले ग्रुप डी में चयनित हो चुके थे और अब ग्रुप सी की नौकरी ज्वाइन कर चुके हैं सरकार को जल्द से जल्द ग्रुप डी भर्ती की वेटिंग लिस्ट लगानी चाहिए ताकि हरियाणा के बेरोजगारों की काली दिवाली ना बने उनके घर भी रोशनी हो वही जयहिंद ने हरियाणा में पराली जलाने के चलते किसानों पर दर्ज हो रहे मुकदमों को सरकार द्वारा किसानों पर नाइंसाफी बताया।

# दीक्षांत समारोह का आईटीआई में भव्य आयोजन

**शिरकत**

**▶▶स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के के प्रबंधक समीर कुमार साहा ने बतौर मुख्यातिथी के रूप में शिरकत की**



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खरखौदा में शनिवार को दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह मे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खरखौदा शाखा के शाखा प्रबंधक समीर कुमार साहा ने बतौर मुख्यातिथी के रूप में शिरकत की। समारोह की अध्यक्षता संस्थान प्रिंसिपल संदीप कुमार अहलावत द्वारा की गई। समारोह में विभिन्न 17 ट्रेडों में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे पासशुदा 51 छात्र-छात्राओं को मुख्यातिथी एवं अध्यक्ष द्वारा सटिफिकेट एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खरखौदा की और से मोमेंटो देकर धन्यवाद सहित सम्मानित किया गया। इस दौरान स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक समीर कुमार शाह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए भारत सरकार की विभिन्न लाभकारी योजना के बारे में जानकारी दी एवं भारतीय हॉकिंग प्रणाली द्वारा छात्र-छात्राओं को लघु उद्योगों को शुरू करने के लिए दिए जाने वाले सीजीटीएमएसई के बारे विस्तार से बात की और बच्चों को भविष्य में मैं नौकरी एव स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। अंत में प्रिंसिपल संदीप कुमार एवं स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक समीर कुमार शाह ने मेरिट प्राप्त छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और भविष्य में हर संभव सहायता देने समीर कुमार द्वारा का आश्वासन दिया। वही इसी दौरान संस्थान में पौधा रोपण भी किया गया। समारोह में कार्यालय अधीक्षक राजेन्द्र नांदल वर्ग अनुदेशक सुरेंद्र हुड्डा एवं बिजेन्द्र औ? अन्य स्टाफ मेंबर मौजूद रहे।

# पूर्व कांग्रेस विधायक ने सीएम नायब सैनी पर साधा निशाना

## कहा-हमें भी पता है माइनिंग कहां होती है, निष्पक्ष जांच कराइए, आपकी भी और मेरी भी

**निशाना**

**▶▶करनाल क्षेत्र से आने वाले स्पीकर के विधानसभा में बैठने से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले की असंध विधानसभा से पूर्व कांग्रेस विधायक शमशेर गोगी ने नई सरकार और नए स्पीकर को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि करनाल क्षेत्र से आने वाले स्पीकर के विधानसभा में बैठने से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने स्पीकर हरविंदर कल्याण को सज्जन व्यक्ति बताया।
कांग्रेस की हार के सवाल पर उन्होंने जवाब दिया कि प्रदेश में कोई प्रदेश कांग्रेस थी ही नहीं। किसी की तरफ से एक भी प्रयास नहीं हुआ और कांग्रेस में जो चेहरे आगे चल रहे थे, जिनके नाम पर सरकार आ रही थी, उनके सभी समर्थक इसके खिलाफ थे।
शमशेर गोगी ने कहा कि अब हाईकमान विपक्ष का नेता बनाएगा। अगर कोई मुझसे सलाह लेगा तो मैं कुछ बताऊंगा, लेकिन कोई मुझसे सलाह क्यों लेगा, क्योंकि मैं तो पहले ही हार चुका



हूं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बनने की इच्छा पर गोगी ने कहा कि मैंने तो उदाहरण दिया था कि पार्टी मुझे तीन साल के लिए अध्यक्ष बना दे, उसके बाद कोई भी बन सकता है। लेकिन अब अगर पार्टी बनाना चाहते हैं तो बना सकते हैं। मुझमें कोई कमी नहीं है। मैं भी पुराना कार्यकर्ता हूं और काबिल हूं।
गुटबाजी के सवाल पर गोगी ने कहा कि कहीं कोई गुटबाजी नहीं है, टिकटों को देखा जाए तो वे वन-वे ट्रैफिक की तरह हैं। अगर गुटबाजी होती तो आधे टिकट शैलजा के गुट को मिलते। कुछ नेता कहते हैं कि शैलजा की वजह से नुकसान हुआ है, लेकिन वही नेता कहते थे कि शैलजा के पल्ले तो कुछ है ही नहीं। अब आप ही बताइए कि शैलजा की वजह से नुकसान कैसे हुआ? 36 बिरादरियों ने भी मुझे वोट दिया है।
मौजूदा विधायक के गांव सरपंच के पति के बारे में गोगी ने कहा कि उसने एक वीडियो डाला है, जिसमें बोला गया है कि अच्छा हुआ भाजपा जीत गई। अगर ठरी वाला गोगी जीत जाता तो यहां पर खालिस्तान हो जाता। इस मानसिकता से लोग रह रहे हैं। बटोगे तो कटोगे, अगर इस मानसिकता का प्रचलन बढ़ेगा तो देश व समाज को नुकसान होगा।
सीएम सैनी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मैं निचले स्तर की मानसिकता वाली राजनीति नहीं करता। हमें भी पता है कहां माइनिंग होती है और कहां पर कॉलोनियां काटी जाती हैं। अगर नहीं है तो निष्पक्ष जांच करवा लें, अपनी भी और मेरी भी।
बढ़ते प्रदूषण के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह धुंआ पराली का नहीं, बल्कि फैक्ट्रियों का है। सरकार प्रदूषण पर कंट्रोल करने में विफल रही है। किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है। किसान की धान का भी रेट सही नहीं मिल रहा। किसानों के साथ बदले की भावना से काम किया जा रहा है। पंजाब और झारखंड में उपचुनाव के सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर ईमानदारी से इलेक्शन होगा तो 100 प्रतिशत कांग्रेस जीतेगी।

# मंडियों में 7 लाख 86 हजार 275 मीट्रिक टन धान की हुई आवक : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला में धान की खरीद का कार्य जारी है। अब तक जिले की मंडियों में 7 लाख 86 हजार 275 मीट्रिक टन धान की खरीद सरकारी एजेंसी द्वारा की गई। खरीदी गई धान का उठान तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि धान की खरीद का कार्य जिले में 15 मंडी/परचेज सेंटरों पर किया जा रहा है।

# बाबा कालोनी व मोहननगर की जलभराव की समस्या होगी दूर।

**जलभराव**

**▶▶बाबा कालोनी की तरफ से राजीव नगर की तरफ सीवरेज लाइन को जोड़ दिया गया है**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
विधायक निखिल मदान शनिवार को बाबा कालोनी रेलवे अंडरपास पर पहुँचे जहाँ उन्होंने रेलवे द्वारा रेलवे ट्रैक के नीचे से सीवरेज लाइन जोड़ने के कार्य का निरीक्षण किया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि बाबा कालोनी और मोहन नगर में सीवरेज पानी की निकासी ना होने की वर्षों पुरानी समस्या



जल्द दूर होगी। बाबा कालोनी की तरफ से राजीव नगर की तरफ सीवरेज लाइन को जोड़ दिया गया है।
मेन होल बनाने का भी अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है। जल्द ही लाइन को चालू करके बाबा कालोनी और मोहन नगर की पानी निकासी की समस्या दूर की जाएगी।
वहीं विधायक निखिल मदान ने समस्त सोनीपत विधानसभा निवासियों को कल रविवार 27 अक्तूबर को आयोजित किए जा रहे दीपावली मिलन समारोह का भी निमंत्रण दिया। निखिल मदान ने कहा कि वह सभी शहर वासियों को रविवार को मुरथल रोड पर यूनीक गार्डन में सुबह 11 बजे आयोजित किए जा रहे दीपावली मिलन समारोह के लिए भी निमंत्रण देते हैं और आशा करते हैं सभी शहर वासी उनके साथ मिलकर दीपावली का पर्व मनाएंगे।इस मौके पर पूर्व पार्षद प्रमोद शर्मा, कुलदीप वत्स, रिंकू,देवेंद्र त्यागी, बलराम, उमेश, संजू पहलवान आदि लोग मौजूद रहे।

# फसल अवशेष जलाना कानूनी अपराध: डीसी

**सख्त**

**▶▶जिला प्रशासन फसल अवशेष व पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए पूरी तरह से सख्त है।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**
डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन फसल अवशेष व पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए पूरी तरह से सख्त है। हरसेक पर आगजनी की लोकेशन मिलने पर जिला प्रशासन की ओर से संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। सरकार द्वारा प्रदेश में फसल अवशेष जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त निर्णय लिए गए हैं।उन्होंने बताया कि सीक्यूएम के निर्देशों के अनुसार, चालू सीजन के दौरान धान की फसल के अवशेषों को जलाने वाले किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है। इसके अलावा धान की फसल के अवशेष जलाने वाले किसानों के मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के रिकॉर्ड में रेड एंट्री दर्ज की जाएगी।
आनलाइन लॉगिन में इसके लिए प्रावधान दिया जा चुका है। इससे किसानों को अगले दो सत्रों के दौरान ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से मंडियों में अपनी फसल बेचने पर प्रतिबंध रहेगा।
उन्होंने कहा कि जिले में संबंधित एसडीएम की देखरेख में रेड जोन व येलो जोन सहित जिन गांवों में धान की फसल बोई गई है, उन गांवों में गांव अनुसार कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों, गांव के पटवारी, ग्राम सचिव, नोडल अधिकारियों, राजस्व व पंचायत विभाग के अधिकारियों, पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की इंफोर्समेंट, सुपरविजन व मॉनिटरिंग के लिए ड्यूटी निर्धारित की गई है, जो लगातार निगरानी रखने के साथ-साथ किसानों को पराली न जलाने को लेकर जागरूक भी कर रहे हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी और सीएम नायब सैनी की जोड़ी करेगी चौतरफा विकास: जगमोहन आनंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम नायब सिंह सैनी की जोड़ी प्रदेश में चौतरफा विकास करेगी। पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में भी डबल इंजन की सरकार ने बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों की झड़ी लगाकर रखी। इस तीसरे कार्यकाल में और तेज गति से प्रदेश और करनाल में विकास कार्य होंगे।
विधायक ने कहा कि हमारे लिए बड़े हर्ष की बात है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के 2.80 करोड़ परिवारजनों की तरफ से, भारत ही नहीं विश्व के सबसे बड़े नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दीपावली की हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने आज भी प्रदेश के विकास से जुड़े विषयों पर प्रधानमंत्री से चर्चा की और उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रधानमंत्री ने तीव्र गति से विकास की गति को बढ़ाने के निर्देश दिए हैं, इसमें उन्होंने पूर्ण सहयोग देने की बात कही है।



**बधाई**

**▶▶प्रदेश के 2.80 करोड़ परिजनों की ओर से मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को दी दीवाली की हार्दिक बधाई**

उन्होंने कहा कि करनाल में भी विकास कार्यों को गति मिलेगी। करनाल शहर से जुड़ी जो भी समस्याएं हैं, उन पर गहराई से विचार करके जल्द से जल्द दूर किया जाएगा। करनाल शहरवासियों के आमजन से जुड़े मुद्दों और विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

# विधवा महिलाओं के लिए तीन लाख तक के ऋण की योजना शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा विधवा महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए व्यक्तिगत कारोबार स्थापित करने हेतू बैंकों के माध्यम से 3 लाख रुपये तक के ऋण दिलवाने की योजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत जिला करनाल के लिये 60 केसों का लक्ष्य रखा गया है।
निगम के जिला प्रबन्धक जगजीत सिंह ने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा चलाई जा रही स्कीम के अन्तर्गत जिन महिलाओं की वार्षिक आय 3 लाख रुपये तक तथा आयु 18 से 60 वर्ष है। इस स्कीम की पात्र होगी, जिसमे कुल ऋ ण का 10 प्रतिशत हिस्सा महिला को स्वयं वहन करना होगा तथा शेष राशि बैंकों के माध्यम से दी जाएगी।
उन्होंने बताया कि बैंक ऋ ण के ऊपर लगे ब्याज की प्रतिपूर्ति हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा सब्सिडी के रुप में अदा की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 50 हजार रुपये व अवधि 3 वर्ष, जो भी पहले होगी। विभिन्न क्रियाकलापों के लिये जैसे कि बुटीक, सिलाई-कढ़ाई, आटो, ई-रिक्शा, मसाला/ आचार इकाइयों खाद्य प्रसंस्करण, कैरी बैग का निर्माण, बेकरी, रेडीमेंट्स गारमेंटस, कम्पयूटर जांच वर्क्स इत्यादि तथा अन्य किसी भी कार्य, जिसको महिलाएं करने सक्षम हो, उन सभी कार्यों के लिए ऋ ण देने से पूर्व ट्रेनिंग भी करवाई जाएगी,

# गुरुग्राम: महिलाओं की कारीगरी का कुंभ है सरस मेला

**मेला**

**▶▶-सरस आजीविका मेला-2024 में ये सौगात लेकर आया है पलवल का न्यू किरन ग्रुप**

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
यहां सेक्टर-29 में सरस आजीविका मेला-2024 में अलग-अलग राज्यों से अपनी स्टॉल लेकर पहुंचे सेल्फ हेल्प ग्रुप व लखपति दीदियों ने अपने उत्पादों के माध्यम से लोगों तक पहुंच बनाई है। त्योहारी सीजन में मेले की शुरूआत के साथ ही लोगों की पहले दिन काफी भीड़ लग रही है। इस बार सरस मेले



की विशेषता यह है कि यहां राज्यों के अनुसार ही पैवेलियन बनाए गए हैं, ताकि ग्राहकों को एक ही पैवेलियन में उस राज्य से संबंधित उत्पाद मिल जाएं।
हर तकनीक में आगे बढ़ रहा हरियाणा की हम बात करें तो यहां के लोग किसी भी क्षेत्र में कमी नहीं है। ऐसे ही प्रतिभा के धनी एक दंपत्ति क्रिस्टल के प्रोडक्ट लेकर सरस मेले में पहुंचे हैं। पलवल के औरंगाबाद गांव निवासी केसर पत्नी राजेंद्र ने अपने न्यू किरन ग्रुप की स्टॉल लगाई है। वर्ष 2017 से उनका यह ग्रुप काम कर रहा है। 10 महिलाएं उनके ग्रुप में हैं। न्यू किरन ग्रुप को क्रिस्टल के तरह-तरह के प्रोडक्ट बनाने में महारत हासिल है। क्रिस्टल के प्रोडक्ट को यहां प्रदर्शित करके लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। कहने को भले ही ये प्रोडक्ट हों, लेकिन मुंह बोलती कलाकृतियां हैं। क्रिस्टल के कृष्णा, राधा-कृष्णा, गणेश जी, शिवलिंग हैं, जो आपके मंदिर में एक खास लुक देंगे। मंदिर की चमक इन कलाकृतियों से कुछ अलग ही नजर आएगी। क्रिस्टल का ही पेन भी इस स्टॉल पर मिल रहा है, जो आपके दफ्तर के पेन स्टैंड में सबसे अलग नजर आएगा।

## हिसार में स्कूल चौकीदार ने की आत्महत्या

**हिसार** नजदीकी गांव मोठसरा के सरकारी स्कूल के चौकीदार ने स्कूल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले राजेश ने सुसाइड नोट लिखा जिसमें स्कूल के हेडमास्टर, अध्यापक और चपरासी पर तंग करने के आरोप लगाए गए हैं। चौकीदार ने लिखा है कि ये स्कूल की सफाई और बाथरूम साफ करने के लिए मजबूर करते थे जिसके चलते वह परेशान रहता था।

# करनाल सहकारी चीनी मिल लिमिटेड की आठवीं आम सभा की हुई बैठक

**मीटिंग**

**▶▶मीटिंग में किसानों ने मिल का पिराई सत्र 12 नवम्बर को चलाने की मांग रखी गई,**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**
दी करनाल सहकारी चीनी मिल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हितेन्द्र कुमार ने बताया कि करनाल सहकारी चीनी मिल लिमिटेड की गत दिवस को आठवीं आम सभा की बैठक मिल प्रांगण में हुई। इस मीटिंग में लगभग 250 किसानों/शेयर धारकों एवं प्रबन्धक



निदेशक मण्डल ने भाग लिया। बैठक में निम्नलिखित मदों को अनुमोदित किया गया। उन्होंने बताया कि पिछली आम सभा की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि करना, वर्ष 2022-20 और वर्ष 2023-24 की समिति की कार्यप्रणाली की समीक्षा करना, वर्ष 2022-23 और वर्ष 2023-24 तक के लेखा विवरण व लाभ हानि रिर्पोट पर विचार व अनुमोदन करना, वित्तिय वर्ष 2024-25 के अनुमानित वार्षिक सामान्य बजट का अनुमोदन करना शामिल हैं।
उन्होंने बताया कि मिल में आयोजित आम सभा की मीटिंग में किसानों ने मिल का पिराई सत्र 12 नवम्बर को चलाने की मांग रखी गई, जिसके लिए मिल प्रबन्धन ने नवम्बर माह के तीसरे सप्ताह में पिराई सत्र आरम्भ करने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त किसानों द्वारा अगली आम सभा मीटिंग के मदों को सभी शेयर धारको को मदों की प्रतियां मीटिंग होने से पूर्व लिखित रूप में उपलब्ध करवाने की मांग रखी, जिसके लिए प्रबन्धन ने एक व्हाट्सएप के माध्यम से सभी शेयरधारको तक पहुंचाने की मद को स्वीकार कर लिया। किसानों ने प्रबन्धन के सामने यह भी मांग रखी की जिन मिल शेयरधाराकों की मृत्यु हो गई है। उनके वारिसों के नाम 31 मार्च 2025 तक मिल रिकार्ड में दर्ज कराए जांए, जो कि मिल प्रबन्धन ने स्वीकार कर ली।मिल प्रबन्धक ने किसानों की बेहतरी के लिए गन्ने की पैमेन्ट 3 दिनों के अन्दर करने व मिल में नया सीएनजी प्लांट लगाने एव किसानों द्वारा गन्ना छिलाई के लिए हारवेस्टिंग सिस्टम की डिमांड रखी गई है, जिस पर मिल प्रबन्धक ने किसानों की आपसी सहमति के बाद यह सुविधा प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस पर मौजूद निदेशक मण्डल ने भी अग्रिम अनुमोदन किया।

# वाहन चोर को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर किया गिरफ्तार, मोटरसाईकिल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**
एंटी आटो थेफ्ट टीम द्वारा वाहन चोरी के मामले में जेल में बंद आरोपी विजय पुत्र जगदीश वासी नेवल थाना कुन्जपुरा करनाल को 25 अक्तूबर को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान की गई पूछताछ के आधार पर आरोपी के कब्जे से एक चोरी की मोटरसाईकिल बरामद की गई। आरोपी द्वारा यह मोटरसाईकिल



थाना सैक्टर 32-33, करनाल के क्षेत्र से चोरी की गई थी, जिसके संबंध में पहले से ही उक्त थाना में मुकदमा दर्ज है।
टीम इन्चार्ज उप निरीक्षक रोहताश सिंह ने बताया कि उनकी टीम द्वारा पिछले महीने ही आरोपी को वाहन चोरी के मामलों में गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ पर आरोपी ने दोपहिया वाहन चोरी की 5 वारदातों के संबंध में खुलासा किया था।
उनकी टीम द्वारा आरोपी से 4 मोटरसाईकिल पहले ही बरामद कर ली गई थी और अब उसे प्रोडक्शन वारंट पर लेकर यह 5वीं मोटरसाईकिल भी बारामद कर ली गई है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



फास्ट न्यूज

## केजरीवाल को रास्ते से हटाना चाहती है भाजपा : सिसोदिया

**हरिद्वार :** दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर करारा हमला बोला और गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने अरविंद केजरीवाल पर हुए हमले के लिए भाजपा को जिम्मेदार बताया और कहा कि अरविंद केजरीवाल को रास्ते से हटाने के लिए भाजपा कुछ भी कर सकती है। इसके लिए तरह-तरह की हरकतें करती रही है। पहले उन पर झूठे मुकदमे लगाए गए और उन्हें जेल भेजा गया, लेकिन जब इन सबसे भी काम नहीं बना तो इस बार दो गुंडों को भेजकर अरविंद पर जानलेवा हमला करवाया। साथ ही उन्होंने कहा कि यह दोनों हमलावर भाजपा के पदाधिकारी हैं। दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर आए मनीष सिसोदिया ने शनिवार को हरिद्वार के सैनी आश्रम में आयोजित गढ़वाल मंडल कार्यकर्ता सम्मेलन संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा कुछ भी करती रहे, लेकिन अरविंद केजरीवाल काम करने की राजनीति करते हैं। अरविंद केजरीवाल के काम करने के तरीकों को दिल्ली की जनता अच्छी तरह से जानती है। उत्तराखंड में होने वाले निकाय चुनाव पर मनीष सिसोदिया ने कहा कि हरिद्वार ही नहीं, पूरे उत्तराखंड में आम आदमी पार्टी को लेकर कार्यकताओं में जोश है। पार्टी इस बार निकाय चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेगी।

## अवैध कीड़ा जड़ी के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार


**गोपेश्वर : चमोली** जिले के नंदानगर थाना पुलिस की ओर से शुक्रवार की रात्रि को मुखबीर की सूचना पर 130 ग्राम अवैध कीड़ा जड़ी के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्य के लिए प्रयुक्त वाहन को सीज कर दिया गया है। वर्चुअल थाना पुलिस गोपेश्वर की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, चमोली के पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार की ओर से भारतीय वन अधिनियम के अंतर्गत प्रतिबंधित अवैध वन संपदा की तस्करी पर रोकथाम और अवैध तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों की धर पकड़ हेतु कड़ी कार्रवाई किये जाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। वन्य उपज की तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए गठित टीम की ओर से शुक्रवार की रात्रि को मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान सुतोल रोड सगोला के पास वाहन संख्या एचआर 30 वाई-6579 को रोका गया, जिसके वाहन चालक निवासी चांदहट हरियाणा राजेश पुत्र किशन लाल की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 130 ग्राम अवैध कीड़ा जड़ी (यारसा गम्बू) बरामद हुई।

# सीएम ने सफाई मित्रों को दिए उपहार

### शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में नींव के पत्थर होते हैं सफाईकर्मी: मुख्यमंत्री

विकास पर बल

▸▸ आज गोरखपुर की पहचान साफ सुथरे वातावरण और सुंदर चौड़ी सड़कों से : सीएम योगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सफाईकर्मी नींव के पत्थर होते हैं। आज गोरखपुर स्वच्छ और सुंदर महानगर बन गया है तो इसका सर्वाधिक श्रेय स्वच्छता के वाहक सफाई कर्मचारियों को ही जाता है। दीपावली के उपलक्ष्य में सफाई कर्मचारियों के सम्मान का जो कार्य गोरखपुर नगर निगम कर रहा है उसे प्रदेश के अन्य निकायों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। सीएम योगी शनिवार शाम राप्ती नगर के अंबेडकर पार्क में नगर निगम की तरफ से आयोजित सफाई मित्र सुरक्षा सम्मेलन और सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में सफाई मित्रों को मुख्यमंत्री ने प्रमाण पत्र और मिठाई का उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी लोगों को दीपोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके लिए यह अत्यंत प्रसन्नता का क्षण है कि दीपावली के मुख्य पर्व से गोरखपुर महानगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सर्वाधिक भूमिका निभाने वाले सफाईकर्मियों को सम्मानित करने का अवसर मिला है। आज पूरा गोरखपुर इन सफाईकर्मियों के योगदान से स्वच्छ और सुंदर नजर आता है। पहले ऐसी स्थिति नहीं थी। जगह-जगह कूड़ा पड़ा रहता था।

जल जमाव से बच्चे और बुजुर्ग अनेक बीमारियों की चपेट में आते थे। गंदगी से महानगर की छवि पर बुरा असर पड़ता था। गंदगी और जल जमाव समाप्त होने से गोरखपुर स्वच्छ बना तो बीमारियां भी समाप्त हो गईं। अब गोरखपुर की पहचान गंदगी से नहीं बल्कि साफ सुथरे वातावरण और चौड़ी सड़कों से है। जो यहां आता है यहां का वातावरण और विकास देखकर अभिभूत हो जाता है।

### स्वच्छ भारत मिशन से हो रही गरिमा की रक्षा, हर तबके को मिल रहा लाभ

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि एक मनुष्य होने के नाते संवेदना और सम्मान का जो अधिकार सफाईकर्मियों को मिलना चाहिए था वह उसे नहीं मिल पाया था। आज स्थितियां बदली हैं तो इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया जाना चाहिए। पीएम मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छता के लिए देश की आत्मा को झकझोरने का काम करते हुए स्वच्छ भारत मिशन का अभियान शुरू किया। व्यक्तिगत और सार्वजनिक साफ सफाई के कार्यक्रम को प्रोत्साहित करते हुए इसे एक राष्ट्रीय कार्यक्रम बना दिया। यह सुनिश्चित किया कि खुले में शौच की प्रथा बंद हो। इसके लिए 10 करोड़ से अधिक व्यक्तिगत शौचालय बनाए गए। इसके अलावा ग्राम पंचायतों व अन्य स्थानों पर सार्वजनिक शौचालय बनाए गए। इसका परिणाम यह हुआ कि नारी गरिमा की रक्षा भी हुई और स्वच्छ वातावरण का लाभ समाज के हर तबके को प्राप्त हो रहा है। व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन में स्वच्छता के प्रति परिवर्तन लाने में स्वच्छ भारत मिशन मील का पत्थर बना। मुख्यमंत्री ने कहा कि गंदगी भौतिक हो या अन्य रूप में, उसे वातावरण में स्थान नहीं बनाने देना है। सीएम योगी ने कहा कि आज गोरखपुर की पहचान विकास, स्वच्छता और सुंदरता से बनी है। कुछ वर्ष पूर्व तक बारिश में यह शहर जल प्लावित हो जाता था।

## प्लास्टिक मुक्त होगा महाकुंभ, क्वाइन मशीन से मिलेंगे कॉटन के थैले



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज: महाकुंभ** को स्वच्छ और इको फ्रेंडली बनाने के लिए योगी सरकार नए-नए उपाय कर रही है। लोगों को जागरूक करने से लेकर के मेला क्षेत्र और पूरे प्रयागराज को प्लास्टिक मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अब प्रयागराज नगर निगम पूरे शहर में क्वाइन मशीन की स्थापना कर रहा है। सीएसआर फंड के माध्यम से इन क्वाइन मशीन को स्थापित किया जा रहा है।

इनमें दस रुपए का सिक्का डालने पर नागरिकों को कॉटन के थैले प्राप्त हो सकेंगे। ऑनलाइन पेमेंट करके भी थैले हासिल किए जा सकेंगे। इस पहल से लोगों को प्लास्टिक के बैग इस्तेमाल नहीं करने के लिए प्रेरित किया जा सकेगा और महाकुंभ मेला क्षेत्र के साथ-साथ पूरे प्रयागराज को प्लास्टिक मुक्त बनाने में मदद मिलेगी। नगर आयुक्त सीएम गर्ग ने इस क्वाइन मशीन को लेकर जानकारी दी।

अभियान

▸▸ महाकुंभ को स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए योगी सरकार की नई पहल



सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, सीमा सुरक्षा बल जोधपुर में नव-आरक्षकों के बैच संख्या 255, 256, 257 व पीटीएस द्वितीय की दीक्षान्त परेड समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें कुल 740 नव-आरक्षकों ने भारतीय संविधान के प्रति कर्तव्यनिष्ठ होकर देश की एकता एवं अखंडता को कायम रखने की शपथ ली व खुद को देश के लिए समर्पित किया।

## वसुंधरा राजे लोकप्रिय नेता: बीजेपी प्रभारी

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा है कि वसुंधरा राजे की राजस्थान की राजनीति में भूमिका हमेशा बनी रहेगी। वसुंधरा राजे सिंधिया दो बार राजस्थान की मुख्यमंत्री रही हैं। उन्होंने राजस्थान की राजनीति में बहुत क्रांतिकारी परिवर्तन किया है। वे केंद्र स्तर की मंत्री रही हैं। राजस्थान की बहुत लोकप्रिय नेता थीं और हैं। मुझे लगता है कि आने वाले लंबे समय तक उनकी राजस्थान की राजनीति में भूमिका रहेगी। मुझसे जब भी वे मिली हैं, उन्होंने यही कहा है कि पार्टी ने मुझे 10 साल तक बतौर मुख्यमंत्री काम करने का अवसर दिया।

## प्रदेश से जुड़े मुद्दों पर सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालयों में ठोस पैरवी करें : मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को कहा कि सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय में राज्य से जुड़े विभिन्न विषयों में ठोस पैरवी की जाए। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यमों का अधिकतम उपयोग किया जाये। शनिवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने न्याय विभाग से संबंधित विभिन्न विषयों पर आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड युवा राज्य है।



राज्य के समग्र विकास के लिए हम सबको नई कार्य संस्कृति के साथ आगे बढ़ना है। राज्य की विकास यात्रा में सबको सहयात्री बनकर कार्य करना है। सभी को अपने कार्यों और दायित्वों का पूरे मनोयोग से निर्वहन करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कार्यसंस्कृति में नवाचार जरूरी है, परम्परा से हटकर हमें अभिनव प्रयोग पर अधिक ध्यान देना है। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में संबंधित मामलों में कार्यवाही में तेजी लाने के साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए राज्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर पैरवी मजबूती के साथ हो। राज्य के जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर बेहतर पैरवी के लिए शासन और सरकारी अधिवक्ताओं के बीच नियमित समन्वय होना जरूरी है।

## कपलिंग टूटने से दो हिस्सों में बंटी मालगाड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सागर : मध्य प्रदेश के** सागर जिले में कटनी-बीना रेलखंड के तीसरे ट्रैक पर शनिवार को कोयले से लदी मालगाड़ी कपलिंग टूटने से दो हिस्सों में बंट गई। बताया जा रहा है कि सिंगरौली से मालगाड़ी कोयला लेकर झांसी जा रही थी। इसी दौरान घटना ढाकुर बाबा रेलवे फाटक और सुमरेरी रेलवे स्टेशन के बीच यह हादसा हो गया। कपलिंग टूटने से मालगाड़ी का एक हिस्सा करीब 100 मीटर आगे निकल गया। मालगाड़ी में सबसे पीछे के केबिन में ड्यूटी पर तैनात मालगाड़ी मैनेजर ने वॉकी-टॉकी से लोको पायलट को इसकी सूचना दी।

## विदिशा: सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकराई तेज रफ्तार बस, नौ घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**विदिशा: मध्य प्रदेश** के विदिशा जिले में अंबा नगर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रोजरू के पास शनिवार को एक तेज रफ्तार बस सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकरा गई। इस हादसे में बस में सवार नौ यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मालवा कंपनी की बस बासौदा से सिरोंज जा रही थी। शनिवार सुबह करीब 10 बजे बस चालक ने किनारे खड़े कंटेनर को ओवरटेक करने की कोशिश की, लेकिन सामने से आ रहे एक ट्रक को देखकर उसने बस को साइड में किया, जिससे बस खड़े कंटेनर से टकरा गई। इस हादसे में बस का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की जानकारी लगते ही आसपास के इलाके के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को निकाला। बस में एक युवक बुरी तरह से फंसा हुआ था, उसको ग्रामीणों की मदद से मुश्किल से निकाला और एम्बुलेंस की मदद से घायलों को बासौदा के अस्पताल पहुंचाया।




## स्थानीय सामग्री के उपयोग को करें प्रोत्साहित: मुख्यमंत्री



टीम एक्शन इंडिया
भोपाल: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक बधाई देते हुए मंगलकामना की है कि सभी के जीवन में श्री महालक्ष्मी जी की कृपा बनी रहे। उन्होंने कहा कि दीपावली पर सभी के मन में वोकल फॉर लोकल का भाव रहना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी सभी को वोकल फॉर लोकल के लिये प्रेरित करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से कहा कि दीया-बाती बनाने वालों, साफ-सफाई व श्रृंगार की सामग्री बनाने वालों और ऐसी ही गतिविधियों में स्थानीय स्तर पर लगे व्यक्तियों और उनके परिवारों से मिलकर, दीपावली पर्व के उत्साह और उल्लास का प्रकटीकरण होता है। भगवान श्रीराम ने भी सभी लोगों के साथ मिलकर सभी के कल्याण की कामना के साथ अपना राज्य चलाया। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी स्थानीय सामग्री के उपयोग को प्रोत्साहित करते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव भी दीपावली मनाने के लिए स्वयं बाजार जाकर स्थानीय स्तर पर बनाए गए उत्पाद खरीदेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सबका यह सामूहिक प्रयास हो कि गरीब और मजदूर परिवार का कोई भी सदस्य भूखा न रहे, सबके जीवन में दीपावली का आनंद हो, हम सामूहिक दायित्व के रूप में दीपावली का पर्व मनाएं।

स्वदेशी

▸▸ मुख्यमंत्री भी दीपावली मनाने के लिए स्वयं बाजार जाकर स्थानीय स्तर पर बनाए गए उत्पाद खरीदेंग

